आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 347 | उज्जैन, मंगलवार 30 दिसम्बर, 2025 | पौष शुक्ल 11 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### ताइवान को पांच तरफ से घेरा, सैन्य-अभ्यास शुरू

**बीजिंग।** चीन ने ताइवान को पांच तरफ से घेरते हुए बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। चीनी सेना ने ताइवान के उत्तर, उत्तर-पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और पूर्वी तट के पास अलग-अलग जोन बनाकर लाइव-फायर ड्रिल शुरू की है। चीन की कार्रवाई के जवाब में ताइवान ने भी काउंटर कॉम्बैट एक्सरसाइज शुरू कर दी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसकी थलसेना, नौसेना और वायुसेना को अलर्ट पर रखा गया है। ताइवान ने अपनी सेनाओं को तैनात कर कॉम्बैट-रेडीनेस ड्रिल शुरू की है। ताइवान ने चीन पर क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कमजोर करने का आरोप लगाया है। ताइवान कोस्ट गार्ड के मुताबिक, चीन के सैन्य अभ्यास से जहाजों की आवाजाही और मछुआरों की सुरक्षा पर खतरा पैदा हो गया है।

### इजराइल और यूरोप के साथ जंग की स्थिति में ईरान

**वाशिंगटन।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शनिवार को कहा कि उनका देश अमेरिका, इजराइल और यूरोप के साथ पूरी तरह से जंग की स्थिति में है। यह बयान सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित हुआ। पेजेशकियन ने इस युद्ध को 1980-88 के ईरान-इराक युद्ध से भी ज्यादा जटिल और खतरनाक बताया, जिसमें लाखों लोग मारे गए थे। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान में आर्थिक, सैन्य और राजनीतिक हर तरफ से दबाव बढ़ा है। यह पारंपरिक जंग से कहीं ज्यादा मुश्किल है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ट्रम्प से फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में मुलाकात करने वाले हैं।

### मिमिक्री देख फैंस हुए हैरान

### सुनील ग्रोवर ने आमिर की नकल उतारी



नेटफ्लिक्स पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए सीजन में नजर आ रहे हैं

**मुंबई।** कॉमेडियन-एक्टर सुनील ग्रोवर अपनी कमाल की एक्टिंग स्किल के लिए जाने जाते हैं। कपिल शर्मा के शो में जब भी वो किसी बॉलीवुड स्टार की कॉपी करते हैं तो फैंस के लिए उन्हें पहचानना मुश्किल हो जाता है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा' के लेटेस्ट एपिसोड में सुनील ग्रोवर ने आमिर खान की मिमिक्री की है। सुनील का ट्रांसफॉर्मेशन देख लोगों को यकीन नहीं हो रहा कि वो सिर्फ नकल कर रहे हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का इस वीक का प्रोमो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे अपनी नई फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के प्रमोशन के लिए गेस्ट बनकर पहुंचे हैं। सुनील, आमिर खान के लुक में गेस्ट से बातचीत करने पहुंचे। सुनील आमिर के अंदाज पर कार्तिक-अनन्या की फिल्म का मजाक उड़ाते दिखे। साथ ही शादी पर में जोक क्रैक किया। सुनील के इस वीडियो पर देख फैंस खूब रिएक्शन दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा- 'अरे मुझे लगा असली वाला आमिर आ गया।' कई अन्य फैंस ने भी ऐसा ही रिएक्शन दिया। वहीं, एक अन्य ने लिखा- 'वह खुद आमिर खान से भी ज्यादा आमिर खान जैसे दिखते हैं।' बता दें कि सुनील लंबे समय तक शाहरुख खान की नकल करने के लिए जाने जाते थे। लेकिन ग्रेट इंडियन कपिल शो में अपने पिछले कुछ परफॉर्मेंस के दौरान, उन्होंने सलमान खान, गुलजार, एसएस राजामौली और अन्य स्टार्स की नकल की है। सुनील की वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हे फिल्म इंडस्ट्री में 20 साल से अधिक का एक्सपीरियंस है।

### भारतीयों के प्रोटेस्ट में खालिस्तानियों का हुड़दंग

**लंदन।** लंदन स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर हिंदू समुदाय के एक प्रदर्शन में खालिस्तानी समर्थकों ने हुड़दंग मचाया। भारतीय और बांग्लादेशी हिंदू बांग्लादेश में बढ़ रहे हिंदुओं की मौत और हिंसा से जुड़े मामलों को लेकर 27 दिसंबर को प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच सिख फॉर जस्टिस संगठन एसएफजे से जुड़े खालिस्तानी कार्यकताओं ने वहां आकर भारत विरोधी नारे लगाए और खालिस्तानी झंडे लहराए। खालिस्तानियों के हाथ में पोस्टर थे, जिन पर शहीद निज्जर', शहीद हादी एसेसिनेशनंस बाय मोदी लिखा हुआ था। पोस्टर में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर पर माला चढ़ी हुई थी। खालिस्तानियों ने प्रदर्शनकारियों के साथ धक्का-मुक्की की और भारत विरोधी नारे भी लगाए। उन्होंने भारत सरकार पर हादी को मारने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की रक्षा की मांग कर रहे थे। वे भारत से बॉर्डर खोलने की अपील कर रहे थे ताकि बांग्लादेशी हिंदू हिंसा से बचकर भारत आ सकें। प्रदर्शन में दीपू चंद्र दास और अमृत मंडल की लिंचिंग का जिक्र किया गया।

### तमिलनाडु में मजदूर पर हथियारों से हमला

**तिरूवल्लुर।** तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने अपने अकाउंट पर वीडियो शेयर किया है। इसमें कुछ युवक अन्य युवक की धारदार हथियारों से हमला करते नजर आ रहे हैं। साथ ही विक्ट्री साइन दिखाया। अन्नामलाई ने वीडियो शेयर करते हुए तमिलनाडु की स्टालिन सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए गए हैं। अन्नामलाई ने लिखा- तिरुथानी में काम करने वाले महाराष्ट्र के एक प्रवासी मजदूर सूरज पर गांजे के नशे में धुत एक गैंग ने बेरहमी से हमला किया। उसका एकमात्र गुनाह यह था कि जब उसकी गर्दन पर चाकू रखकर दूसरे लोग सोशल मीडिया रील बना रहे थे, तो उसने इसका विरोध करने की हिम्मत की।

खेत में मिले चीतल के अवशेष, ढूंढने गए ग्रामीणों के सामने नदी पार की तेंदुए ने

## शुजालपुर के पास तेंदुए की दस्तक, ग्रामीणों में दहशत

### आसपास के क्षेत्रों में कृषि कार्य करने वाले कृषक हथियार लेकर और संयुक्त होकर जा रहे खेतों पर

### तेंदुए का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर





जिले के शुजालपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रीछोंदा खेड़ा में तेंदुए ने दस्तक दी है। रविवार को तेंदुए को ग्रामीणों ने सबसे पहले देखा और उसकी उपस्थिति की पुष्टि का विडियो भी ग्रामीणों ने बनाया है। तेंदुए ने एक चीतल का शिकार भी किया है जिसके अवशेष ग्रामीणों ने देखे हैं।

रविवार को उस वक्त शुजालपुर के रीछोदा खेडा गांव में हड़कंप मच गया जब खेत पर काम कर रहे किसानों को मृत चीतल के अवशेष क्षत-विक्षत अवस्था में पड़े दिखाई दिए। हिरण के शिकार की सूचना फैलते ही आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए। इसके बाद वरिष्ठ ग्रामीणों ने आसपास की मिट्टी देखी और वहां पर तेंदुए के पैरों के निशान दिखाई दिए।

इसके बाद ग्रामीणों ने आसपास के खेतों में तेंदुए की उपस्थिति जानने के लिए जब इकट्ठे होकर तलाश शुरू की तो तेंदुआ नदी से होकर दूसरी और चला गया। इसका ग्रामीणों ने वीडियो भी बनाया है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में तेंदुए के होने की पुष्टि की है। कुछ ग्रामीणों ने दावा किया है कि उन्होंने झाड़ियों के पास तेंदुए को प्रत्यक्ष रूप से देखा भी है। तेंदुए की आहट से पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में कृषि कार्य करने वाले कृषकों में दहशत की स्थिति बन गई है। रविवार को ही अपरांह के समय गांव के युवकों ने संयुक्त रूप से लाठी डंडे के साथ आसपास के खेतों में तेंदुए की तलाश की थी।

इसी दौरान डेम के पास वाले हिस्से में तेंदुआ नदी के दूसरी तरफ ऊपर चढ़ता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग और पुलिस को कर दी है। वन विभाग की टीम गश्त कर रही है। ग्रामीणों को रात में अकेले खेत पर काम करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है ग्रामीण देवकर सिंह राजपूत ने बताया की मैने तेंदुए को नदी के उस पार जाते हुए देखा है । वन विभाग के डिप्टी रेंजर पप्पू सिंह बघेल का कहना है कि क्षेत्र में तेंदुए का मूमेंट तो है ग्रामीणों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। तेंदुए का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## शाह बोले- असम जैसे पूरे देश से घुसपैठिए भगाएंगे

एजेंसी ▸▸ नौगांव

असम के नौगांव में सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बटाद्रवा पुनर्विकास परियोजना का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में शाह ने कहा- हिमंत बिस्वा सरमा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से एक लाख जमीन बीघा जमीन मुक्त करवा दी है। इसी तरह पूरे देश से हम घुसपैठियों को भगाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि आज मैं गोपीनाथ बोरदोलोई जी को याद करना चाहता हूं। अगर वे नहीं होते, तो आज असम और पूरा नॉर्थ ईस्ट भारत का हिस्सा नहीं होता। शाह ने कहा कि गोपीनाथ ने ही जवाहरलाल नेहरू को असम को भारत में बनाए रखने के लिए मजबूर किया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बटाद्रवा थान में 227 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित श्रीमंत शंकरदेव आविर्भाव क्षेत्र का उद्घाटन किया। यह स्थान असम के महान वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव की जन्मभूमि है। अमित शाह का पारंपरिक सत्रिया नृत्य और संगीत के साथ स्वागत किया गया। उन्होंने गुरु आसन (पूजनीय गद्दी) वाले मुख्य भवन में जाकर दर्शन भी किए। श्रीमंत शंकरदेव आविर्भाव क्षेत्र को 2021-22 के राज्य बजट में पुनर्विकास के लिए स्वीकृति दी गई थी। परियोजना का उद्देश्य शंकरदेव से जुड़े आदर्शों, जीवन-दर्शन और कलात्मक योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।

## आंध्र प्रदेश में टाटानगर-एनार्कुलम एक्सप्रेस में आग, एक यात्री की मौत

### यात्रियों ने चेन खींचकर ट्रेन रुकवाई, 2 एसी कोच जले

एजेंसी ▸▸ विशाखापट्टनम



**एक कोच से दूसरे में फैली आग**

रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले टाटानगर एनार्कुलम एक्सप्रेस के ए1 कोच में आग लगी, फिर आग ए2 कोच में फैल गई। आग की लपटें देखकर घबराए यात्रियों ने इमरजेंसी चेन खींची और ट्रेन से बाहर भागे। ट्रेन के दोनों कोच जल गए हैं, इसमें यात्रियों का सामान भी जल गया।

विशाखापट्टनम से करीब 66 किलोमीटर दूर येलमंचिली में टाटानगर-एनार्कुलम एक्सप्रेस ट्रेन के दो डिब्बों में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार रात 12.45 बजे ट्रेन में आग लगने की खबर मिली। उस वक्त ट्रेन आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली में येलमंचिली रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई थी।


जब ट्रेन में आग लगी, तो दोनों कोच में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री थे। पुलिस को ए1 कोच से एक शव मिला। मरने वाले की पहचान 70 साल के चंद्रशेखर सुंदरम के रूप में हुई है। जले हुए कोच अलग करके ट्रेन को एनार्कुलम रवाना कर दिया गया। यात्रियों को दूसरे साधनों से उनके गंतव्य तक भेजा जाएगा। दो फोरेंसिक टीमें आग लगने के कारणों का पता लगा रही हैं।

### उन्नाव रेप केस- कुलदीप सेंगर की जमानत पर रोक

**उन्नाव।** उन्नाव रेप केस में रेपिस्ट पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने सेंगर को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा। मामले में 4 हफ्ते बाद सुनवाई होगी। सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने 23 दिसंबर को जमानत दी थी। जमानत के खिलाफ सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में 3 दिन पहले याचिका लगाई थी। सोमवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच में सुनवाई हुई। बेंच ने दोनों पक्षों की करीब 40 मिनट तक दलीलें सुनीं। सीजेआई ने कहा- हाईकोर्ट के जिन जजों ने सजा सस्पेंड की, वे बेहतरीन जजों में गिने जाते हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- कोर्ट को लगता है कि मामले में अहम सवालों पर विस्तार से विचार जरूरी है। आमतौर पर कोर्ट का सिद्धांत है कि किसी दोषी या विचाराधीन कैदी को रिहा कर दिया गया हो, तो बिना उसे सुने ऐसे आदेशों पर रोक नहीं लगाई जाती, लेकिन इस मामले में परिस्थितियां अलग हैं।

## अरावली केस; सुप्रीम कोर्ट का अपने ऑर्डर पर स्टे

### पहले 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों पर खनन को मंजूरी दी थी, अब रोक लगाई



एजेंसी ▸▸ जयपुर

अरावली पर्वतमाला को लेकर उठे विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी है। 20 नवंबर को जारी आदेश में 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों पर खनन के आदेश दिए थे, अब 21 जनवरी 2026 तक खनन पर रोक लगा दी है।

कोर्ट ने कहा है कि इस मामले की जांच के लिए एक्सपर्ट कमेटी गठित की जाए। यह कमेटी मौजूदा विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट का विश्लेषण करेगी।

**गलतफहमियां फैलाई जा रहीं**

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि इस मामले में अदालत के आदेशों, सरकार की भूमिका और पूरी प्रक्रिया को लेकर कई तरह की गलतफहमियां फैलाई जा रही हैं। इन्हीं भ्रमों को दूर करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसे अदालत ने स्वीकार भी किया था।

### अजित-शरद पवार का गठबंधन

## महाराष्ट्र निगम चुनाव: परिवार फिर एकजुट हुआ- अजित पवार

एजेंसी ▸▸ मुंबई



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम चुनाव के लिए अपनी नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) गुट के बीच गठबंधन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव के लिए घड़ी और तुतारी एकसाथ आ गए हैं।

अजित पवार पिंपरी-चिंचवाड़ में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- नगर निगम चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची तय करते समय दोनों गुटों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। इससे एक बार फिर परिवार एकजुट हो गया है। अजित पवार ने कहा- गठबंधन को लेकर लोगों के मन में सवाल हो सकते हैं, लेकिन महाराष्ट्र के विकास के हित के लिए कई बार ऐसे फैसले लेने पड़ते हैं। अजित पवार ने कहा- दोनों पक्षों के बीच सीट बंटवारे पर चर्चा हो चुकी है और इसकी जानकारी बाद में दी जाएगी। जुलाई 2023 में शरद पवार के भतीजे अजित पवार एनसीपी के कई विधायकों के साथ पार्टी से अलग हो गए थे।

**भाजपा 128, शिवसेना 79 सीटों पर चुनाव लड़ेगी**

इस बीच, मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने बताया कि महायुति में 207 सीटों पर सहमति बन गई है। इनमें भाजपा 128 और शिवसेना 79 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बाकी 20 सीटों पर फैसला उम्मीदवारों के आधार पर होगा। महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य की 29 नगर निगमों के चुनाव की घोषणा की है, जिनमें मुंबई, पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम शामिल हैं।

### ललित मोदी ने वायरल वीडियो पर माफी मांगी

**नई दिल्ली।** भारत में आर्थिक अपराधी घोषित ललित मोदी ने सोमवार को पोस्ट में भारत सरकार से माफी मांगी। 22 दिसंबर के वायरल वीडियो पर माफी मांगते हुए ललित ने लिखा मेरे बयान से यदि किसी की भावनाएं आहत हुई हों, खासकर भारत सरकार की, तो मैं इसके लिए माफी चाहता हूं। बयान का आशय वैसा नहीं था, जैसा उसे समझा गया। किसी भी गलतफहमी के लिए फिर से माफी मांगता हूं। दरअसल, ललित मोदी के अकाउंट पर 22 दिसंबर को वीडियो अपलोड किया गया था। इसमें वो भगोड़े विजय माल्या के साथ नजर आया था। वीडियो में ललित ने खुद को और माल्या को भारत के दो सबसे बड़े भगोड़े कहा था। वीडियो वायरल होने के 9 दिन बाद अब ललित ने वीडियो पर माफी मांगी। माल्या 2016 से ब्रिटेन में है और 2019 में उसे आधिकारिक तौर पर भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया था।

### मेक्सिको में ट्रेन पटरी से उतरी, 250 यात्री सवार थे

## इंजन पलटा: 13 की मौत, 98 लोग घायल

एजेंसी ▸▸ मेक्सिको



मेक्सिको के दक्षिणी राज्य ओअक्साका में एक ट्रेन पटरी से उतर गई, जिसके बाद ट्रेन का इंजन पलट गया। कई बोगियां भी पलट गईं।

इसमें 13 लोगों की मौत हो गई और 98 लोग घायल हो गए हैं। यह ट्रेन मेक्सिको की खाड़ी और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाले एक नए रेलमार्ग पर चल रही थी। इस रेलवे लाइन का संचालन मैक्सिकन नौसेना करती है।

मेक्सिकन नौसेना के अनुसार, ट्रेन में 250 लोगों सवार थे, जिसमें 9 क्रू मेंबर शामिल थे। हादसा चिवेला और निजांडा कस्बों के बीच एक मोड़ पर हुआ। घायलों में से 36 को अस्पताल में इलाज दिया जा रहा है। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाउम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि पांच घायल गंभीर हालत में हैं। उन्होंने सीनियर अधिकारियों को मौके पर भेजकर मृतकों के परिवारों की मदद करने के निर्देश दिए हैं।

ओअक्साका राज्य के गवर्नर सलोमोन जारा ने एक्स पर पोस्ट करके बताया कि कई सरकारी एजेंसियां हादसे की जगह पर पहुंच गई हैं और घायलों की मदद कर रही हैं।

**रेल लाइन का उद्घाटन 2023 में हुआ था**

यह इंटरोशियनिक ट्रेन सेवा 2023 में तत्कालीन राष्ट्रपति एंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर ने शुरू की गई थी। यह मेक्सिको के दक्षिणी हिस्से में रेल यात्रा को बढ़ावा देने और तेहुआंतेपेक इस्त्मस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास का हिस्सा है। सरकार का योजना इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए रणनीतिक कॉरिडोर बनाने की है, जहां बंदरगाहों और रेल लाइनों से दोनों महासागरों को जोड़ा जा सके। इस हादसे से रेल सेवा प्रभावित हुई है और बचाव कार्य जारी हैं।




## सोमवार का महाकाल श्रृंगार



### सडक पर सवाल...




देश के लोकतंत्र के प्रमुख के नाम की योजना के अंतर्गत दाल झबिस्कूट एवं मक्का के लड्डू वाली तहसील में दो गांवों के बीच बन रही सडक में हो रहे दो नंबर के काम उजागर हो गए। ग्रामीणों की जागरूकता इसमें काम आई। ग्रामीणों ने डामर की सडक का हाथ से टूटने वाला विडियो सोश्यल मिडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद तो मामले में सब कुछ होना ही था। ऐसा नहीं है कि यह पहला मामला हो या सामने आया हो। अधिकांश सडकों के निर्माण में लोचा किया ही जा रहा है। सडकों के लोचे भी ऐसे झऐसे हैं जिनमें मिलीभगत के कारनामें सामने आते हैं। सडकों के निर्माण की निविदा की चौडाई से कम चौडाई लेना और उससे अपना मतलब साध लेना। सडकों में डलने वाले मटेरियल में खेल कर देना,जितनी मोटाई में जो मटेरियल मिट्टी,गिट्टी,बोल्डर डाला जाना है उसे न डालते हुए कम डालना जैसे काम होना कोई बडी बात नहीं है। इसके अलावा भी कई सारे रास्ते हैं जिनका अपने स्वार्थ के लिए ठेकेदार एवं जिम्मेदार उपयोग करते रहे हैं और कर रहे हैं। अधिकांश सडकों के निर्माण के बाद सालों तक सीसी ही जारी नहीं होती है। पूर्णता प्रमाण पत्र के एवज में काम को जारी बताया जाता रहता है और समयावधि निकाल दी जाती है। इसके दौरान बराबर बिल पास होते रहते हैं और 10 फीसदी की शेष राशि भी समयावधि निकलने पर दे दी जाती है। सडक निर्माण में शामिल ठेकेदार और जिम्मेदार इसमें मजे मार लेते हैं। अब इस मामले में एक जांच कमेटी बनाकर तीन दिन में उससे रिपोर्ट तो ली जा रही है लेकिन जांच के पहले संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार का जवाब तय है। खुसूर झफुसूर है कि पूर्णता प्रमाण पत्र कई सारे निमार्णों में सालों बाद भी नहीं दिए जाते हैं उसके पीछे का रहस्य गहराया हुआ है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर की संस्था के नियमों को भी सडकों के निर्माण में धता बताया जा रहा है। कितने मामलों में तो मटेरियल की जांच रिपोर्ट ही कापी कर कंप्यूटर से उसमें गडबड कर लगा दी जाती है जबकि जिले की जांच संस्था में इसके लिए जमा होने वाली रसीद भी लगवाई जाना चाहिए जो नहीं होती है।

## साल के आखिरी रविवार उज्जैन के महाकाल मंदिर में दर्शन करने पहुंचे डेढ़ लाख से ज्यादा भक्त

**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में साल के आखिरी रविवार करीब डेढ़ लाख भक्तों ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। सामान्य दर्शनार्थियों को चारधाम मंदिर पार्किंग से शक्तिपथ के रास्ते त्रिवेणी संग्रहालय द्वार से मंदिर में प्रवेश दिया गया। शनिवार को जिस सम्राट अशोक सेतु पर ताला लगा दिया गया था।

रविवार को उसे 250 रुपये के शीघ्र दर्शन टिकट वाले दर्शनार्थियों के लिए खोला गया। महाकाल मंदिर में श्री महाकाल महालोक का निर्माण होने के बाद से सप्ताहंत में भक्तों की संख्या सर्वाधिक रहती आ रही है। इसका असर साल के आखिरी रविवार को नजर आया। देशभर से आए डेढ़ लाख से अधिक भक्त भगवान महाकाल के दर्शन करने मंदिर पहुंचे।

## उज्जैन-मक्सी फोरलेन : एबी रोड से जोड़ने बायपास की जरूरत

**उज्जैन।** सिंहस्थ के लिए बनाई जा रही उज्जैन-मक्सी रोड में नई अड़चन सामने आ गई। मक्सी रेलवे फाटक के बाद बनाई जा रही ब्रिज के कारण वर्तमान स्थान पर उज्जैन रोड को कनेक्ट नहीं किया जा सकता।

एबी रोड के बायपास से जोड़ने के लिए विभाग को अलग से मशक्कत करना पड़ेगी, क्योंकि उज्जैन रोड को सीधे देवास की तरफ वाले हिस्से के बायपास से कनेक्ट करने के लिए एमपीआरडीसी के पास जमीन ही नहीं है। 273 करोड़ का उज्जैन-मक्सी हाईवे फोरलेन प्रोजेक्ट भी लोन स्कीम से बनने के कारण इसमें जमीन अधिग्रहण का प्रावधान भी नहीं है।

**आवश्यकता है**

(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)

**बागड़िया न्यूज़ एजेंसी**
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

### होटलों-गेस्ट हाउस में रेट बडे तो पर्यटकों ने भी लगाई जुगाड, धर्मशालाओं में रूकने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढी, देर रात को आने वाले घूमने के इच्छुक

# रूपए 150-200 में फ्रेश होने, नहाने, लगेज बुकिंग की सुविधा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अगर आप उज्जैन आ रहे हैं और आपको होटल में नहीं रूकना चाहते है तो आपको मात्र रूपए 150-200 के खर्च में छोटे होटल एवं गेस्ट हाउस में फ्रेश होने,नहाने,लगेज की सुविधा उपलब्ध हो सकती है। होटल एवं गेस्ट हाउस में उंचे दर की बजाय अब श्रद्धालुओं का रूझान धर्मशालाओं एवं लाज की और बढा है। ऐसे में श्रद्धालु सुबह की जुगाड के बाद शहर के मंदिरों में दर्शन करने में समय लगा रहे हैं।

श्री महाकालेश्वर मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का कम ही आंकडा क्षेत्र में होटलों एवं गेस्ट हाउस में रूकने वालों का सामने आ रहा है। अधिकतर श्रद्धालु शहर आने के उपरांत अपने नित्यकर्म से निवृत्त होते ही मंदिरों के दर्शनों का रूख कर रहे हैं। शहर की होटलों एवं गेस्ट हाउस के साथ सुलभ शौचालयों का उपयोग ऐसे श्रद्धालु जमकर कर रहे हैं। हालत यह है कि सर्व सुविधायुक्त सुलभ शौचालयों की कमी क्षेत्र में लगने लगी है। इसके साथ ही होटल एवं यात्रीगृह एसोसिएशन ने चेक इन एवं चेक आउट समय सुबह 9 बजे का किया हुआ है। ऐसे में रात में देर से आने वाले श्रद्धालुओं का बोर्डिंग का सद्उपयोग कम ही रह पाता है।

### 150-200 में गर्म पानी, लगेज भी

श्रद्धालु मयंक शर्मा गौरखपुर बताते हैं कि होटल में रूकने पर तीर्थाटन कम और आराम की स्थिति ज्यादा रहती है। वे बताते हैं कि 10 वीं बार उज्जैन आ रहे हैं और हर बार ग्रुप में ही आते हैं। वे देर रात उज्जैन पहुंचते हैं। ट्रेन से सोते हुए ही आते हैं तो सुबह के समय अब होटलों का भारी भरकम किराया देने की अपेक्षा धर्मशालाओं एवं लाज का रूख किया है।वहां भी नित्यकर्म एवं स्नान के लिए पहुंचते हैं और 100-200 रूपए लेकर उन्हें इसकी सुविधा ठीक-ठाक होटलों एवं गेस्ट हाउस में मिल जाती है। इसके बाद तडके बाबा की चलित भस्मार्ती दर्शन के बाद शहर के अन्य मंदिरों के दर्शन के लिए निकल जाते हैं। श्री शर्मा का कहना था कि मंदिर क्षेत्र में अच्छे एवं सर्व सुविधा वाले सुलभ शौचालय बनाकर श्रद्धालुओं को अच्छी व्यवस्था दी जा सकती है।

### 4 दिन बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या

पिछले चार दिनों में महाकाल दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का आंकडा 8.48 लाख पहुंच गया है,जबकि 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक 12 लाख के आने का ही अनुमान प्रशासनिक स्तर पर लगाया गया था।अभी अनुमानित दिनों में अभी 8 दिन शेष हैं। ऐसे में यह आंकडा करीब 17 लाख के लगभग जा सकता है। प्रदेश स्तर पर एक जनवरी से 5 जनवरी तक



### कमीशन खोरी भारी पड रही होटलों पर

होटलों में रूकने वाले श्रद्धालुओं की कमी की स्थिति को लेकर जानकारी लेने पर सामने आया कि श्रद्धालुओं को स्टेशन एवं अन्य स्थानों से लाने वाले विभिन्न नगर सेवा वाले कमीशन की मांग करते हैं। इसके चलते उनके कमीशन को भी दर में जोड दिया जाता है। इसके चलते दर बडी हुई है।

### चार दिन में 8.48 लाख श्रद्धालू

| दिनांक | श्रद्धालुओं की संख्या |
|---|---|
| 25 दिसंबर | 2, 57,902 |
| 26 दिसंबर | 1,98,052 |
| 27 दिसंबर | 1,96,322 |
| 28 दिसंबर | 1,95,688 |

स्त्रोत- श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति। नोट झआंकडे मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के हैं।

अवकाश की स्थिति के कारण इस आंकडे में यह इजाफा संभावित बताया जा रहा है। अमूमन सामान्य दिनों में ही श्री महाकालेश्वर दर्शन के लिए प्रति दिन औसत 1.10 लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं।

वर्तमान में आने वाले श्रद्धालु मात्र यहां पर महाकाल वर्तमान में सामान्य होटलों में मंदिर के नजदीकी क्षेत्र के मान से सामान्य एवं एसी रूम का चार्ज एक हजार रूपए से कम नहीं है। ऐसे में देर रात को ट्रेन से आने वाले श्रद्धालु को यह भारी पडता है।

### पिछले वर्ष के मुकाबले सवाई आय

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार -

- 2024 में भेंट पेटी और शीघ्र दर्शन से महाकाल मंदिर को कुल 92 करोड़ रुपए की आय
- 1 जनवरी से 15 दिसंबर-25 तक की स्थिति-
- भेंट पेटी और शीघ्र दर्शन से 11 माह 15 दिन में 107 करोड़ 93 लाख रुपए की आय

### ऐसी रही दान की स्थिति

- सोना 1483.621 ग्राम।
- चांदी 592.366 किग्रा।
- दान पेटियों से 43 करोड़ 43 लाख रुपए।
- शीघ्र दर्शन व्यवस्था से 64 करोड़ 50 लाख।
- 13 करोड़ से अधिक के आभूषण दान आए
- 15 दिसंबर तक 5.50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे
- 25 दिसंबर 25 से 5 जनवरी तक करीब 12 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान । 28 दिसंबर तक ही 8.48 लाख श्रद्धालुओं का आगमन हुआ।

### प्राचीन धरोहर कालियादेह महल वर्षों से पड़ा है खंडहर, वर्तमान में भी कलियादेह महल पुरानी स्थिति में

# देखरेख के अभाव में उज्जैन की कई धरोहरें तोड़ रही है दम



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में कई ऐसी प्राचीन धरोहर है जिसे दर्शनीय स्थल बनाया जा सकता था जिनमें से एक कालियादेह महल है जो कि वर्षों से खंडहर पड़ा हुआ है और कई बार इसे सरकार पर्यटकों के लिए मूर्त रूप दिया जाने वाला था लेकिन यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई और वर्तमान में अभी भी कलियादेह महल पुरानी स्थिति में है। उज्जैन बाबा महाकाल की नगरी है। यहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु रोज दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचते हैं। महाकाल लोक बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी हो गई है। उज्जैन में कई ऐसी प्राचीन धरोहर है। जो देखरेख के अभाव में दम तोड़ रही है। लेकिन इन प्राचीन धरोहर को बचाने के कोई प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। उज्जैन का कालियादेह महल और कालियादेह क्षेत्र हजारों वर्ष पुरानी प्राचीन विरासतों को आज भी समेटें हुए हैं। यहाँ की सुंदरता इतनी है कि विशेषकर वर्षा ऋतु में यहाँ लोग घूमना फिरना बेहद पसंद करते हैं। ऐतिहासिक महल की प्राचीन गाथा जो कि कई ऐतिहासिक पन्नों पर आज भी सुनाई जाती है और दिखाई देती है।

### ...तो यह स्थान विश्व भर के पर्यटकों को बेहद पसंद आएगा

इस स्थान को अगर केंद्र सरकार के माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार पर्यटन ग्राम घोषित करे तो यह स्थान विश्व भर के पर्यटकों को बेहद पसंद आएगा। कालियादेह क्षेत्र को मालवा की परंपरा अनुसार सजाया और संवारा जा सकता है और युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। पिछले कई वर्षों से कालियादेह महल खंडहर व वीरान पड़ा हुआ है। यहां पर सामाजिक तत्वों का जमघट लगा रहता है। बारिश में जरूर यहां पर चहल पहल रहती है लेकिन अब अन्य दिनों में बाहर के श्रद्धालु यहां घूमने फिरने आते हैं लेकिन रात में यह असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है लेकिन कालियादेह महल को संवारने के लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किए गए हैं।

### धरोहर को संवारने के कोई प्रयास नहीं

सिंहस्थ को लेकर शहर में कई बड़े निर्माण कार्य किये जा रहे हैं तथा शहर की कई प्राचीन धरोहरों को भी निखारा व संवारा जा रहा है। लेकिन कई ऐसी धरोहर है। जिन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस कारण यह अपना अस्तित्व खो रही है। महाकाल लोक बनने के बाद देव दर्शन के लिए बड़ी संख्या में बाहर के श्रद्धालु उज्जैन पहुंच रहे हैं । ऐसे में उज्जैन की सभी प्राचीन व ऐतिहासिक धरोहर पर भी पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। लेकिन इन्हें संवारने के कोई प्रयास नहीं किये जा रहे हैं।

## सांसद ने की महाकाल गर्भगृह में रोज 2 घंटे प्रवेश देने की मांग

**उज्जैन।** आमजन की परेशानी को देखते हुए उज्जैन-आलोट सांसद फिरोजिया ने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग करते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर लगी रोक का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से प्रतिदिन कम से कम दो घंटे के लिए श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश देने की व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया। महाकाल गर्भगृह प्रवेश के मुद्दे पर आखिरकार सांसद फिरोजिया को आम श्रद्धालुओं का दर्द महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि उनकी 85 वर्षीय मां पैरों से चलने में असमर्थ होने के बावजूद दर्शन के लिए आती हैं, लेकिन गर्भगृह में प्रवेश न मिलने से उन्हें निराशा होती है। उन्होंने बताया कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु भी वर्तमान व्यवस्था से असंतुष्ट हैं।

सांसद ने कलेक्टर को इस व्यवस्था में बदलाव के निर्देश दिए। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतिदिन कम से कम दो घंटे के लिए आम श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश दिया जाए। इसके लिए स्लॉट बुकिंग या कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था लागू की जा सकती है।

## नानाखेड़ा स्टेडियम में हॉकी के लिए बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का एस्ट्रो टर्फ-मुख्यमंत्री



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को उज्जैन के नानाखेड़ा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में 129 करोड रुपए लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नानाखेड़ा स्टेडियम में विश्व स्तरीय हॉकी एस्ट्रो टर्फ निर्माण की घोषणा की। इस स्थान पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी मैच हो सकेंगे। कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, सांसद राज्यसभा उमेश नाथ महाराज, विधायक जितेंद्र पंड्या, अनिल जैन कालूहेड़ा, सतीश मालवीय, संजय अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर देवड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर, महापौर मुकेश टटवाल राजेंद्र भारती तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# शिक्षकों की कमी से नाराज ग्रामीणों ने की तालाबंदी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन /नागदा

नागदा के अटलावदा गांव की सरकारी स्कूल में शिक्षकों की कमी से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को स्कूल के गेट पर एक घंटे के लिए ताला लगा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।



### पालक बोले- स्कूल पर स्थायी रूप से ताला लगा देंगे

पालकों का कहना है कि उन्होंने शिक्षक नियुक्ति के लिए शासन-प्रशासन से कई बार अनुरोध किया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई, तो वे स्कूल पर स्थायी रूप से ताला लगा देंगे।

### 76 बच्चों पर केवल एक शिक्षक

पालकों ने बता स्कूल में कुल 76 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। जहां नियम अनुसार कम से कम तीन शिक्षक होने चाहिए। वर्तमान में यहां केवल दो शिक्षक पदस्थ हैं। इनमें से एक शिक्षक को बीएलओ का कार्य सौंपा गया है, जिसके कारण वे अधिकांश समय मतदान केंद्र पर ड्यूटी करते हैं। मतदान केंद्र स्कूल से लगभग 2 किलोमीटर दूर है, जिससे शैक्षणिक कार्य बाधित हो रहा है।

### जनसुनवाई में करेंगे विरोध

पालक संघ अध्यक्ष राजेश गुर्जर ने कहा कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे बच्चों के साथ जनसुनवाई में जाकर विरोध दर्ज कराएंगे। उन्होंने शिक्षा विभाग से तत्काल शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से चल सके और भविष्य सुरक्षित रहे।

### भारी भीड़ के कारण प्रशासन ने लिया निर्णय, दर्शन में लग रहे दो घंटे

# कालभैरव मंदिर में प्रोटोकॉल व्यवस्था बंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के श्री कालभैरव मंदिर में दिसंबर के अंतिम सप्ताह में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। भीड़ के दबाव को देखते हुए प्रशासन ने मंदिर में प्रोटोकॉल व्यवस्था को बंद कर दिया है। इस निर्णय के कारण सामान्य दर्शनार्थियों को अब दो घंटे के अंतराल में दर्शन हो पा रहे हैं। यह भीड़ 25 दिसंबर से ही बनी हुई है, खासकर अवकाश वाले दिनों और शनिवार-रविवार को श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है।

देशभर से आने वाले श्रद्धालु पहले महाकाल मंदिर के दर्शन करते हैं और फिर शहर से लगभग आठ



किलोमीटर दूर स्थित श्री कालभैरव मंदिर पहुंचते हैं।

मंदिर समिति की प्रशासक संध्या मारकंडे ने बताया भारी भीड़ के कारण प्रोटोकॉल व्यवस्था 5 जनवरी तक बंद रहेगी।

मंदिर की व्यवस्था में लगे राजस्व विभाग के आरआई सुनील बौरासी ने जानकारी दी कि भीड़ प्रबंधन के लिए मंदिर के सामने के मैदान में बैरिकेडिंग बढ़ा दी गई है। पहले दर्शनार्थी सात लेयर की बैरिकेडिंग से होकर मुख्य गेट तक पहुंचते थे, लेकिन अब बैरिकेडिंग मंदिर से दूर पार्किंग के पास से शुरू की गई है।

दर्शनार्थियों के लिए पीने के पानी और शौचालय की व्यवस्था के साथ ही मंदिर प्रांगण में एक मेडिकल टीम भी तैनात की गई है। रविवार को मंदिर मार्ग पर शिप्रा पुल पर जाम की स्थिति भी बनी रही, जिसके कारण लोक परिवहन के वाहनों ने बाहरी दर्शनार्थियों को केंद्रीय भैरवगढ़ जेल से पहले ही छोड़ दिया।

जिला प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कालभैरव मंदिर में राजस्व अधिकारियों को शिफ्ट के अनुसार तैनात किया है। इसके अतिरिक्त, थाने और पुलिस लाइन से पुलिस बल बढ़ाया गया है, जिसमें लगभग 50 पुलिसकर्मी शामिल हैं। निजी कंपनी के 30 सुरक्षा कर्मचारी भी मंदिर की व्यवस्था में लगाए गए हैं।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर
नं. 1 क्षेत्रीय अखबार
# दैनिक अवन्तिका


## न्यूज ब्रीफ

### लगातार दुर्घटनाओं से सुपर कॉरिडोर की स्पीड पर ब्रेक

**इंदौर।** सुपर कॉरिडोर यानी बगैर रुके 11 किमी का सफर। जिस मूल उद्देश्य के साथ सुपर कॉरिडोर का निर्माण किया गया था, वह अब बदल गया है। लगातार हो रहे हादसों के बाद सुपर कॉरिडोर की स्पीड पर अब ब्रेक लगाने की तैयारी है। इसी कड़ी में टीसीएस चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बना दिया है। अब अलग-अलग चौराहों पर सिग्नल के साथ स्पीड ब्रेकर बनाने की योजना है। एक साल में यहां 10 से अधिक बड़ी दुर्घटनाएं हुई हैं, जिसमें 5 मौत के साथ कई लोग गंभीर घायल हुए हैं। इसे देखते हुए सुरक्षा उपाय करना जरूरी हो गया है। वहीं, कॉरिडोर पर एलिवेटेड मेट्रो ट्रैक का निर्माण होने, आईटी कंपनियों के दफ्तर और आवासीय बसाहट होने से यहां ट्रैफिक दबाव भी काफी बढ़ गया है। पिछले दिनों टीसीएस व अन्य ने प्रशासन व आईडीए को पत्र लिखकर कहा था, ट्रैफिक सुरक्षा उपाय पर्याप्त नहीं हैं।

### अमृत 2.0: 1 लाख 45 हजार घरों तक पहुंचेगी नर्मदा

**इंदौर।** नगर निगम ने अमृत योजना के दूसरे चरण (अमृत 2.0) के तहत जल आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के लिए तीन नए टेंडर जारी किए हैं। करीब 1300 करोड़ रुपए की लागत वाले ये टेंडर जनवरी के पहले सप्ताह में खोले जाएंगे। इस चरण में शहर को सबसे बड़ी राहत 1 लाख 45 हजार नए नल कनेक्शन के रूप में मिलने जा रही है। इससे अब तक नर्मदा जल से वंचित इलाकों को सीधा लाभ मिलेगा। निगम इससे पहले चार टेंडर जारी कर चुका था, लेकिन तकनीकी आपत्तियों और ऊंची दरों के कारण तीन टेंडर निरस्त करने पड़े। एक टेंडर ब्लैकलिस्टेड कंपनी को मिलने के बाद रद्द किया गया। इसके बाद निगम ने पूरी प्रक्रिया नए सिरे से शुरू करते हुए तीन नए टेंडर जारी किए हैं। इस योजना के लिए निगम बैंक से लोन ले रहा है और कुल खर्च करीब 2 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। निगम के मुताबिक अमृत 2.0 पूरा होने के बाद शहर के हर घर तक नर्मदा का पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। करीब 20 प्रतिशत आबादी तक नर्मदा जल आपूर्ति नहीं पहुंच पा रही है।

### पुजारी ने एसआई का भी करवा दिया था तबादला

**इंदौर।** इंदौर के विजयनगर में कालका माता मंदिर के जिस पुजारी के खिलाफ पत्नी की आत्महत्या के मामले में एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। वह विजयनगर थाने के एक एसआई का भी ट्रांसफर करवा चुका है। हिंदू संगठन की आड़ में पुलिस पर वह दबाव बनाता था। उसने पत्नी ओर ससुराल के लोगों पर भी दबाव बनाता था। इसके चलते पत्नी ने दुखी होकर सुसाइड कर लिया।

विजयनगर पुलिस ने राहुल यादव को रविवार को कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया। राहुल यादव पुजारी की आड़ में पुलिस पर दबाब बनाता था। नवरात्रि के दौरान उसने देर रात तक साउंड बजाने को लेकर एसआई अनिल गौतम से विवाद किया। इसके बाद थाने का घेराव करने की कोशिश की। वीडियो वायरल होने के बाद अफसरों ने थाने से अनिल गौतम को हटा दिया।

राहुल यादव हिंदू संगठनों के नाम से कई बार पुलिस पर दबाव प्रभाव बनाने की कोशिश करता था। राहुल यादव ने अपनी पत्नी तमन्ना यादव के सुसाइड को छिपाने की कोशिश की थी। वह अपने परिचितों से संपर्क कर चुपचाप से पत्नी को निजी अस्पताल लेकर गया। वहां पर उसने पुलिस जांच में भी तबीयत खराब होने की बात कही। पुलिस जब तमन्ना के बयान लेने पहुंची तो वह बेसुध थी। इसलिए लसूडिया थाने के पुलिसकर्मी वापस चले गए। पुलिस ने निजी अस्पताल में जाकर रिपोर्ट ली ओर शार्ट पीएम रिपोर्ट में जहर की पुष्टि होने के बाद जांच शुरू हुई।

### 31 दिसंबर को शराब पीकर गाड़ी चलाई तो होगी जब्त

**उज्जैन।** इंदौर में 31 दिसंबर को लेकर पुलिस की सख्त चेकिंग चलेगी। प्रमुख चौराहों के साथ ही शेडो एरिया में पुलिस नजर रखेगी। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की गाड़ी जब्त की जाएगी। किसी आयोजन में महिलाओं या युवतियों के साथ कोई घटना होती है तो आयोजक को भी सहआरोपी बनाया जाएगा। 31 दिसंबर को लेकर शहर में कई जगह आयोजन होंगे। शहर के होटलों, बार-पब सहित फॉर्म हाउस आदि जगह आयोजन होंगे। नए साल का जश्न कई लोग मनाएंगे। ऐसे देखते हुए इंदौर पुलिस ने पूरी प्लानिंग कर ली है। शहर के अंदर के साथ ही शहर के बाहरी क्षेत्र में भी चेकिंग लगेगी। 30 से ज्यादा ड्रोन कैमरों से पुलिस पेट्रोलिंग करेगी।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर की रात को लगभग डेढ़ हजार का पुलिस बल सड़कों पर रहेगा। शहर के प्रमुख चौराहों के साथ ही शहर के इंट्री पाइंट पर भी पुलिस बल तैनात रहेगा और चेकिंग करेगा। हर चौराहों पर ब्रेथ एनालाइजर से गाड़ी चलाने वालों को चेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़कों पर पुलिस चेकिंग करेगी। इस दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी, जो भी शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए मिलेगा, उसकी गाड़ी जब्त कर ली जाएगी। यानी गाड़ी वहीं छोड़ना पड़ेगी। एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर की रात में पुलिस 31 ड्रोन कैमरों से नजर रखेंगी। शेडो एरिया, गली, पाइंट आदि जगह ड्रोन से पेट्रोलिंग की जाएगी।

### महाकाल के खजाने में 15 करोड़ रुपये की वृद्धि

# उमड़ी भीड़- भरा भंडार, 2025 में टूटा रिकॉर्ड

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर साल 2025 मे भी देश-विदेश के आस्थावानों का प्रमुख केंद्र रहा। एक जनवरी 2025 से अब तक 5.5 करोड़ दर्शनार्थियों ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। इसी के साथ मंदिर में 100 करोड़ रुपये से अधिक का दान भी आया। करीब 13 करोड़ रुपये का सोना-चांदी भी भेंट के रूप में प्राप्त हुआ है। कुल मिलाकर यह गत वर्ष की तुलना में अधिक है। बीते वर्ष 92 करोड़ रुपये दान के रूप में प्राप्त हुए थे।

12 ज्योतिर्लिंग में से एक बाबा महाकाल का धाम लाखों करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का खास केंद्र है। वर्ष 2025 में बाबा महाकाल के धाम में धन वर्षा का हैरान कर देने वाला आंकड़ा सामने आया है। एक अरब रुपये से अधिक का दान मंदिर समिति को वर्ष भर में अलग-अलग माध्यमों से मिला है। मंदिर समिति के अनुसार एक जनवरी 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक 5.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने साल भर में यह दान राशि अलग-अलग माध्यमों से दी है। प्रत्येक वर्ष श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के द्वारा यह आंकड़ा मंदिर समिति द्वारा जारी किया जाता है।



#### महाकाल महालोक बनने के बाद बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या

महाकाल मंदिर में श्री महाकाल महालोक बनने और अक्तूबर 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसका लोकार्पण करने के बाद से ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ी है। पहले मंदिर में रोजाना 35 से 40 हजार श्रद्धालु आते थे। श्री महाकाल महालोक के बाद संख्या 80 हजार से एक लाख प्रतिदिन पहुंच गई। पर्व त्योहार जैसे श्रावण सोमवार, महाशिवरात्रि आदि पर ये संख्या दो लाख के पार हो जाती है। अनुमान है कि आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ेगी।

#### पिछले साल 2024 में जो दान राशि थी, वह लगभग 92 करोड़ रुपये की थी

मंदिर समिति अध्यक्ष और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया की साल भर में जो सावन का महीना था। उसी में लगभग 30 करोड़ का दान मंदिर समिति को मिला है। जिससे समझ में आता है कि प्रत्येक वर्ष दान राशि मंदिर में बढ़ रही है, क्योंकि पिछले वर्ष सावन के महीने में यह आंकड़ा 21-22 करोड़ का था। ऐसे में साल भर का जो आंकड़ा आया है। वह वाकई हैरान करता है। मंदिर समिति इसी दान राशि से अपनी तमाम व्यवस्थाओं को संचालित करती है। पिछले साल 2024 में जो दान राशि थी, वह लगभग 92 करोड़ रुपये की थी इस बार अधिक है। पिछले वर्ष की तुलना में 15 करोड़ अधिक दान मिला है। यानि इस बार 1 अरब 07 करोड़ 93 लाख है। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 11 महीने 15 दिनों में कुल 107 करोड़ 93 लाख की आय दान पेटी और शीघ्र दर्शन, आभूषणों के माध्यम से हुई है। जिसमें 592.366 किलो चांदी, 1483.621 ग्राम सोना, जिनकी कीमत लगभग 13 करोड़ से अधिक है। साल भर में अभी 2 दिन शेष है, ऐसे में उम्मीद है कि यह आंकड़ा और बढ़ेगा। प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया की 2025 में 1483.621 ग्राम सोना जो 2024 में 1533 ग्राम था, 592.366 ग्राम चांदी 2025 में जो 2024 में 399 किलो थी। यानी इस वर्ष चांदी का दान ज्यादा मिला है। 13 करोड़ से अधिक के आभूषण हैं। ऐसे ही नकद राशि 43 करोड़ 43 लाख, शीघ्र दर्शन से 64 करोड़ 50 लाख की राशि मिली है।

### बिना नंबर की बाइक पर 13.82 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाया मैकेनिक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

क्राइम ब्रांच की टीम ने 13.82 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक बदमाश को पकड़ा। ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 लाख 40 हजार रुपए है। बदमाश गाड़ी रिपेयरिंग का काम करता है और 8वीं तक पढ़ा हुआ है।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद टीम लोखंडे पुल पर पहुंची। यहां पर रोड किनारे एक व्यक्ति काले रंग की बिना नंबर की बाइक पर बैठा दिखा, जो गतिविधि से संदिग्ध लगा। टीम ने उसकी घेराबंदी की तो टीम को देखकर वह घबरा गया। उससे पूछताछ कि तो उसने अपना नाम भूपेंद्र डिगवा निवासी एरोड्रम बताया।

उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 13.82 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। बाइक सहित उससे 2 लाख 30 हजार रुपए का माल बरामद किया है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि बदमाश से पूछताछ की तो पता चला कि वह गाड़ी रिपेयरिंग का काम करता है और 8वीं तक पढ़ाई की है। उससे ये जानकारी निकाली जा रही है कि वह ब्राउन शुगर कहां से लेकर आता था और शहर में किन-किन लोगों को सप्लाई करता था। इसके साथ ही उसके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी चेक कराए जा रहे हैं।

## हाईटेंशन लाइन में चिपका 9 साल का मासूम, मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में बिजली के पोल से पतंग उतार रहा 9 साल का बच्चा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। 70 फीसदी झुलसे बच्चे को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई।

घटना रविवार शाम चंदन नगर थाना क्षेत्र के नगीन नगर की है। वीडियो भी सामने आया है, जिसमें गोविंद गौर लाइन से चिपका हुआ दिख रहा है। स्थानीय लोग उसे रेस्क्यू करते नजर आ रहे हैं।



#### तेज धमाका और पटाखे जैसी आवाज आई

स्थानीय निवासी गौरव ने बताया कि गोविंद एक बिजली के पोल पर पतंग उतारने चढ़ा था। इसी दौरान वह अचानक हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। तेज धमाके और पटाखों जैसी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद बच्चे को नीचे उतारा। इसके बाद उसे तत्काल वाहन से एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया।

#### पिता मिस्त्री का काम करते हैं, मां गृहिणी

गोविंद के पिता मनीष मिस्त्री का काम करते हैं, जबकि मां प्रीति पटेल गृहिणी हैं। परिवार मूल रूप से विदिशा का रहने वाला है। वर्तमान में इंदौर में किराए के मकान में रह रहा है। बता दें, इसी तरह की एक घटना धार रोड पर भी सामने आई थी, जहां 12 साल का बच्चा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। उस मामले में छत्रीपुरा पुलिस ने मर्ग कायम किया था।

### विलुप्त प्रजातियों को बचाने के लिए वन विभाग तैयार करेगा विशेष कोर्स

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

विलुप्त प्राय औषधीय व देशी पौधों के संरक्षण को लेकर इंदौर में शुरू हुआ मॉडल अब पौधारोपण तक सीमित नहीं रहा। यह शहरी व्यवस्था, शिक्षा प्रणाली और नीति-निर्माण तक प्रभाव डालने लगा है। इसके तहत स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों और सरकारी परिसरों में आरईटी प्रजातियों का पौधारोपण किया गया।

इसका सबसे बड़ा उदाहरण होलकर साइंस कॉलेज में देखने को मिला, जहां पांच हजार आरईटी पौधों का डेमो प्लांटेशन विकसित किया गया। सकारात्मक परिणाम सामने आने के बाद देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय-वन विभाग के बीच एमओयू साइन किया जाना है। इसके तहत छात्रों के लिए 15 घंटे का विशेष अकादमिक कोर्स विभाग तैयार करेगा, जिसमें छात्रों को बताया जाएगा कि किस तरह से खत्म हो रही प्रजातियों का संरक्षण किया जा सकता है। डीएफओ प्रदीप मिश्रा के मुताबिक फील्ड आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### जिला कौशल विकास समिति की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट द्वारा गत दिवस जिला कौशल विकास समति की बैठक प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में ली गई। बैठक में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य विवेक मिश्रा, ट्रेनिंग आफिसर मनीषा अरोरा, एलडीएम बलराम बैरागी, जीएमडीआईसी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, एडीपीसी गिरीश तिवारी, उपसंचालक कृषि यू.एस तोमर, उपसंचालक उद्यानिकी पीएस कनेल एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। मनीषा अरोरा द्वारा बैठक में शासन द्वारा कौशल और रोजगार विकास के लिए संचालित मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## मंत्रियों के दिशा-निर्देश पर अफसर नहीं कर रहे अमल

### भाजपा प्रदेश मुख्यालय में होने वाली मंत्रियों की सुनवाई से कार्यकर्ताओं ने मोड़ा मुंह

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मप्र में कार्यकताओं की समस्याओं की सुनवाई और समाधान के लिए सत्ता और संगठन के समन्वय से भाजपा मुख्यालय में सप्ताह में पांच दिन मंत्रियों के बैठने का प्रावधान किया गया था। लेकिन विडंबना यह है कि भाजपा का यह नवाचार अब औपचारिका बन कर रह गया है। क्योंकि कार्यकताओं ने भाजपा मुख्यालय से मुंह मोड़ लिया है।

इसकी वजह यह है कि कार्यकर्ताओं की समस्याओं के संदर्भ में मंत्रियों ने अफसरों को जो दिशा-निर्देश दिए हैं अधिकांश अफसर उसका पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं ने स्थानीय स्तर पर ही



नेताओं से समाधान की गुहार लगाना शुरू कर दिया है।

गौरतलब है की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने बाद हेमंत खंडेवाल ने कार्यकर्ताओं को महत्व देते हुए उनकी समस्याओं की सुनवाई के लिए भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंत्रियों को बैठने का प्रावधान किया है, लेकिन जिन उद्देश्यों को लेकर मप्र भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में मंत्रियों की दो घंटे की मौजूदगी तय की गई थी, वह तकरीबन एक पखवाड़े बाद ही आवेदक कार्यकताओं के नहीं पहुंचने से दम तोड़ती नजर आ रही है।

गौरतलब है कि सत्ता और संगठन की समन्वय बनाने वाली छोटी टोली की बैठक में तय किया गया था कि कार्यकर्ताओं की समस्याओं उनके क्षेत्रों से जुड़े मामलों का निराकरण करने के लिए राज्य सरकार के मंत्री सप्ताह में पांच दिन भाजपा दफ्तर में बैठेंगे।

इनमें एक कैबिनेट मंत्री और एक राज्य मंत्री अलग-अलग कक्षों में बैठकर प्रदेश भर से आने वाले कार्यकर्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण कराएं और जो तत्काल संभव नहीं हो पाएंगे, उनके लिए संबंधित अधिकारियों को मंत्रियों द्वारा टीप लिखकर निर्देशित किया जाएगा।

#### अफसरों की कार्यप्रणाली से कार्यकर्ता नाराज

जानकारों का मानना है कि पहले सप्ताह भाजपा और सरकार के इस नवाचार का असर दिखने को मिला और कार्यकताओं ने दफ्तर पहुंचकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराया भी, लेकिन धीरे-धीरे यह नवाचार औपचारिक स्वरूप लेने लगा है।

इस संबंध में सूत्रों का कहना है कि कार्यकर्ता जिन समस्याओं को लेकर मंत्रियों के पास पहुंच रहे हैं और मंत्री उनकी समस्याओं को निपटाने के लिए संबंधित विभागों या अफसरों को टीप लिख रहे हैं, उन्हें कुछ अधिकारियों द्वारा महत्व नहीं दिया जा रहा है।

**समस्याओं का पूरी तरह से निराकरण नहीं**

भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस नवाचार को लेकर जिस तरह के परिणाम की उम्मीद जताई जा रही थी, वैसी मिल नहीं रही है। जिसका असर कार्यकर्ताओं के उत्साह पर पड़ रहा है । कार्यकर्ता अपना किराया लगाकर भोपाल पहुंचता है, लेकिन उन्हें अपनी समस्याओं का पूरी तरह से निराकरण नहीं मिल पा रहा है। पार्टी के एक विधायक ने भी अपनी गोपनीयता छिपाने की शर्त पर कहा कि जब तक मंत्रियों द्वारा स्थानीय विधायकों को महत्व नहीं दिया जाता।

## पटवारी की विधानसभा चुनावी तैयारी शुरू

### हारी-जीती सीटों पर मंथन के साथ मैदान में

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से शरू कर दी है और पिछली बार जिन सीटों पर कम वोट के साथ दूसरे समीकरणों के बीच जो हार-जीत हुई है, उस पर विचार-विमर्श शुररू कर दिया गया है। साठ ऐसी सीटें मानी गई है, जिन पर वोट में सेंध लगने के कारण हारने की बात सामने आई है। विधानसभा चुनाव अभी तीन साल के उपरांत है, लेकिन तैयारियां अभी से शुरूरू हो गई है। वैसे तो 2027 से कांग्रेस को मैदान पकड़ना है, लेकिन 2026 से ही उन्होंने तैयारी करना शुरू कर दी है।

सभी इलाकों को देखकर अभी से प्रयास किए जा रहे है। सबसे पहला कदम पुरानी सीटों पर जो कम वोटों से हार-जीत हुई है, उस पर अंकगणित लगाए जा रहे है और उसी गणित के आधार पर चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। विधानसभा में पिछली बार जो हार हुई है, उस पर पटवारी ने अभी से प्लानिंग शुरू कर दी है। उनका मानना है कि 60 सीटें ऐसी थी जिस पर वोट चोरी के कारण चुनाव हारा गया है अब उस सीट पर नए समीकरण बनाए जा रहे है और जीत-हार के लिए कार्यकर्ताओं को तैनात किया जा रहा है ताकि कोई भी परेशानी न हो सकें।

अभी से ब्लाक स्तर पर तैयारियां शुररू हो गई है। मामला गंभीर दिख रहा है इसलिए उन्होंने जिम्मेदारों को कह दिया है कि कोई भी लापरवाही न की जाए। एसआईआर को लेकर जो वोट बैंक का गणित सामने आया है उस पर भी कांग्रेस ने मंथन शरू कर दिया है ताकि किसी के भी वोटों पर सेंध न लग सके और इस वोट बैंक के लिए अभी से गणित शुरू हो गए है।

विधानसभा चुनाव में इस बार पूरी ताकत के साथ जोर आजमाइश की जाएगी। हालांकि पिछली बार भी मैदानी लड़ाई तो लड़ी गई थी, लेकिन गृहमंत्री अमित शाह की प्लानिंग के आगे कांग्रेस की तैयारियां ध्वस्त हो गई थी।





#### कोई भी गलती दोहराने की कोशिश नहीं की जा रही है

इस बार अभी से हर तरह के हर तरह तीर-तरकश निकाले जा रहे है और कोशिश यह रहेगी कि कोई गड़बड़ न हो। हर तरीके से चुनाव को ताकत के साथ लड़ा जा सके। कार्रवाई यह है कि जिम्मेदारों भी अलर्ट कर दिया गया है, जहां पर कांग्रेस के विधायक है उन्हें भी चेता दिया गया है कि जरा सा भी लापरवाही न की जाए। मालवा निमाड़ में भी अभी से जाल फैला दिया गया है। कोई भी गलती दोहराने की कोशिश नहीं की जा रही है। चंबल और विंध्य में भी अलग तैयारी चल रही है इसलिए मजबूती के साथ पार्टी के लिए जोर आजमाइश हो रही है और यही कोशिश रहेगी कि कही दोबारा गलती न दोहराई जाए।

### यात्रियों की कमी के कारण इंदौर से गाजियाबाद की सीधी उड़ान बंद




**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर से गाजियाबाद के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए बुरी खबर है। इंडिगो एयरलाइंस द्वारा इंदौर से गाजियाबाद के बीच शुरू की गई सीधी उड़ान को कंपनी ने बंद कर दिया है। कुछ ही समय संचालन के बाद कंपनी द्वारा इस उड़ान को बंद किए जाने से गाजियाबाद जाने वाले यात्रियों को अब दोबारा दिल्ली होकर जाना पड़ेगा।

इंडिगो एयरलाइंस ने केंद्र सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम उड़ान के तहत इंदौर से गाजियाबाद के बीच 21 जुलाई से सीधी उड़ान की शुरूआत की थी। कंपनी का कहना था कि इस उड़ान के शुरू होने से इंदौर से गाजियाबाद और दिल्ली के साथ ही उत्तरप्रदेश के आसपास के शहरों में भी जाना आसान होगा।

यह भी बताया गया था कि दिल्ली में लगातार बढ़ते उड़ानों के दबाव को देखते हुए शासन दिल्ली तक जाने वाले यात्रियों के लिए विकल्प के एयरपोर्ट के रूप में भी गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट को देख रहा है, जहां से मात्र 20 से 30 मिनट के सफर में यात्री दिल्ली जा सकते हैं।

उड़ान स्कीम के तहत शुरू होने के कारण इसका किराया इंदौर से दिल्ली की सामान्य उड़ानों की अपेक्षा कम भी था।

# सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने उत्साह से भाग लिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

खेल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है वही खेल के माध्यम से बुद्धि का विकास भी होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश के खिलाड़ी खेलों में मेडल प्राप्त करें एवं खेल गतिविधियों को बढ़ाने के उपदेश को लेकर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कर खिलाड़ियों के दिलों में अपनी जगह बनाई है।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा सांसद के ज्ञानेश्वर पाटिल के मार्गदर्शन में खेल महोत्सव के लोकसभा प्रभारी जितेंद्र सुराणा के साथ ही विधानसभा प्रभारीयो के सानिध्य में पूरे लोकसभा क्षेत्र में लगभग २ लाख खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराकर इस खेल महोत्सव में अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया, और विजेता खिलाड़ियों ने पुरस्कार प्राप्त किये। सांसद सांसद खेल महोत्सव खंडवा संसदीय क्षेत्र के समापन कार्यक्रम में 600 से अधिक खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार वितरित किए गए।

जिला मुख्यालय खंडवा किशोर सभागृह में शानदार समापन आयोजन में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, विधायक कंचन तंनवे छाया मोरे, महापौर अमृता यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल तोमर , खेल महोत्सव समन्वयक जितेंद्र सुराणा , खेल प्रभारी दिनेश पालीवाल,हरीश कोटवाले, सुभाष कोठारी, सेवादास पटेल, अरुण सिंह मुन्ना, हितेंद्र सिंह सोलंकी, प्रवक्ता सुनील जैन, मुकेश तंनवे, ममता बोरसे , परमजीत सिंह नारंग की उपस्थिति में गरिमामय आयोजन हुआ प्रवक्ता सुनील जी ने बताया कि एक हजार से अधिक खिलाड़ी एवं जन प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किशोर कुमार सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल उद्बोधन की भी व्यवस्था की गई । बड़वाह की वॉलीबॉल विजेता तीनों टीमों को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर संबोधित करते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि खेल महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है, लगभग 2 लाख खिलाड़ियों ने पूरे खेल महोत्सव में अपना पंजीयन कराया और अपनी कला का प्रदर्शन किया इस प्रकार के खेल महोत्सव आगे भी होते रहेंगे इस महोत्सव में स्कूली छात्र छात्राओं युवाओं बालिका और महिलाओं ने हिस्सा लिया।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी एवं इस महोत्सव में नारी सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। विधायक कंचन तंनवे ने कहा कि आंगनबाड़ियों में आयोजित किया गया खेल महोत्सव एक नवाचार है। उन्होंने क्षेत्र में कबड्डी खेल को बड़े स्तर पर ले जाने के प्रयास किए जाएंगे।

## न्यूज-कॉलम





## 12वीं के विद्यार्थियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद कार्यक्रमों का आयोजन

**मनावर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के दिशा निदेर्शों के आधार पर विद्योदय महाविद्यालय मनावर द्वारा संस्था प्राचार्य डॉ.अजय वाघे के निर्देशन में कॉलेज चलो अभियान का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में मनावर स्थित सी.एम. राइस हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल एवं प्रियदर्शनी ज्ञान मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल सिंघाना में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद किया गया। उक्त कार्यक्रमों में महाविद्यालय के प्रो.आर. एस.मुकाती, प्रो.मनीष पाटीदार एवं प्रो संतोष शर्मा द्वारा शासन के कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा का महत्व, महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया, विभिन्न संकायों में रोजगार के अवसर, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु उच्च शिक्षा में विषयों का चयन एवं नवीन शिक्षा नीति 2020 की विशेषताओं से अवगत कराते हुए महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया गया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया



**आलीराजपुर ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के निदेर्शानुसार ईवीएम वेयर हाउस का बंद ताला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 29 दिसंबर 2025 को अपरान्ह एक बजे किया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज गरवाल, राजनैतिक दल से श्री राजेंद्र मोदी, श्री अहमद दबुक, श्री राकेश जमरा सहित निर्वाचन अधीक्षक श्री सरदार चौहान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

## टाण्डा के कबड्डी खिलाड़ियों के आगमन पर भव्य स्वागत किया



**टाण्डा।** राष्ट्रीय पेसा महोत्सव दिवस पर विशाखापट्टनम में खेल का आयोजन हुआ। पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पेसा दिवस के अवसर पर 24 दिसंबर को आन्ध्रप्रदेश विशाखापट्टनम में आयोजित महोत्सव में 10 पेसा राज्यों से विभिन्न प्रकार की गतिविधियां शामिल रहीं। मध्यप्रदेश पुरुष कबड्डी टीम ने उड़ीसा को हरा कर चैम्पिनशिप का खिताब हासिल किया। मध्यप्रदेश टीम में धार जिले से 3 खिलाड़ी शामिल रहें जिसमें बाग ब्लॉग के टाण्डा के राहुल बघेल, मनीष डावर शामिल रहे साथ ही लखन ग्रेवाल व कोच अमरसिंह अलावा तथा पेसा जिला समन्वयक दिलीप मछार भी साथ थे । कबड्डी खिलाड़ी राहुल(मोंटी) बघेल, मनीष डावर कोच अमर अलावा, दिलीप मछार का टांडा नगर आगमन पर नगरवासियों ने परंपरागत वाद यंत्र ढोल मांदल व पुष्पहारों से भव्य स्वागत कर नगर भ्रमण कराया। खिलाड़ियों द्वारा सभी का अभिवादन भी किया गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव

**मनावर।** सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव के अन्तर्गत बाल सृष्टि का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुनील पुरोहित प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मनावर (पूर्व छात्र सरस्वती शिशु मंदिर निर्माण) विजय गोरे प्रोफेसर शा. महाविद्यालय मनावर, शोभाराम पाटीदार समाजसेवी, सुखदेव राठौड़ शास शिक्षक रहे। इस अवसर पर भैया बहनों ने हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सा.विज्ञान विषय से संबंधित चार्ट, माडल के माध्यम से अपने विषय का प्रस्तुतीकरण किया। वार्षिकोत्सव के अंतर्गत शिशु मेले का आयोजन किया गया।

## पिता की स्मृति में समाज सेवा का अनुकरणीय उदाहरण



**मंडलेश्वर।** स्वर्गीय नारायण सिंह तोमर के स्वर्गवास के उपरांत आयोजित तेरहवीं संस्कार के अवसर पर उनके सुपुत्रों द्वारा समाज सेवा का प्रेरणादायी कार्य किया गया। उनके पुत्र त्रिभुवन सिंह तोमर (धन्ना), अशोक सिंह तोमर (कान्हा) एवं मुकेश सिंह तोमर ने पिता की पुण्य स्मृति में क्षत्रिय राजपूत समाज धर्मशाला, मंडलेश्वर को पच्चीस हजार एक रुपये की राशि दान स्वरूप प्रदान की। इस अवसर पर क्षत्रिय राजपूत समाज मंडलेश्वर के अध्यक्ष अर्जुन सिंह पटेल, सचिव दीपक सिंह तोमर सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य भूपेंद्र सिंह चौहान, राधेश्याम सिंह सिसोदिया, मनोहर सिंह चौहान, मोहन सिंह पटेल, महादेव सिंह पटेल एवं राधेश्याम सिंह सोलंकी उपस्थित रहे।समाज के पदाधिकारियों ने तोमर परिवार के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने कहा कि इस प्रकार के कार्य समाज में एकता, सहयोग और संस्कारों को मजबूत करते हैं।

## कलेक्टर ने की प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, खाद उपलब्धता व संबंधित योजनाओं की समीक्षा



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

जिले में किसानों को समय पर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, खाद की उपलब्धता, सॉयल हेल्थ कार्ड, माइक्रो इरीगेशन, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, पीएम मत्स्य संपदा योजना सहित समस्त कृषि एवं अन्य विभागों की संबद्ध योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती माथुर द्वारा कृषि, सामा जिक न्याय, जल संसाधन, उद्योग विभाग, सहकारिता, अधीक्षक भू-अभिलेख, डीपीएम एनआर एलएम, प्राचार्य आईटीआई सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कृषि संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगति, लक्ष्य, उपलब्धियों एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप विस्तृत कार्य योजना बनाकर अनिवार्य रूप से प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में जिले में खाद की उपलब्धता, समय पर वितरण एवं किसानों को खाद की आवश्यकता की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए तथा खाद वितरण में किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने खाद वितरण केंद्रों पर टोकन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित रखने के भी निर्देश दिए।

# पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित वातावरण को प्रोत्साहित करने हेतु पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर



पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति आंबुआ पुलिस द्वारा सामाजिक प्रतिबद्धता के तहत 28 दिसम्बर 2025 को थाना आंबुआ परिसर में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण थाना प्रभारी आंबुआ उप निरीक्षक श्री मोहन डावर के नेतृत्व में अधीनस्थ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की सहभागिता से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

वृक्षारोपण के दौरान थाना परिसर के विभिन्न स्थानों पर छायादार, फलदार एवं पर्यावरण के अनुकूल पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, स्वच्छ एवं हरित वातावरण विकसित करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें विकसित करने हेतु सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया। थाना प्रभारी उप निरीक्षक श्री मोहन डावर द्वारा उपस्थित स्टाफ को संबोधित करते हुए बताया गया कि वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण न केवल वर्तमान पीढ़ी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

वृक्ष मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन का प्रमुख स्त्रोत होने के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं की रोकथाम, जल संरक्षण एवं जलवायु संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने पुलिस कर्मियों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करें तथा आम नागरिकों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करें।

थाना आंबुआ पुलिस द्वारा यह संदेश दिया गया कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित न रहकर समाजहित, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।

## महाविद्यालय नें कॉलेज चलो अभियान चलाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

शासकीय महाविद्यालय बाग द्वारा कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार अकादमिक सत्र 2026-27 में कक्षा 12 वी मे पढ़ रहे विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए कॉलेज चलो अभियान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सखाराम भूरिया एवं नोडल अधिकारी डॉ.राकेश कुमार मालवीय के मार्गदर्शन चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत शत-प्रतिशत प्रवेश का संकल्प लेकर महाविद्यालय के प्राध्यापक द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घटबोरी में छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा मे प्रवेश के लिए तथा उच्च शिक्षा से जुड़े अवसरों एवं योजनाओं के बारे में जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.महेंद्र माटे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, मुख्य विषय, गौण विषय, व्यावसायिक विषय, प्रायोगिक कार्य, विभिन्न प्रकार की छात्रवृति योजना, गांव की बेटी योजना, आवास योजना, साथ ही खेल गतिविधियां, पुस्तकालय सुविधा, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, गर्ल्स कॉमन रूम, शारीरिक व्यायाम के लिए ओपन जिम और अन्य कल्याणकारी योजनाओ के बारे में जानकारी प्रदान की।

स्वामी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ योजना प्रभारी डॉ.महेंद्र रणदा ने उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर पंजीयन कैसे करे कॉलेज चॉइस, महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जानकारी देते हुए ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी, कक्षा 12 के बाद विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक कोर्स के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक संख्या में महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घटवोरी के प्राचार्य दिलीप सिंह मंडलोई, माधवसिंह मंडलोई तथा अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल बाग में मनाया वार्षिक उत्सव




**बाग।** नगर की शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल द्वारा अपने वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में सामाजिक ,राष्ट्रीय ,स्वदेशी पर्यावरण एवं समरसता के विषयों को लेकर अपने विद्यार्थियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी और इस कार्यक्रम जिसमें कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने-अपने कलाकृतियों का मंचन किया कार्यक्रम का संचालन छोटे-छोटे बच्चों द्वारा धारा प्रवाह किया गया जो आकर्षण का केंद्र रहे एवं स्कूल की प्रतिभा का प्रदर्शन भी देखने को मिला। साथ ही एक विशाल मंच एवं एडवांस तकनीकी का उपयोग से कार्यक्रम का आयोजन हुआ तथा बोर्ड परीक्षाओं के श्रेष्ठ परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया इस अवसर पर संस्था के निदेशक श्री मनोज काग ने पालकों को को संबोधित करते हुए कहां कि मैं शिक्षा के क्षेत्र में अपने मूल्य और दृष्टिकोण को बताना चाहता हूं । हमारा ध्येय वाक्य है , ऐसी शिक्षा जहां योग्यता और मूल्य एक साथ मिलते हो" तथा कार्यक्रम के अंतिम प्रस्तुतियों में शिवाजी महाराज की प्रस्तुति हुई जिससे कार्यक्रम की भव्यता देखकर पालकों ने स्कूल प्रबंधन की सराहना करते हुए बहुत-बहुत बधाइयां दी।

## सांदीपनी में 24 वें वार्षिक खेल उत्सव का मशाल रैली से भव्य शुभारंभ

**मण्डलेश्वर ।** स्थानीय शैक्षणिक संस्था सांदीपनी एकेडमी, मण्डलेश्वर में 24वें वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ मण्डलेश्वर के ऐतिहासिक नर्मदा मंदिर से मशाल प्रज्ज्वलन के साथ भव्य रूप से किया गया।विद्यालय के प्राचार्य कमलेश सी. जोशी एवं विशिष्ट अतिथि श्री भूपेन्द्र चौहान (भाईसाहब) द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन उपरांत मशाल प्रज्ज्वलित की गई, जिसे विद्यालय के छात्र एलन अब्राहम एवं छात्रा हत्वी पाटीदार को सौंपा गया।मशाल रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई एम.जी. रोड एवं बस स्टैण्ड से गुजरते हुए विद्यालय के खेल मैदान पहुँची।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम रेखा रानी पति सूबेदार अजय पाल था, जो कि परिवर्तित कर रेखा पति सूबेदार अजय पाल कर दिया है। अतः अब भविष्य में मुझे रेखा के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

**रेखा पति सूबेदार अजय पाल (JC 472518 X) 9 एम पी बटालियन एन.सी.सी. इंदौर (म.प्र.)**

## नेपानगर में धूमधाम से मनाया गया नानी बाई रो मायरो ओर जम्मा जागरण

**नेपानगर।** नेपानगर के पानधार एरिया गणेश मंदिर के साईंनाथ वार्ड में गुरुवार को तीन दिवसीय नानी बाई रो मायरो का पाठ संपन्न हुआ, जिसमें गुरु महाराज रामदेव जी शर्मा ने विशेष आरती की, जो आकर्षण का केंद्र बनी। कथा वाचन सिवनी मालवा हरदा के कथा वाचक पंडित राकेश दीक्षित ने कथा का वाचन किया, आयोजक करता श्री द्वारकाधीश भक्त मंडल पीतांबर पाटिल, रामचंद्र पाटिल, अनिल महाजन, धनराज पाटिल, योगेश पाटिल और युवराज पाटिल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विशेष आरती और विवाह उत्सव गुरु महाराज रामदेव जी शर्मा ने विशेष आरती की और जम्मा जागरण के दौरान भगवान का विवाह उत्सव मनाया गया, जो एक अनोखा और भावपूर्ण अनुभव था। समापन कार्यक्रम का समापन रात प्रगट स्थान पर भगवान के पूजन के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने भाग लिया और भगवान की आरती की।

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-1**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती सीमा श्री वल्लभ कौशल वार्ड नं. 16 पता-224, कृष्णा पार्क कालोनी इन्दौर पिन-1000845170 (रजवात शुल्क) नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 1 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-1 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-20**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- मोहम्मद मुसा, मोहम्मद अयूब, 3-मोहम्मद रफीक पता-मकान नं. 54 अहिल्यापुरा इन्दौर पिन-1000841114 वार्ड क्रं. 19 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-20**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री मोहनलाल बगवान पिता स्व. श्री कन्हैयालाल पता-मकान नं. 229 जयभवानी नगर इन्दौर पिन-1001232567 वार्ड क्रं. 19 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर साकेत नगर झोन क्रमांक-10**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- परवेज खान पिता अब्दुल अजीज खान क्रेता- कौसर खान पिता मुजीबुर रहमान खान पता- डी-17 अली कालोनी इन्दौर पिन- 2000247282 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 (साकेत नगर) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी साकेत झोन क्रमांक-10 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर साकेत नगर झोन क्रमांक-10**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- श्रीमती शाहीना परवीन गौरी पति मोहम्मद हबीब गौरी क्रेता- विजय राठौड़ पिता गणेशीलाल राठौड़ पता- भूखंड क्रमांक 55 आरएच रो हाऊस स्कीम 134 वार्ड 40 इन्दौर पिन- 9000093936 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 (साकेत नगर) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी साकेत झोन क्रमांक-10 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर साकेत नगर झोन क्रमांक-10**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- श्रीमती भावना कोतवाल पति सुनील कोतवाल क्रेता- प्रखर संघवी पिता प्रवीण संघवी पता- भूखंड क्रमांक 79 प्रकोष्ठ क्रमांक 305 श्री क्लासीक आर्य बीमा नगर इन्दौर पिन- 1001083676 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 (साकेत नगर) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी साकेत झोन क्रमांक-10 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर साकेत नगर झोन क्रमांक-10**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- नारायण पाटीदार पिता घासीराम पाटीदार क्रेता- अंकित पाटीदार पिता गणेश पाटीदार, अश्विन पाटीदार पिता विजय पाटीदार पता- वार्ड क्रं. 40 मकान नं. 871 नया नम्बर 682 खजराना तहसील जूनी इन्दौर पिन- 1003033160 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 (साकेत नगर) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी साकेत झोन क्रमांक-10 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर साकेत नगर झोन क्रमांक-10**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- नारायण पाटीदार पिता घासीराम पाटीदार क्रेता- अंकित पाटीदार पिता गणेश पाटीदार, अश्विन पाटीदार पिता विजय पाटीदार पता- वार्ड क्रं. 40 मकान नं. 215 खजराना तहसील जूनी इन्दौर पिन- 1001053873 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 (साकेत नगर) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी साकेत झोन क्रमांक-10 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-22**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- विशाल सोनी पिता रमेशचंद्र सोनी क्रेता- दीपक मोहना पिता गोविन्द प्रकाश मोहना पता- 261 श्री धनलक्ष्मी नगर ग्राम निपानिया इन्दौर पिन- 1003080419 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-22**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- श्रीमती रागेश्वरी पाटीदार क्रेता- आशीष ठाकुर पता- 100 प्लेटीनम ग्रीन सिटी ग्राम मायाखेडी जिला इन्दौर पिन- 1004470697 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर**

खास न्यूज

## युवक थैली में छुपाकर लाया था अवैध शराब



**उज्जैन।** थैली में अवैध शराब छुपाकर ला रहे युवक की सूचना सर्कल भ्रमण कर रहे देवासगेट थाना एएसआई रामेश्वर धानक को मिली तो वह भ्रमण पर मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ हीरामिल की चाल क्षेत्र तक पहुंचे। एक युवक थैली लेकर जाता दिखाई दिया, जिसे रोकने का प्रयास किया तो उसने दौड़ लगा दी। पुलिस ने पीछा किया और उसे हिरासत में लिया। उसकी थैली की तलाशी लेने पर उसमें भरे देशी शराब के क्वार्टर रखे होना सामने आये। युवक को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उसका नाम कुशाल पिता प्यारेलाल सिसोदिया 31 साल निवासी 24 प्लाट हीरामील की चाल सामने आया। आरोपी से शराब रखने एवं परिवहन संबंधित वैध लाइसेंस के संबंध में पूछताछ की गई, जो उसके पास नहीं होना पाया गया। जिसके चलते आरोपी का कृत्य धारा 34 मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम का पाये जाने पर मामला दर्ज कर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया।

## भोपाल में ट्रेन से गिरे वृद्ध का उज्जैन में उपचार

**उज्जैन।** नागपुर से राजस्थान के लिये जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में सवार भरत पिता पुरूषोत्तम मेहता 59 साल भोपाल स्टेशन पर में चलती ट्रेन से संतुलन बिगड़ने पर पटरियों के बीच जा गिरे थे। यात्रियों ने तत्काल चेन खींचकर ट्रेन को रोका और भरत मेहता को प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों की मदद से बाहर निकाला। उन्हे मामूली खरोंच लगी थी, उन्हे वापस ट्रेन में बैठाया गया। लेकिन रास्ते में उनकी तबीयत बिगड़ गई। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर उन्हे वापस उतारा गया और उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। भरत मेहता ने बताया कि परिवार में गमी होने पर वह राजस्थान जा रहे थे। भोपाल स्टेशन पर ट्रेन के धीमे होने पर उतरते समय गिरे थे, पैर में खरोंच आई थी। लेकिन बाद में तकलीफ बढ़ गई और पैर सूज गया।

## मां-बेटे को रिक्शा चालक ने मारी टक्कर

**उज्जैन।** टॉवर चौक पर तेजगति से दौड़ती रिक्शा क्रमांक एमपी झेड एक्स 2192 के चालक ने बाइक पर सवार नितिन पिता ठाकुरलाल माली और उसकी मां चंपाबाई निवासी जन्तर-मंतर मार्ग जयसिंहपुरा को टक्कर मार दी। दोनों मां-बेटा घायल हो गये। दुर्घटना के बाद चालक रिक्शा लेकर भाग निकला। घायल मां-बेटे को अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने घायल नितिन के बयान दर्ज कर रिक्शा का नम्बर सामने आने के बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। दुर्घटना का एक अन्य मामला आगररोड पर आकाश पेट्रोल पंप के सामने हुआ। तेजगति से दौड़ते आटो ने मानसिंह पिता भागीरथ शर्मा 48 साल निवासी बापूनगर को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल के पुत्र आशीष शर्मा की शिकायत पर चिमनगंज थाना पुलिस ने आटो चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## कंचन विहार में कक्षा 10 वीं के छात्र ने लगाई फांसी

उज्जैन। कक्षा 10 वीं में अध्ययन करने वाले छात्र ने सोमवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके साथ रहने वाले उसे फंदे से उताकर अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

टोंकखुर्द का रहने वाला यश पिता दिलीप पाटीदार 16 साल कक्षा 10 वीं का छात्र था। नीलगंगा थाना क्षेत्र के कंचन विहार में किराये का मकान लेकर पढ़ाई कर रहा था, उसके साथ कुछ दोस्त भी रहते है। शाम को यश दिखाई नहीं दिया तो साथ रहने वाले उसे देखने के लिये छत पर पहुंचे। यश सीढियों के यहां मफलर के फंदे से लटका हुआ मिला। दोस्त यशवंत उसे फंदे से उतारा और लोगों की मदद से चरक अस्पताल लेकर आया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यशवंत ने बताया कि दोपहर में स्कूल से लौटा था। उस दौरान चाचा संजय पाटीदार मिलने आये थे। उस वक्त तक यश बिल्कुल ठीक था। उसने हंसी मजाक की। चाचा कुछ देर बाद लौट गये थे। उसके बाद खाना खाकर सो गये। शाम को नींद खुली तो यश दिखाई नहीं दिया, पहले लगा कि दूध लेने गया होगा। जब देर तक नहीं आया तो छत पर देखने के लिये जाने लगे। यश मोबाइल भी नहीं रखता था। वहीं ऐसी कोई परेशानी भी नहीं बताई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला।

### 31 दिसंबर की शाम 4 बजे से लागू होगा यातायात प्लान

# 11 मार्गो पर वाहनों का प्रतिबंधित, 5 स्थानों पर रहेगी पार्किंग व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

साल 2025 की बिदाई और वर्ष 2026 के आगाज पर 12 ज्योर्तिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर यातायात पुलिस ने प्लान तैयार किया है। जिसे 31 दिसंबर की शाम 4 बजे से लागू किया जायेगा। 11 मार्गो पर वाहनों का पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।



यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि नववर्ष 2026 के प्रथम दिन बाबा महाकाल के दर्शन को लेकर लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना बढ़ती जा रही है। 25 दिसंबर के बाद से लगातार धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं की संख्या का ग्राफ बढ़ रहा है। वर्ष के अंतिम दिन और नववर्ष के प्रथम बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिये देशभर से श्रद्धालुओं का महासैलाब उमड़ने का अनुमान है। जिसको लेकर शहर की यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिये प्लान तैयार किया गया है। मंदिर की ओर जाने वाले 11 मार्गो पर वाहनों की आवाजाही पूर्ण प्रतिबंधित रहेगी। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनो को पार्क कराने के लिये 5 स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। कुछ मार्गो पर भारी वाहनों को डायर्वट किया जायेगा। प्लान 31 दिसंबर की शाम 4 बजे से 1 जनवरी की शाम तक लागू रहेगा।


31 दिंसबर की शाम से शहर में भारी वाहनों के लिये डायवर्सन मार्ग तय किये गये है। जिसमें इंदौर से नागदा/आगर/मक्सी की ओर जाने वाले भारी वाहन तपोभूमि, देवास बायपास, मारुति शोरूम, शैफी पेट्रोल पंप, श्री सिंथेटिक्स, मक्सी से देवास/इंदौर की ओर आने वाले वाहन श्री सिंथेटिक्स, शैफी, मारुति शोरूम, देवास रोड, नरवर बायपास और बड़नगर/नागदा/आगर की ओर से आने वाले भारी वाहन मोहनपुरा ब्रिज, साढ़ू माता की बावड़ी, चोपल सागर, अनाज मंडी मार्ग से पांड्याखेड़ी चौराहा होते हुए गुजरेगें। उज्जैन पुलिस सभी श्रद्धालुओं से अपील करती है कि वह निर्धारित मार्ग, पार्किंग व्यवस्था एवं यातायात निर्देर्शो का पालन करें।

### इन मार्गो पर नहीं जा सकेगें वाहन

यातायात पुलिस के प्लान अनुसार वाहनों के लिये पूर्णरूप से मार्गो में हरिफाटक टी से महाकाल घाटी चौराहा, जंतर-मंतर से जयसिंहपुरा/चारधाम, शंकराचार्य चौराहा से नरसिंहघाट, शंकराचार्य चौराहा से दानीगेट, भूखी माता टर्निंग से नरसिंहघाट, दौलतगंज से लोहे का पुल, कंठाल चौराहा से छत्री चौक, तेलीवाड़ा से कमरी मार्ग, दानीगेट से गणगौर दरवाजा/हरिसिद्धि पाल, के.डी. गेट से कमरी मार्ग और भागीरथ तिराहा से टंकी चौराहा की ओर तीन के साथ चार पहिया वाहन नहीं जा सकेगें। असुविधा से बचने के लिये प्लान अनुसार श्रद्धालु अपने वाहनों को पार्किंग में खड़ा कर मंदिर की ओर पहुंचे।

### यहां रहेगी वाहनों की पार्किंग व्यवस्था

चार पहिया और दोपहिया वाहनों के लिये अलग-अलग पार्किंग व्यवस्था की गई है। चार पहिया वाहनों की पार्किंग में इंदौर, देवास और मक्सी मार्ग से आने वाले वाहन इंजीनियरिंग कॉलेज तिराहा, हरिफाटक चौराहा, लालपुल टर्निंग से कर्कराज पार्किंग, इंटरप्रिटेशन पार्किंग और भील समाज पार्किंग तक पहुंच सकेगें। उक्त पार्किंग स्थल फूल होने पर चार पहिया वाहनों को हरिफाटक चौराहा स्थित मनंत गार्डन पार्किंग, इंपीरियल होटल के पीछे पार्किंग के साथ हरिफाटक ब्रिज के नीचे पार्किंग तक पहुंचाया जायेगा। बडनगर-नागदा की ओर से आने वाले चार पहिया वाहन मोहनपुरा ब्रिज, मुरलीपुरा, शंकराचार्य चौराहा होते हुए कार्तिक मेला मैदान पार्किंग में पार्क कराये जायेगें आगर की ओर से आने वालों वाहनों की पार्किंग मकोड़ियाआम, खाकचौक, जाट धर्मशाला, जूना सोमवरिया होते हुए कार्तिक मेला मैदान में रखी गई है। कार्तिक मेला मैदान भरने पर वाहनों को कृषि उपार्जन मैदान में पार्क कराया जाएगा।



### दोपहिया वाहन यहां होगें पार्क

इंदौर/देवास/मक्सी मार्ग की ओर से आने वाले दो पहिया वाहन चालक अपने वाहनों को हरिफाटक चौराहा, लालपुल टर्निंग, भील समाज और ककराज पार्किंग में वाहन पार्क कर सकेगें। बड़नगर/आगर/नागदा मार्ग से आने वाले हरिसिद्धि पाल पार्किंग में वाहन खड़े करेगें। हरिसिद्धि पाल पार्किंग भरने पर शंकराचार्य चौराहा के पास गुरुद्वारा भूमि पर रहेगी। शहर की सभी पार्किंग भर जाने पर इंदौर, देवास और भोपाल से आने वाले वाहनों को इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान में वाहन खड़े करना होगें।

# युवक की चाकू घोंप कर हत्या का प्रयास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विवाह समारोह में शामिल होने आये युवक की चाकू घोंपकर रविवार-सोमवार रात हत्या का प्रयास किया गया है। पुलिस ने 3 हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

बेगमपुरा में रहने वाला शोएब पिता शब्बीर शाह 24 साल दोस्त आवेश खान के साथ सावंराखेड़ी मार्ग पर बंधन गार्डन में आयोजित विवाह समारोह में खाना खाने पहुंचा था। जहां विराटनगर में रहने वाले आफताब, आदिल और अमन भी आये थे। जिनसे पुरानी रंजीश चली आ रही थी। खाना खाने के दौरान उनके बीच घूराघूरी शुरू हो गई। कुछ देर बाद शोएब और आवेश अपने साथी अयाज और दाऊद के साथ घर जाने के लिये गार्डन से बाहर आये तो विराटनगर में रहने वाले तीनों युवको ने रोक लिया। उन्होने आवेश के साथ पहले मारपीट की और बाद में शोएब के सीने, कमर और कंधे पर चाकू घोंप दिये। चाकूबाजी होते ही अफरा-तफरी मच गई। हमला करने वाले तीनों युवक भाग निकले। गंभीर घायल शोएब को चरक अस्पताल लाया गया, जहां से निजी अस्पताल उपचार के लिये ले जाया गया। चाकूबाजी की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। घायल के दोस्त आवेश के बयान पर हमला करने वाले तीनों युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की गई। सोमवार शाम तक तीनों पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके।

### थाना क्षेत्र में कुछ दिनों में तीन चाकूबाजी

नीलगंगा थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में तीन चाकूबाजी की घटना होना सामने आई है। तीनों मामलों में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। पहली घटना एक्सीलेंस स्कूल के 2 नाबालिग छात्रों के बीच हुई थी। विवाद होने पर एक छात्र ने अपने बाहरी साथियों को बुलाकर चाकू से हमला किया था। दूसरी घटना 2 दिन पहले शास्त्रीनगर ग्राउंड के पास एक युवक को सीने में चाकू घोंप दिया गया था। वहीं तीसरी घटना सावंराखेड़ी मार्ग पर होना सामने आई है। छात्रों के बीच हुई घटना में नाबालिगों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं 2 घटनाओं के में शामिल 5 आरोपित फरार है।



### अनाज मंडी में जुआ खेलते 3 लोगों को पकड़ा

उज्जैन। तराना थाना पुलिस ने शाम को अनाज मंड़ी में ताशपत्ती से जुआ खेल रहे 3 लोगों को दबिश देकर पकड़ा। जिनके पास से ताशपत्ती के साथ नगद राशि जप्त की। एएसआई पीसी साहू ने बताया कि तीनों मंडी परिसर में मजदूरी का काम करते है। जिनके खिलाफ 13 जुआ एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। तीनों को नोटिस तामिल कराकर रिहा किया गया है। चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा। पूर्व में भी पुलिस मंडी परिसर से जुआ खेलते लोगों को पकड़ चुकी है।

## महिला कर्मचारी ने लौटाया मंगलसूत्र

**उज्जैन।** झारखंड से डॉ.आयुष कुमार अपनी मां के साथ रविवार को महाकाल दर्शन करने आये थे। दर्शन के बाद मंदिर से बाहर आते समय उनकी मां का मंगलसूत्र भीड़ में गिर गया। उन्होने कोर सिक्यूरिटी कंपनी के प्रभारी को जानकारी दी, प्रभारी ने मंदिर कंट्रोलरूम को महिला श्रद्धालु का मंगलसूत्र गुम होने की सूचना दी। इसी बीच पता चला कि उक्त मंगलसूत्र टनल के निर्गम गेट पर मंदिर समिति की कर्मचारी सुमन राठौर को मिला है। प्रभारी ने डॉ. आयुष कुमार को मंगलसूत्र मिलने की जानकारी दी और कंट्रोलरूम भेजा। जहां उनकी माता को गुम मंगलसूत्र लौटा दिया गया, जो 2 तोला वजनी था।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी -1- मनोहरसिंह पिता हरिसिंह राजपुत 2-लीलाबाई पति स्वं हरिसिंह जी राजपुत निवासी ग्राम परोलिया पदमा तहसील उन्हेंल जिला उज्जैन म०प्र० से उनकी सामिलाती खाते की कृषि भूमि जो कि सर्वे क्रमांक 396 रकबा 0.47 हैक्टेयर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.47 हैक्टेयर भूमि प.ह.न.72 स्थित ग्राम परोल्या पदमा तहसील उन्हेंल जिला उज्जैन म०प्र० में होकर उक्त भुमि का विक्रय टोकन / सौदा चिठठी/अनुबंध पत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उक्त भुमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भुमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके । अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो । इति दिनांक-29-12-2025

**ज्योतिष शर्मा, (दस्तावेज लेखक/सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय पता -उन्हैल चौराहा भैरवगढ़ उज्जैन म.प्र.**
**मो.नं. 96300-65216,**


## मुस्लिम युवक के बेग से निकली आपत्तिजनक सामग्री



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कालिदास स्कूल के पास बालिका से छेड़छाड़ की सूचना पर पहुंचे हिन्दूवादी संगठन ने मुस्लिम युवक को पकड़ा और थाने लाये तो उसके बेग से आपत्तिजनक सामग्री मिलना सामने आया। पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई कर जांच शुरू की है।

बताया जा रहा है कि सोमवार शाम मुस्लिम युवक कालिदास स्कूल बियाबानी चौराहा के पास पहुंचा था। हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को पता चला कि युवक बालिका के साथ छेड़छाड़ कर रहे है। कपिल कसेरा, दिनेश मकवाना, राहुल सिसौदिया अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होने युवक को पकड़ा और पूछताछ की, उसका नाम असगर पिता रहीम सरकार निवासी कोलकत्ता हाल मुकाम राजबाड़ा इंदौर होना सामने आया। जिसे कोतवाली थाने लाया गया, जहां उसके बेग की तलाशी ली गई तो आपत्तिजनक सामग्री मिलना सामने आया। थाना प्रभारी दिनबंधुसिंह तोमर ने बताया कि युवक से पूछताछ चल रही है। फिलहाल प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई की गई है। छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराने कोई सामने नहीं आया है।

### स्मार्ट पार्किंग में खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर बैग और मोबाइल ले गए बदमाश

उज्जैन में नव वर्ष पर महाकाल मंदिर दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को बदमाश निशाना बना रहे हैं। हैरत की बात यह है कि स्मार्ट पार्किंग में खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है, जबकि पार्किंग स्टाफ सिर्फ वसूली में लगा है। ऐसा ही एक मामला महाराष्ट्र के चंद्रपुर निवासी दीपक पांडे के साथ हुआ। वे अपने परिवार के साथ रविवार को महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे थे। उन्होंने अपनी क्रेटा कार (MH34-CJ 9586) को महाकाल थाने के पास बनी स्मार्ट पार्किंग में खड़ा किया था। सोमवार को महाकाल मंदिर में दर्शन करने के बाद पांडे परिवार जब कार लेने पहुंचा, तो उन्हें कार का शीशा टूटा हुआ मिला। कार में रखा उनका बैग भी गायब था। दीपक पांडे ने बताया कि बैग में 15 हजार रुपए नकद, लॉकर की चाबी और करीब एक लाख रुपए का मोबाइल फोन था, जो चोरी हो गया।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड पता- 26 बख्तावर मार्ग, फ्रिगंज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक एल-03 उत्तर दिशा का भाग होकर नाकोडा हिल्स स्थित ग्राम मानपुर देवास रोड़ उज्जैन (म.प्र.) स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 54.00 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- कॉलोनी का रोड, पश्चिम मे- भवन क्रमांक एल-16, उत्तर मे- भवन क्रमांक एल-04, दक्षिण मे- शेष भाग भवन क्रमांक एल-03 स्थित है। उक्त सम्पत्ति प्रकाश टांक पिता रामचंद्र टांक ने वसीयत पत्र क्रमांक MP432022020A3174247 दिनांक 04/03/2020 के माध्यम से पुजा टांक पुत्री प्रकाशचंद्र टांक के हित में निष्पादित कि एवं प्रकाश टांक की मृत्यु दिनांक 20/10/2021 हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी पुजा टांक ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022023A11809864 दिनांक 08/05/2023 को हेमुबाई पति मोहनलाल को विक्रय कि तथा हेमुबाई ने विक्रय करने का अनुबंध श्रीमति संतोष पति किशोर की ओर से किया। तथा श्रीमति संतोष ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड, उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चैराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकारा रेखा बाई पति सोहनसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम खडोतिया तहसील देपालपुर जिला इन्दौर म.प्र. द्वारा भूमि स्वामी द्रोपतीबाई पति घनश्याम जाति नाई निवासी बडी कलमेर तहसील हातोद जिला इन्दौर म.प्र. कृषक ग्राम मसवाडियाखालसा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. के मालिकी एवं आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नम्बर 155/2/2 रकबा 0.4400 हे. एवं भूमि सर्वे नम्बर 155/2/4/1 रकबा 0.2600 हे. कुल किता 2 कुल रकबा 0.7000 हे. भुमि स्थित ग्राम मसवाडियाखालसा तहसील बडनगर जिला उज्जैन की भूमि को कय करने का सौदा कर, एक सौदा चिट्ठी दिनांक 15-12-2025 को सम्पादित कर, सौदा तय कर लिया है तथा विक्रय मुल्य की आंशिक राशि का भुगतान कर दिया गया है, तथा अनुबंधीत भूमि का मेरी पक्षकारा के पक्ष में विक्रय पत्र सम्पादित होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भुमि से संबंधित मुख्त्यारनामा या मुख्त्यारनामाखास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का हित स्वत्च, अधिकार हो या अन्य कोई सम्पत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के मिलर मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरी पक्षकारा अनुबंधीत भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगी। सूचित हो। इति दिनांक 28-12-2025

**राकेश जादव, एड्वोकेट,**
**कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन**
**मो.नं. 8251823925, 8770835347**

# कांटों से मत उलझो सही को करने का नया मंत्र सीखो



नए साल में चित्त में बड़ी उमंगें उठती हैं, कुछ नया करने का भाव उठता है, लेकिन सब कुछ कपूर की तरह उड़ जाता है। कुछ नया करने के लिए पहले नया बनना पड़ेगा और इसके लिए अपने मन को समझना होगा, जो नया नहीं बन सकता। मन एक यंत्र है, जो सिर्फ पुनरुक्ति कर सकता है। इसीलिए आदतें इतनी मजबूत हो जाती हैं। मन के पास अपनी चेतना नहीं है, अपना प्रकाश नहीं है। जैसे कंप्यूटर के पास अपनी बुद्धि नहीं होती, जितना डाटा अंदर डालो, उतना वह इस्तेमाल करता है। मन भी ठीक वैसा ही है। नए का संकल्प मन ही करता है, लेकिन कभी उसे पूरा नहीं कर पाता। पुनरुक्ति मन का स्वभाव है, इसलिए मन के जगत में कभी कोई नई चीज नहीं घटती। कोई मौलिक तत्व नहीं घटता; वहां सब बासी और पुराना है- सब उच्छिष्ट! आप उसी-उसी की जुगाली करते रहते हैं। भैंस भोजन कर लेती है, फिर उसको निकालकर मुंह में जुगाली करती रहती है। चित्त जुगाली कर रहा है। आप मन में जो कुछ भी ले लेते हैं भोजन की तरह- विचार, भाव, पुरानी संस्कृति, धर्म, वह सबकी जुगाली करता रहता है। एक किताब पढ़ो, फिर चित्त में वह चलने लगेगी। एक चक्र शुरू हो गया। चित्त फिर उसे चबाएगा, पचाएगा, पुनरुक्त करेगा। यह पुनरुक्ति शक्ति बन सकती है। मन का उपयोग चाहे बुराई के लिए कर लो, चाहे भलाई के लिए। इसलिए एक बात की जा सकती है कि जब आपको क्रोध आए, तो स्वीकार कर लो और देखो कि कितनी बार क्रोध होता है। क्रोध का पश्चाताप भी मत करो, क्रोध से लड़ो भी मत। जितनी बार क्रोध हो, उतनी बार उसके विपरीत करुणा के कृत्य भी करो। जितनी बार लोगों को आप से हानि पहुंचती हो, उतनी बार लोगों को लाभ भी पहुंचाओ। लोगों को लाभ पहुंचाने का रस भी लो। बुराई के लिए अपने को दंड मत दो; भलाई का पुरस्कार भोगो। अगर आप से किसी के प्रति गाली निकल गई है, तो जाकर किसी की प्रशंसा करो, किसी के गुण भी गाओ। कांटों से मत उलझो, फूलों पर ध्यान दो। एक दफा कांटों से उलझ गए, तो फूलों तक पहुंच ही नहीं पाओगे। कांटे बहुत हैं और जब तक आप फूलों तक पहुंचोगे, तब तक इतने लहूलुहान हो जाओगे कि फूल भी सुख न दे सकेंगे। अगर आप फूल के रस में डूब गए, तो एक दिन पाओगे कि कांटे हैं ही नहीं, क्योंकि फूल के रस में जो डूब जाए, उसे कांटा भी चुभ नहीं सकता। गलत को तोड़ने की जल्दी मत करना। गलत को तोड़ने की कोशिश करने के बजाय सही को करने का नया मंत्र सीखना बेहतर होता है। जब भी आप भलाई करते हैं, तो आपके अंतरतम से सुकून मिलता है, आप आत्म-सम्मान से भर जाते हैं।

www.awantika.com

सम्पादकीय

## बनी रहे याददाश्त

अल्जाइमर रोग ठीक होने संबंधी अमेरिकी शोधकर्ताओं का दावा चिकित्सा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। उन्होंने चूहों पर इसका सफल प्रयोग किया है। यह वर्षों पुरानी उस धारणा के खंडित होने जैसा है, जिसमें माना जाता रहा है कि अल्जाइमर, जिसे बोलचाल में भूलने की बीमारी भी कहा जाता है, लाइलाज है और उम्र बढ़ने के साथ इसकी गिरफ्त में आना सामान्य है। अब इंसानों पर यह प्रयोग आगे बढ़ेगा और वहां की सफलता अल्जाइमर का सफल इलाज सुनिश्चित कर सकेगी। सेल रिपोर्ट्स मेडिसिन में छपा यह अध्ययन बताता है कि यदि एनएडी को संतुलित रखा जाए, तो इस बीमारी को न सिर्फ बढ़ने से रोका जा सकता है, बल्कि इसे ठीक भी किया जा सकता है। एनएडी (निकोटिनमाइड एडेनिन डिन्यूक्लियोटाइड) कोशिका का ऐसा महत्वपूर्ण सह-एंजाइम है, जो ऊर्जा उत्पादन, डीएनए मरम्मत और मेटाबोलिक सिग्नलिंग के लिए इलेक्ट्रॉन व प्रोटॉन के वाहक के रूप में काम करता है। चूंकि उम्र के साथ इसका स्तर घटता जाता है, इसलिए अल्जाइमर जैसे रोग होने का खतरा बढ़ जाता है। मगर नया शोध इस दिमागी ऊर्जा को संतुलित करने पर जोर देता है, ताकि यह तस्वीर बदली जा सके।

अल्जाइमर बीमारी अब तक असाध्य रही है, इसलिए ज्यादातर शोध इसे ठीक करने की कोशिश के बजाय इसकी गति को धीमा करने या रोकने पर केंद्रित रहे हैं। हालांकि, इसके मरीज दुनिया भर में तेजी से बढ़ रहे हैं। अल्जाइमर डिजीज इंटरनेशनल का आकलन है कि हर तीन सेकंड में दुनिया में किसी न किसी को डिमेंशिया हो जाता है। वर्ष 2020 में लगभग 5.5 करोड़ लोग इससे पीड़ित थे, जिनकी संख्या 2030 तक बढ़कर 7.8 करोड़ और 2050 तक 13.9 करोड़ हो सकती है। गौरतलब है कि डिमेंशिया का सबसे आम कारक (60 से 80 प्रतिशत) अल्जाइमर ही है। परेशानी की बात यह भी है कि डिमेंशिया पीड़ित 60 फीसदी से अधिक लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। चूंकि भारत, चीन और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में आबादी तेजी से बुजुर्ग होने लगी है, इसलिए कहा जा रहा है कि आने वाले वर्षों में इन देशों में इसके मरीज बढ़ सकते हैं। आकलन यह भी है कि भारत में 60 या इससे अधिक उम्र के 88 लाख लोग डिमेंशिया के साथ जी रहे हैं, जिनकी संख्या 2036 तक 1.69 करोड़ तक हो सकती है।

### यथार्थ दिखाती फिल्म

# पाकिस्तानी हुक्मरानों को बेनकाब करती फिल्म धुरंधर

फिल्म देखने के पूर्व समीक्षाए पढना माइंड सेट करती है। धुरंधर को देखने से पूर्व इसकी तमाम समीक्षाओं ने भी यही किया। लेखकों ने समीक्षाओं में अपने विचारों को थोपने की कोशिश भी की। असल में फिल्म धुरंधर सभी समीक्षाओं के पार अपने नाम के अनुरूप दर्शकों के मन को भा गयी। फिल्म देखकर यह महसूस हुआ की फिल्मी समीक्षाए पढ़कर किसी भी प्रकार की धारणाओं का निर्माण फिल्म के साथ अन्याय होता है। धुरंधर के विषय में कुछ ऐसी ही स्थिति बनी। आमतौर पर जब छोटे शहरों में सिनेमाघर संकट के दौर से गुजर रहे हो, बरसों बाद कुछेक मूवी इन बदहाल सिनेमा घरों को गुलजार कर जाती है, फिल्म धुरंधर भी इसी श्रेणी की फिल्मो में शामिल की जा सकती है। इस दौर में सच कहना, लिखना और दिखाना साहसिक कार्य हो गया है फिर फिल्मो के माध्यम से सच दिखाना तो और भी कठिन हो गया है। बरसों में एक दो फिल्म सच कह पाती है धुरंधर उनमे से एक है। इस फिल्म में भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के हुक्मरानों को बेनकाब किया गया है जो बरसों से भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे है। उन्होंने भारत को अशांत करने के लिए सारी मयार्दाओ को तोड़ दिया।



नरेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

पाकिस्तान प्रायोजित आंतकवाद ने भारत की संसद पर हमला किया, मुंबई में 26/11के हमले को अंजाम दिया, नकली करेंसी भेजकर भारतीय अर्थ व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया, भारत के कश्मीर सहित सीमावर्ती राज्यों में लगातार लम्बे समय तक आंतकी गतिविधियों को अंजाम दिया। यह सब पाकिस्तानी हुक्मरानों के इशारों पर पाकिस्तान में चल रहे आतंक के कारखानों, पाक सेना द्वारा प्रशिक्षित आतंकियों ने भारत में घुसकर किया।

धुरंधर आदित्य धर द्वारा लिखित ऐसी ही एक्शन फिल्म है। इसमें रणवीर सिँह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, सारा अर्जुन और राकेश बेदी का शानदार अभिनय है। मानव गोहिल, दानिश पंडोर, सौम्या टंडन, गौरव गेरा और नवीन कौशिक सपोर्टिंग रोल में है।

फिल्म की शुरूवात 2001 में हुए संसद पर हमले के बाद विदेश मंत्री देवव्रत कपूर और आईबी के निदेशक के मध्य बातचीत से होती है। जिसमे कपूर, सन्याल के 'आपरेशन धुरंधर' को मंजूरी देते है। सन्याल भारतीय ऐजेंट हमजा अली मजारी को अफगानिस्तान के रास्ते पाकिस्तान भेजते है। हमजा की कराची के ल्यारी में मुलाकात मोहम्मद आलम से होती है, जो जूस की दुकान का मालिक है। हमजा जूस की दुकान पर वेटर का काम करता है, इस दौरान उसे गेंगस्टर रहमान डकैत और उसके विरोधी गैंग का पता चलता है। बलूच होने के नाते हमजा सिर्फ रहमान के गिरोह में ही शामिल हो सकता है। हमजा रहमान के गिरोह में शामिल होने की ताक में रहता है। इसी दौरान आलम और हमजा को पता चलता है की रहमान से अलग हुए बाबू डकैत के नैतृत्व में एक पठान गिरोह, रहमान के बड़े बेटे नईम बलूच को मारने की योजना बना रहे है। अगले दिन बाबू के आदमी एक शादी पर हमला करते है, जिसमे नईम और उसका छोटा भाई फैजल भी शामिल होता है। हमजा फैजल को बचा लेता है, लेकिन नईम मारा जाता है। अस्पताल में हमजा रहमान और उजेर से मिलता है, यहां से हमजा रहमान की गैंग में शामिल हो जाता है। गैंग में शामिल होकर अपने कामों से रहमान का खास बन जाता है। हमजा यहीं से पाकिस्तानी सरकार के हुक्मरानों और आतंक के सरगनाओं की निकटता को देखता है। पाकिस्तान की राजनीति के बड़े नाम रहमान जमाली, व्यवसाई खनानी बंधुओ, आईएसआई प्रमुख मेजर इकबाल और रहमान डकैत की निकटता पाकिस्तानी मानसिकता को उजागर करती है। हमजा इस पूरी जुगलबंदी की भारत विरोधी गतिविधियों का साक्षी बनता है। हमजा भारत की इंटलीजेन्स को सूचनाएं भी भेजता है। हमजा द्वारा भेजी जानकारी के बाद भी 26/11 जैसी घटना घटित होती है। हमजा इसे देखकर आश्चर्यचकित रहा जाता है। वह पाकिस्तानी आंतकी गठजोड़ को खत्म करने का संकल्प लेता है। इस कार्य में जमील की बेटी यलीना से प्रेम और फिर शादी करता है। ये सबंध हमजा और जमील की निकटता को बढ़ाते है। रहमान डकैत के नेटवर्क को खत्म करने के लिए वह जमील और असलम के साथ सौदा करता है। 9 अगस्त 2009 को इसी योजना के तहत रहमान डकैत का खेल खत्म होता है।

फिल्म में हमजा अली जमाली की भूमिका रणवीर कपूर ने बखूबी निभाई रणवीर का लुक, बाड़ी और हावभाव ने उनकी अदाकारी का लोहा मानने को मजबूर कर दिया। रहमान डकैत के रोल में अक्षय खन्ना ने जान डाल दी है भूमिकाए सभी अच्छी निभाई गयी, फिल्म तीन घंटे में 30 साल की कहानी कह गयी। इस फिल्म ने पाकिस्तान की भारत विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। जिसे भारतीय जनमानस लम्बे समय से महसूस करता आ रहा था, किंतु देख नही पाता था। फिल्मी परदे के माध्यम से पाकिस्तानी कारतूतों का सच उसी प्रकार दिखाई दिया जो भारत के नागरिको की सोच में शामिल था। फिल्म कितना कुछ बता पाई कितना बचा रह गया इसका अनुमान तो नहीं लगाया जा सकता है, किंतु भारत में अशांति फैलाने की पाकिस्तानी कोशिशो को नाकाम किया जाना बहुत जरुरी है। आपरेशन सिंदूर भारत की ऐसी ही कोशिश थी। जिसमे भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंक के कारखानों को नेस्तनाबूत किया था।

धुरंधर फिल्म का असली नायक हमजा अली जमाली है जो भारत के लिए जासुसी करने पाकिस्तान की धरती पर पहुंचाया गया था। फिल्म के बाद विभिन्न माध्यमो से इस किरदार के बारे में जानकारी एकत्रित करने पर ज्ञात हुआ की उक्त किरदार भारतीय सैनिक जसकिरत सिँह रंगी है, जिसे जासुसी के लिए पाकिस्तान भेजा गया था। कुछेक माध्यम रंगी को एक कैदी भी बता रहे है जिसने खुद को छुड़ाने के लिए पाकिस्तान जाना भी मंजूर किया। असल में इस कार्य के लिए साहसी जीने का मकसद खो चुके व्यक्ति की तलाश थी, रंगी को यह भूमिका दी गयी थी। इन जानकारियों में कितनी सच्चाई है यह तो कह पाना मुश्किल है, किंतु इतना जरूर कहा जा सकता है की फिल्म के निमार्ता निर्देशक ने सच्ची कहानी से जुडी फिल्म बताया है।

## आदर्शों का वार्षिक उत्सव

नगर में हर साल एक उत्सव होता था- आदर्श सप्ताह। पूरे सात दिन आदर्शों की पूजा होती थी। पहले दिन ईमानदारी, दूसरे दिन कर्तव्य, तीसरे दिन सेवा। चौथे दिन से लोग थकने लगते थे, इसलिए पाँचवें दिन छुट्टी रखी गई थी। आदर्श भी इंसान जैसे ही होते हैं-ज्यादा देर टिकें तो असुविधा पैदा करते हैं।

इस उत्सव के मुख्य संयोजक थे- माधवदास अग्रवाल। वे आदर्शों के अनुभवी प्रबंधक थे। उन्हें पता था कि आदर्श कहाँ टाँगने हैं और कब उतार लेने हैं। उनके दफ्तर में आदर्श फ्रेम में थे-इतने सुरक्षित कि व्यवहार उन्हें छू न सके।

उद्घाटन के दिन मंच पर बड़े-बड़े बैनर लगे-

ईमानदारी हमारा संकल्प

माधवदास जी ने भाषण दिया। आवाज में कंपन था-माइक का। उन्होंने कहा-

अगर हम सब ठान लें-

भीड़ ने ताली बजाई। ठानने का काम पूरा हो गया।

दूसरे दिन सेवा दिवस था। फोटो खिंचवाने की व्यवस्था पहले से थी। सेवक मुस्कुराते रहे। सेवा कैमरे में कैद हुई। कैमरे के बाहर वही पुरानी व्यवस्था खड़ी रही- सेवा की प्रतीक्षा में।

तीसरे दिन कर्तव्य दिवस। कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। शपथ बहुत भारी थी- इसलिए उसे निभाया नहीं जा सका। कर्तव्य ने भी जोर नहीं दिया, वह जानता था-उसे साल में एक बार ही बुलाया जाता है।

सप्ताह समाप्त हुआ। आदर्श थक चुके थे। उन्हें फिर से अलमारी में रख दिया गया- अगले साल के लिए। नगर ने राहत की साँस ली। अब सामान्य जीवन लौट आया था- समझौते, सुविधाएँ और चुप्पी।

कुछ दिन बाद एक आदमी आया। बोला-

साहब, आपने तो आदर्शों की बात की थी।

माधवदास जी मुस्कुराए-

आप उत्सव में नहीं आए थे?

आदमी समझ गया।

आदर्श कोई रोजमर्रा की चीज नहीं,

वे त्योहार हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 30 दिसंबर 2025 मंगलवार
सूर्योदय - 07:11 सूर्यास्त 17:48
पौष मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:30 से 16:30 तक
तिथि - दसमी 07:52 उपरांत एकादशी 05:01 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - भरणी 03:58 उपरांत कृतिका
योग - सिद्ध 25:02 उपरांत साध्य
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मेष में रहेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 09 तारिख

**मेष-** पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा। नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी।

**वृषभ-** आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा।

**मिथुन-** विवेक से कार्य करें। स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी।

**कर्क-** यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे।

**सिंह-** राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। विवाद न करें।

**कन्या-** बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें।

**तुला-** राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। चिंताएं जन्म लेंगी।

**वृश्चिक-** शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा।

**धनु-** भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना।

**मकर-** लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दुःसमाचार प्राप्त होंगे। भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा।

**कुंभ-** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन-** विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## आया नया साल

सभी रहे सुखी, स्वस्थ, समृद्ध और खुशहाल,
आशाओं के नव दीप जलाएं आया नया साल,
चेहरा पर झलके नूर और चुस्त-दुरुस्त हो हाल,
मेहनत और लगन से करना है सबको कमाल ।
ढेरों शुभकामनाओं का भेजा हमने मधुर संदेशा,
होगा जरुर कुछ तो बढ़िया है ये हमको अंदेशा,
अपनों के साथ से जीवन में होती तरक्की हमेशा,
मिल जुलकर हम आगे बढ़ेंगे साथ चलेंगे हमेशा ।
बड़ो से सदैव रहती है आशीर्वाद पाने की आस,
प्यार भरी दुआओं में बसी अपनेपन की मिठास,
खुद पर करना होगा हमें पूरी सच्चाई से विश्वास,
संकल्प होंगे तभी पूरे संग उन्नत होगा विकास ।
हर दिन गूँजेगी सरगम ₹आनंद₹ खुशियों वाली,
खुशियाँ छाएगी हर ऑगन झूमेगी मन की डाली,
आत्मिक संतुष्ट, प्रसन्नचित्त और सौभाग्यशाली,
बच्चा, बूढ़ा, जवान हर शख्स होगा शक्तिशाली ।
सभी प्रियजनों को है हमारा नमन और साधुवाद,
और भी मधुर होते जाएं हमारे आपके बीच संवाद,
2026 अंग्रेजी नव वर्ष की सभी को मुबारकबाद,
सब पर बना रहे हे मातारानी आपका आशीर्वाद ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

## नववर्ष

नव वर्ष के सूरज से
धरती पर पड़ी पहली किरण
ओस की बूंदो के आइने में
अपना आकार देख कह रही -
ओस बहन तुम बड़ी भाग्यवान हो
जो कि मुझसे पहले
धरती पर आ जाती हो
तुम्हे तो घास बिछोने
और पत्तो के झूले मिल जाते है।
मै हूँ की प्रकृति और जीवों को
जगाने का प्रयत्न करती रहती हूँ
किंतु मुझे भी अब भय सताने लगा
फितरती इंसानो का
जो पर्यावरण बिगाड़ने में लगे
और हमें भी बेटियों की तरह
गर्भ में मारने लगे है
आओ हम तीनों मिलकर
आने वाले नववर्ष में
सूरज से गुहार करें
हमे बचालो।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

## कलेंडर

कोई दस्तक दे रहा है
दरवाजे पर।
दिल ने आदतन
तुम्हारा नाम लिया।
उम्मीद ने झिझकते हुए
कुंडी हिलाई,
यादों ने खिड़की से
झांककर देखा।
मगर बाहर
न तुम्हारी आहट थी,
न वही चुप्पी
जो सिर्फ. तुम लाते थे।
बाहर खड़ा था
चमकदार झूठ,
हाथ में कैलेंडर,
होठों पर मुस्कान।

# ओवरथिंकिंग से पेट खराब! दिमाग-आंत कनेक्शन समझे

भागदौड़ भरी जिंदगी में ओवरथिंकिंग का बढ़ना पेट खराब होने का प्रमुख कारण बन रहा है, जो गट-ब्रेन एक्सिस के बिगड़ने का संकेत है। तनाव हार्मोन पेट की कार्यप्रणाली को प्रभावित करते हैं, जिससे पेट दर्द, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

आजकल की भागदौड़ भारी जिंदगी में लोग ओवरथिंकिंग में ज्यादा समय बिता रहे हैं। हर बार जरुरत ज्यादा सोचना हर व्यक्ति जीवन का एक हिस्सा बन चुका है। छोटी-सी बात हो या बड़ा फैसला, दिमाग बार-बार उसी पर अटक जाता है। दिलचस्प बात तो यह है कि जब आपका दिमाग लगातार चलता रहता है , तो सबसे पहले असर हमारे पेट पर नजर आता है। कभी अचानक से पेट दर्द शुरू होने लगता है, तो कभी गैस, एसिडिटी, पेट खराब या मतली महसूस होने लगती है। ऐसे में कुछ लोगों को लगता हैं कि मैंने कुछ गलत खा लिया है, जबकि असल वजह खाना नहीं, बल्कि मन में चल रहा तनाव होता है। कई बार आपने देखा होगा कि परीक्षा, इंटरव्यू, ऑफिस प्रेजेंटेशन या किसी इमोशनल टेंशन के दौरान पेट में गड़बड़ी होने लगती हैं। कई लोग तो बार-बार टॉयलेट जाना पड़ता है, तो कुछ का पेट जकड़ जाता है। आइए आपको बताते हैं क्यों ज्यादा सोचने से पेट खराब हो जाता है?



### ज्यादा सोचने से पेट खराब क्यों हो जाता है?

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, दिमाग और पेच के बीच एक मजबूत रिश्ता होता है, जिसे गट-ब्रेन एक्सिस कहा जाता है। इसका मतलब है कि हमारा दिमाग और पाचन तंत्र लगातार एक-दूसरे से संवाद करते रहते हैं। गौरतलब है कि हम शांत रहते हैं, तो पाचन प्रक्रिया सामान्य रहती है, लेकिन जैसे ही हम जरुरत से ज्यादा सोचने लगते हैं, जिसके बाद से संतुलन बिगड़ने लगता है। कहते हैं ओवरथिंकिंग के दौरान दिमाग लगातार तनाव की स्थिति में रहता है, जिसका सीधा असर पेट की कार्यप्रणाली पर पड़ता है। इसी दौरान शरीर में कॉर्टिसोल और एड्रेनालाईन जैसे स्ट्रेस हार्मोन रिलीज होते हैं। ये हार्मोन शरीर को खतरे से निपटने के लिए तैयार करते हैं, हालांकि पाचन को प्राथमिकता नहीं देते हैं। डॉक्टर के मुताबिक, तनाव और बार-बार ओवरथिंकिंग के कारण शरीर खून की सप्लाई को पेट और आंतों से हटाकर मांसपेशियों की तरफ भेजता है। जिससे पेट और आंतों का काम प्रभावित होता है। ये होते हैं कारण

- पेट दर्द और ऐंठन
- गैस और पेट फूलना
- मतली और उल्टी जैसा महसूस होना
- एसिडिटी और सीने में जलन

### पाचन पर ओवरथिंकिंग का असर

ओवरथिंकिंग और मानसिक तनाव का असर के कारण केवल पेट के मूवमेंट तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह गट बैक्टीरिया को भी प्रभावित करता है। आंतों में स्थित अच्छे बैक्टीरिया पाचन और इम्यूनिटी के लिए बेहद जरुरी होते हैं। वहीं, लंबे समय तक स्ट्रेस लेने से तनाव रहने से इन बैक्टीरिया का संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे पाचन कमजोर हो जाता है, इम्यूनिटी भी कमजोर हो जाती है। इसके साथ ही पेट से संबंधित समस्याएं बार-बार होने लगती हैं।

धर्म-आस्था

# योग के साथ उपवास करने से कैसे बदलता है आपका शरीर, मन और आत्मा

योग और उपवास, दोनों माध्यम ही स्वास्थ्य और आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए उत्तम माने गए हैं। लोग ये दोनों माध्यम अपनाते हैं लेकिन अक्सर अलग-अलग। लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि अगर उपवास के दौरान अगर आप योग करते हैं, तो दोनों का संयोजन आपके जीवन में, शरीर में या ऊर्जा पर क्या प्रभाव डालता है? चलिये जानते हैं...

जानिये योग के साथ उपवास करने से कैसे बदलता है आपका शरीर, मन और आत्मा

योग जहाँ तन और मन को स्वस्थ करता है, वहीं उपवास इन्हें शुद्ध बनाता है। अधिकतर लोग या तो योग करते हैं या फिर उपवास। बेहद कम लोगों के जीवन में इन दोनों का तालमेल होता है। लेकिन शायद आप नहीं जानते कि योग के साथ उपवास करने से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्तर पर मिलने वाले फायदे एक की तुलना में दोनों के मिल जाने से कई गुणा बढ़ जाते हैं। योग और उपवास साथ में पाचन-ऊर्जा का संतुलन, मानसिक स्पष्टता, तनाव में कमी और ध्यान की गहराई बढ़ाने में मदद करता है। इन दोनों को साथ करने से आपके शरीर में और क्या-क्या बदलाव आते हैं, चलिए समझते हैं...शारीरिक लाभ



उपवास शरीर को पचने में आराम देता है, जिससे विषैले अवशेष कम होते हैं। नियंत्रित उपवास और हल्के योगासन से आपकी पाचन शक्ति सुधरती है, ऊर्जा उपयोग में सुधार आता है और हृदय पर सकारात्मक प्रभाव होता है। खाली पेट योग करने से मस्तिष्क में ऑक्सीजन आपूर्ति बेहतर होती है। उपवास कर कैलोरी इन्टेक घटने और योग से गतिशीलता बढ़ने पर वसा प्रबंधन आसान होता है। इससे पाचन, रक्तचाप और ब्लड शुगर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### मानसिक और आध्यात्मिक लाभ

योग का उद्देश्य है - मन की अस्थिरता को रोकना। उपवास का उद्देश्य है - इन्द्रियों पर नियंत्रण और शरीर की शुद्धि। जब दोनों साथ किए जाते हैं, तो व्यक्ति अपने भीतर की ऊर्जा को उच्चतर स्तर पर ले जाता है। उपवास, शरीर ऊर्जा की बचत करता है और वह ऊर्जा आध्यात्मिक विकास की दिशा में लगती है। खाली पेट योग और प्राणायाम से मस्तिष्क में शांति, फोकस और निर्णय क्षमता बढ़ती है। प्राणायाम व ध्यान के संयोजन से कॉर्टिसोल स्तर नियंत्रित रहता है, जिससे तनाव कम होता है। उपवास की मदद से भूख कम होने पर मन कम विचलित होता है, जिससे संयम और आत्मनियंत्रण बढ़ाता है, जो आध्यात्मिक प्रगति में सहायक है।

ध्यान रखें कि उपवास के दौरान हठयोग या कठोर आसन ना करें। अगर आपको किसी तरह की शारीरिक समस्या या बीमारी है, तो विशेषज्ञ से जरूर परामर्श लें क्योंकि उपवास के साथ योग करने से आपकी ऊर्जा प्रभावित होगी। अगर उपवास में योग करना चाहते हैं, तो उपवास भी बहुत ज्यादा कठोर ना रखें और पानी समय-समय पर पीते रहें।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2350-3050, चना काबली- 3011-9000, चना बड़ा- 4041-5005, बटला- 3280 तिल्ली- 5700-6300, सोयाबीन- 1901-5461, मैथीदाना- 4500-5270 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 1,41,200, रवा- 1,41,100 चांदी- टंच- 2,34,500 पाट- 2,34,300।

## उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## शीतला माता मंदिर का रास्ता यथावत रखने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**महिदपुर रोड।** नगर के रेल्वे स्टेशन परिसर स्थित शीतला माता मंदिर के रास्ते को रेल्वे प्रशासन द्वारा बंद किये जाने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में नगर के वि भिन्न समाजों के जनप्रतिनिधियों युवाओं ने एक ज्ञापन रेल्वे स्टेशन प्रबंधक सुनिल कुमार सेन तथा शाम गढ़ सेक्शन के रेल्वे अधिकारी को दे कर रास्ता बंद नहीं करने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया दिये गये ज्ञापन प्रति डी आ र एम कोटा को भी भेजी गई गौरतलब है कि शीतला माता मंदिर में होली पर्व के बाद आने वाली शीतला सप्तमी के साथ -साथ हिंदू समाज के परिवारों में युवक युवतियों के शादियों के दौरान आयोजित हो ने वाले मांगलिक आयो जनों की शुरूआत भी माता पूजन के साथ यही से होती हैं ज्ञापन की प्रति स्थानीय रेलवे स्टेशन प्रबंधक सेन को देते हुए कहा गया है कि द्वारा यदि शीतला माता मंदिर जाने आने का मार्ग नहीं दिया जाता है तो नगरवासी आं दोलन करने को बाध्य होंगे क्योंकि यह काफी पुराना धार्मिक स्थल है तथा यहां से सभी की आस्था जुडी हुई है

## पौधों का धार्मिक, सांस्कृतिक, औषधीय एवं वैज्ञानिक महत्व बताया

### छात्रों के दल ने नक्षत्र वाटिका का भ्रमण किया



**शुजालपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्थित नक्षत्र वाटिका का शैक्षणिक भ्रमण एवं स्वच्छता अभियान संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य था विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना। इस अवसर पर प्राणीशास्त्र विभागध्यक्ष डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने नक्षत्र वाटिका के महत्व को अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक शैली में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि नक्षत्र वाटिका में 27 नक्षत्रों एवं नवग्रहों के अनुरूप विभिन्न पौधों का वैज्ञानिक एवं पारंपरिक आधार पर चयन कर वृक्षारोपण किया गया है। डॉ. मेवाड़ा ने वाटिका में लगे प्रत्येक पौधे की जानकारी देते हुए उनके धार्मिक, सांस्कृतिक, औषधीय एवं वैज्ञानिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत प्रकृति और मानव जीवन के गहरे संबंध को स्पष्ट करते हुए बताया कि प्राचीन काल से ही वृक्षों को जीवनदायिनी शक्ति के रूप में माना गया है। साथ ही विभिन्न पौधों के औषधीय उपयोग, स्वास्थ्यवर्धक गुण, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में उनकी भूमिका तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनके योगदान को वैज्ञानिक तथ्यों के माध्यम से समझाया। भ्रमण के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा नक्षत्र वाटिका परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने साफ.-सफ ाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।

## सेवा निवृत्त प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी का गरिमामय विदाई समारोह संपन्न



**जीरापुर।** शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल जीरापुर में रविवार को पदस्थ प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी के सेवा निवृत्त होने पर गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके परिजन, अधिकारी, विद्यालय परिवार, सहयोगी, इष्ट-मित्रों सहित आसपास के विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में विद्यालय स्टाफ द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा देवी मां की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अनुशासित कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें सरल, कर्तव्यनिष्ठ व कर्मठ व्यक्तित्व का धनी बताया। विदाई समारोह के दौरान सेवा निवृत्त प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी ने कहा कि उन्हें जहां भी जो भी दायित्व मिला, उसे पूरी ईमानदारी और मनोयोग से निभाने का प्रयास किया। उन्होंने विद्यालय परिवार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। स्मृति चिह्न एवं उपहार भेंट कर प्राचार्य को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह का संचालन दिलीप टेलर द्वारा किया गया।

## सड़कों पर फैल रहा कचरा, चाय की दुकानों पर डिस्पोजल के बढ़ते उपयोग से खतरा

**सारंगपुर।** सारंगपुर नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नगर परिषद द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भेरुदरवाजा बाजार, सब्जी बाजार, नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड सहित नगर के प्रमुख और व्यस्त क्षेत्रों में नियमित रूप से कचरा वाहन भेजे जा रहे हैं। साथ ही दुकानदारों, होटल संचालकों और आम नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे अपने प्रतिष्ठानों से निकलने वाला कचरा निर्धारित समय पर कचरा वाहन में ही डालें। इसके बावजूद जागरूकता की कमी और लापरवाही के चलते नगर की सड़कों पर जगह-जगह कचरे के ढेर नजर आ रहे हैं। खासकर कई होटल, ढाबा और चाय-नाश्ते की दुकानों के संचालक कचरा वाहन का इंतजार किए बिना डिस्पोजल, जूठा सामान और अन्य अपशिष्ट सामग्री सीधे सड़क पर फेंक रहे हैं। इससे न केवल सड़कें गंदी हो रही हैं, बल्कि नालियां भी जाम हो रही हैं, जिससे जलभराव और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। चाय के डिस्पोजल अनियमित समय पर सड़क पर फेंक दिए गए।

### ब्लॉक कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस

# वोट चोरी, एसआईआर और मनरेगा सहित पार्टी की आगामी रणनीति पर हुई चर्चा





दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

रविवार को प्रातः 11 बजे पंडित लीलाधर जोशी समाधि स्थल तपोवन पर वरिष्ठ नेतागणों व पदाधिकारियों की उपस्थिति में ब्लॉक कांग्रेस ने 141 वां स्थापना दिवस मनाया। जिसमे वोट चोरी, एसआईआर, मनरेगा सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही संगठन विस्तार और बूथ को मजबूत करने के साथ ही आगामी रणनीति तय करने को लेकर विशेष चर्चा हुई। ज्ञात हो कि कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर को एओ ह्यूम ने 72 प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बॉम्बे गोपाल दास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुई। उपस्थित कांग्रेस नेताओं विशेषकर प्रदेश महामंत्री रामवीरसिंह सिकरवार, प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया, प्रदेश सह सचिव रचना जैन, किसान नेता जसमत सिंह बिसेना, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार, सहकारिता नेता अचल सिंह मेवाडा, कांग्रेस नेता सागर परमार, पूर्व अभिभाषक संघ अध्यक्ष अजयपालसिंह जादोंन, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयंत सिकरवार, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष हसन रजा कुरैशी, पार्षद बल्ला सोनी, पार्षद हाजी सिद्दीक पठान, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चिराग परमार, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव गौरव परमार, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा, सफ ाई एवं कामगार जिला अध्यक्ष अजय मोर्टे सहित अन्य नेताओं व पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त कि ए। इस अवसर पर पार्षद राजू दरबार, पूर्व पार्षद महेन्द्र नाहर, पूर्व पार्षद जीवन राणा, अनिल नालमे, नीरज जैन, बलबीर सिंह चंदेल, मनोहर जाटव, राजवीर सिकरवार, रामनारायण परमार, विशाल शर्मा, नरेन्द्र जाधव, मोहन धनगर, सलीम मंसूरी, अंकुर जैन, जसमत परमार, पीयूष शर्मा, लोकेंद्र परमार, अनिल अग्रवाल, खेमराज यादव, मांगीलाल कीर, मुबारिक नेता, अनिल सिसोदिया आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड एवं आभार शहर अध्यक्ष रईस पठान ने व्यक्त किया।

## आरोन बैठक में कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया

**आरोन।** ब्लॉक युवा कांग्रेस आरोन द्वारा आज प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष कमल अहिरवार के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा, इतिहास एवं संघर्षों को स्मरण करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित युवाओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी समय में पार्टी के सभी सदस्यों को संगठित एवं सक्रिय कर पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व तथा राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के मार्गदर्शन में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा। बैठक के दौरान युवाओं ने अपनी-अपनी बात रखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने एवं युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में हिम्मत कुशवाहा (आरोन शहर अध्यक्ष), बब्लू नायक (ब्लॉक उपाध्यक्ष), बंटी राजपूत, भूपेंद्र, दीपक अहिरवार (धर्मशाला अध्यक्ष आरोन), कमल ग्वाल (आरोन), अर्जुन मीना, राकेश अहिरवार (पूर्व धर्मशाला अध्यक्ष), सोनू अहिरवार (कुंदौली), सत्यम त्यागी, अर्जुन कुशवाहा (आरोन), सुनील अहिरवार (हिनोतिया), रंधीर अहिरवार (खिरिया दांगी), नवीन शर्मा (रामपुर), सीताराम अहिरवार (आरोन), दर्शन अहिरवार (रूसल्ली), रवि अहिरवार (इमलिया), नितेश साहू (आरोन), नेपाल अहिरवार (कुमरयाई) सहित कांग्रेस पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी युवा कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने एवं आगामी कार्यक्रमों को सक्रियता से सफल बनाने का संकल्प लिया।

## उज्जैन रोड ब्रिज पर पार्षद ने खुद के खर्च से भरवाए गड्ढे

देवास।उज्जैन रोड ब्रिज पर हो रहे गड्ढे को भरने के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर वार्ड 9 के कांग्रेस पार्षद पं. दीपेश कानूनगो ने गांधी गिरी दिखाते हुए शनिवार की देर शाम को स्वयं के खर्च से गड्डों को भरने का कार्य किया। कानूनगो ने बताया कि हमारे द्वारा पूर्व में भी कई बार उज्जैन रोड ब्रिज पर गड्ढ़ों के बारे में सांसद, विधायक, महापौर, सभापति एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया था लेकिन किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। हमारे द्वारा पूर्व में भी ब्रिज पर गड्ढ़ों को भरा गया था। ब्रिज पर बड़े गड्ढों एवं सरियों के कारण वाहनों का संतुलन बिगड़ता था जिससे किसी भी दिन कोई बड़ी जनहानि हो सकती थी, क्योंकि इस ब्रिज से केवल दो पहिया ही नहीं चार पहिया वाहन, यात्री बस, स्कूल बसें, कारें आदि भी गुजरती हैं। ब्रिज की मरम्मत का कार्य जन हित में किया गया है। विशाल यादव, साजी हाशमी, राकेश मिश्रा, विजय चौहान मोनू, मुकेश करोले, मनोज पाल, राहुल शर्मा, लोकेश सांखला, बंटी मकवाना, भरत चौहान, अनिकेत माली आदि मौजूद थे।

## जिंदगी अपने दम पर जी जाती है, दूसरों के कांधों पर अर्थी निकलती है– मसा

**महिदपुर।** मनुष्य अपना जीवन दूसरों के सहारे पर जी रहा है, उसी में वह आनंद की अनुभूति समझता है परन्तु दूसरों के सहारे तो उनके कांधों पर व्यक्ति की अर्थी निकल सकती है। जबकि मनुष्य जन्म की वास्तविक अलौकिक आनंद की अनुभूति खुद को पहचानने से ही हो सकती है। यह बात अपने प्रवचन में पुण्यपुंज महासती पुण्यशिलाजी मसा ने कही। महासाती जी ने आगे कहा कि मनुष्य वर्षों से जिनवाणी श्रवण करता आ रहा है फिर भी अपने जीवन में यह नही समझ पाया कि मैं कौन हूं , संसार में मैं क्यों आया हूं? इसको समझने के लिए जड़ और चैतन्य को समझना होगा कि जितने भी रिश्ते नाते है वह चैतन्य है जरूर परन्तु साथ नही चल सकते। जबकि वह संसार की भौतिक वस्तुओं में ही खोया रहता है जो उसे वास्तविक अलौकिक सुख और आनंद की अनुभूति प्रदान नही कर सकती है वह सभी जड़ है। पुण्यशीलाजी ने धर्म के मर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि जिनवाणी जब तक मनुष्य के अंतर में नही उतरती तब तक संसार में व्यक्ति उलझता रहता है और उसे ही वास्तविक सुख समझने लगता है। जन्म के बाद से ही मनुष्य जिनवाणी का श्रवण करता आ रहा है जबकि जिनवाणी के एक शब्द को सुनने के साथ ही भविजन अनेक आत्माएं संयम को अंगीकार करने के लिए तत्पर हो जाती है।

# कन्या कौशल शिविर में 30 बालिकाओं को सिखाए व्यक्तित्व निखार के गुर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत सजल श्रद्धा महिला मण्डल द्वारा आज स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर कन्या कौशल शिविर का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें नगर के विभिन्न स्कूलों की 130 से अधिक बालिकाओं ने सहभागिता की। रविवार को आयोजित इस एक दिवसीय शिविर में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास, आत्म-सम्मान और कौशल निर्माण पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा और समय-सारणी के अनुसार, दिन भर चले विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने बालिकाओं को जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। वहीं, द्वितीय सत्र में किशोर जानोरिया ने व्यक्तित्व परिष्कार के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बौद्धिक और कौशल विकास के बारे में श्रीमती नीलिमा शर्मा ने बुद्धि बढ़ाने की विधि सिखाई, तो वहीं श्रीमती पूर्णिमा सोनी ने सौंदर्य बनाम फैशन विषय के माध्यम से बालिकाओं को आंतरिक और बाहरी व्यक्तित्व के बीच संतुलन बनाना सिखाया। भोजन के पश्चात खेल गतिविधियों का आयोजन श्रीमती हेमा और श्रीमती सुमित्रा भट्ट द्वारा किया गया। शिविर के अंतिम मुख्य सत्र में एस.एन. भट्ट ने क्या हो हमारे जीवन का लक्ष्य और कौन हों हमारे आदर्श विषय पर प्रेरणादायी व्याख्यान दिया। शाम 4 बजे फीडबैक सत्र के साथ शिविर का शांतिपाठ के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन और मार्गदर्शन श्रीमती कविता सक्सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर हवलदार सिंह, हरीश सक्सेना, भवानी शंकर भट्ट, संतोष शाक्य, दिनेश मेवाड़े, नीता शर्मा, सुमन शिवहरे, राजेन्द्र सोनी, कानजी सौंधिया सहित गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

### देवास में नववर्ष से पहले गाड़ियों की चेकिंग

# होटल–ढाबों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर पुलिस बल तैनात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



आगामी नववर्ष के अवसर पर शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए देवास पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान शुरू किया है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर पूरे जिले में चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों, बाजारों, होटल-ढाबों, सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और हाईवे मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों की गहन जांच कर रही है।

**यातायात पर विशेष निगरानी**

पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने, अवैध शराब के परिवहन, नशे के कारोबार, हुड़दंग मचाने और शांति भंग करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

**पुलिस अधीक्षक के निर्देश और आमजन से अपील**

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने, गश्त बढ़ाने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आमजन से भी सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने और नववर्ष का उत्सव कानून के दायरे में रहकर सुरक्षित व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है।

### सायं कालीन नि:शुल्क नवीन योग कक्षा का शुभारंभ

# आज से पीजी कालेज के सामने स्वतंत्रता पार्क गुना में लगेंगी क्लास

**गुना।** अभी हाल ही में हरीद्वार में 19 से 22 दिसंबर 2025 तक पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में जिला, राज्य, और तहसील प्रभारीयो व पदाधिकारी के विशेष प्रशिक्षण शिविर में योग गुरु तेजस्वी योग ऋषि स्वामी रामदेव व मुख्य केंद्रीय प्रभारी पूज्य स्वामीपरमार्थ देव द्वारा दिए गए निदेर्शों व प्रेरणा से लगाई जा रही है। आगामी कार्य योजना के अनुसार प्रशिक्षण में बताया गया कि जिन स्थानों पर प्रातः कालीन योग कक्षाएं चल रही है। वहां पर सायं कालीन योग कक्षाओं को भी प्रारंभ किया जाए तथा जहां पर प्रातः कालीन योग कक्षाएं चल रही है उनकी संख्या और बढ़ाई जाए। प्रशिक्षण में प्राप्तनिदेर्शों व प्रेरणा से प्रेरित होकर इसी क्रम में पतंजलि योग समिति गुना की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शहर में भी सायं कालीन योग कक्षाओ को प्रारंभ किया जाए। योग गुरु स्वामी रामदेव के विचार अनुसार घर-घर योग की गंगा पहुंचाने की दिशा में गुना शहर में अब सायं कालीन योग कक्षा का प्रारंभ पतंजलि परिवार माध्यम से शुरू किया जा रहा है। शहर वासियों के लिए शीघ्र ही सायं कालीन योग कक्षा की शुरूआत स्वतंत्रता पार्क पी.जी. कॉलेज के सामने गुना (मध्य प्रदेश) में 30 दिसंबर 2025 मंगलवार समयः- साय 5: बजे से 6.30: बजे तक सायं कालीन योग कक्षा पतंजलि योग समिति के सहयोग से निशुल्क नवीन योग कक्षा प्रारंभ होने जा रही है। इसमें योग साधक भाई बहन प्रातः कालीन योग में किन्ही करणो से सम्मिलित नहीं हो सकते उनके लिए यह सुनहरा अवसर पतंजलि परिवार द्वारा शहर वासियों को प्रदान किया जा रहा है। पतंजलि के राज्य प्रभारी कृष्ण योगेंद्र सिंह रघुवंशी जिला प्रभारी बाबूलाल यादव संरक्षक हरि सिंह यादव के हवाले से पतंजलि सोशल मीडिया जिला प्रभारी नरोत्तम यादव ने बताया कि शहर वासियों की मांग अनुसार साय कालीन योग कक्षा की बहुत आवश्यकता है। उल्लेखनीय की गुना शहर में पतंजलि परिवार की लगभग 25 योग कक्षाएं प्रातः कालीन संचालित हो रही है, परंतु सायं कालीन योग कक्षाएं ना होने के कारण कई योग साधक योग से नहीं जुड़ पा रहे हैं। उनकी इसी भावना और मांग को देखते हुए पतंजलि योग समिति ने निर्णय लिया है कि एक योग कक्षा सायं कालीन भी संचालित की जाए जो की शहर वासियों के लिए वरदान साबित होगी। इसमें जो नागरिक प्रातः कालीन योग कक्षाओं में सम्मिलित नहीं होते उनको साय कालीन योग कक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 30 तक

**देवास।** पशु पालकों की आय और दुग्ध उत्पादन दोगुना करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन 30 दिसंबर तक किया जाएगा। जिसमें पशुपालन विभाग के सभी कर्मचारियों, मैत्री व गोसेवकों द्वारा गृह सम्पर्क किया जाएगा। उप संचालक पशुपालन व डेयरी विभाग देवास डॉ. एस के श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान में जिले के 24 हजार 400 पशुपालक जिनके पास 5 से 9 दुधारू गो व भैसवंशीय पशु है, उनके घर जाकर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की जानकारी देंगे।


## जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकारा ने श्रीमती सुमनबाई पति श्री घनश्याम पंचाल, आयु-54 वर्ष, निवासी-श्रमिक कॉलोनी, ज्योति स्कूल के पास, राउ, इंदौर म.प्र. के एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की खुली भूमि प्लाट क्रमांक-51, क्षेत्रफल 74-36 वर्गमीटर अर्थात 800 वर्गफीट सर्वे नं. 3268/3 रकबा 0.738 हे. कस्बा उज्जैन का भाग होकर वर्तमान में चहल पहल वाटिका के पास, चिंतामण रोड़, जयसिंहपुरा मुख्य मार्ग से उज्जैन अन्दर की ओर स्थित हैं, को क्रय करने का सौदा किया हैं तथा बयाना पेटे राशि अदा कर दी हैं मात्र अब शेष विक्रय मूल्य की राशि अदा करके विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में होना शेष हैं यदि अनुबंधित कृषि भूमि में किसी भी व्यक्ति का स्वत्व, हित या भार हो या किसी व्यक्ति को उक्त सौदे के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। 7 दिन की अवधि पूर्ण हो जाने के पश्चात अनुबंध पत्र के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 29.12.2025

**हर्ष उपाध्याय एडवोकेट**
**पता-ए.के. बिल्डिंग चौराहा,**
**उज्जैन म.प्र. मो. 9399535534**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अदीति सिंह पुत्री श्री जगन्नाथ सिंह निवासी-15/2, दानीगेट, चंद्रशेखर आजाद मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 46 जिसका कुल क्षेत्रफल 67.10 वर्गमीटर अर्थात 722.26 वर्गफीट स्थित इन्द्रालय हाईलेण्ड्स फेस 3, कॉलोनी, नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में- भूखण्ड क्रमांक 59, पश्चिम में कॉलोनी का रास्ता, उत्तर में- भूखण्ड क्रमांक 47 एवं दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 45 का है, को क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा की बयाना राशि का भुगतान कर दिया है, यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो । दिनांक :-26.12.2025

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर- 98272-28461**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं निलोफर बी विधवा स्वर्गीय नूरूउद्दीन पिता बदरूद्दीन, निवासी 202, महाकाल मार्ग, उज्जैन की होकर इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरे पति स्वर्गीय नूरूउद्दीन की पहली पत्नि स्वर्गीय सायरा बी का सबसे बडा पुत्र जलालउद्दीन पिता स्व. नूरूउद्दीन, आयु 54 वर्ष, धंधा व्यापार, निवासी राजरायल कॉलोनी उज्जैन दिनांक 27.04.2002 से अपने परिवार सहित मेरे पति स्वर्गीय नूरूउद्दीन व दादा स्व.बदरूद्दीन की संपूर्ण चल अचल संपत्ति में से अपना हिस्सा लेकर परिवार सहित अलग हो गया था और जलालउद्दीन ने अपना हिस्सा प्राप्ति की विधिवत लिखापढी दिनांक 09.05. 2002 को साक्षीयों के समक्ष स्टांप पेपर पर मेरे पति नूरूउद्दीन पिता स्व. बदरूद्दीन से की थी। इस प्रकार जलालउद्दीन ने वर्ष 2002 में ही अपने पिता व दादा की संपत्ति में से अपना हिस्सा नगद रकम एवं गृहस्थी का सामान प्राप्त करके अपनी पत्नि व बच्चों सहित अलग हो गया था और वर्ष 2002 से ही वह मेरे पति व मेरे परिवार से अलग निवास कर रहा है। जलालउद्दीन ने हिस्सा प्राप्त करने के बाद सनास्टील के नाम से हरिफाटक रोड पर अपना स्वयं का कारोबार भी स्थापित कर लिया था। विश्वसनीय सूत्रों से मुझे ऐसा पता चला है कि जलालउद्दीन ने अपने दस्तावेजों में फर्जी तरीके से अपने निवास स्थान का पता 202, महाकाल रोड, उज्जैन लिखवा रखा है जो कि गलत एवं फर्जी है। जलालउद्दीन व उसका परिवार मेरे व मेरे परिवार के साथ निवास नही करता है और उसका मेरे व मेरे परिवार से कोई संबंध नहीं है।

जलालउद्दीन आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और उसने मेरे तीन पुत्रों के विरूद्ध फर्जी मुकदमें लगा रखे है और मेरे निवास स्थान का पता देकर बहुत सारे लोगों से फर्जी तरीके से कर्जा ले रखा है। यदि इस जाहिर सूचना के पश्चात कोई व्यक्ति, संस्था इत्यादि जलालउद्दीन उसकी पत्नि तब्स्सुम व उसके दोनों पुत्र अजहरउद्दीन व मोहम्मद अली से किसी भी प्रकार का कोई लेनदेन या व्यवहार करता है तो उसके लिये वह व्यक्ति स्वयं जवाबदार होगा उसमें मेरी या मेरे तीनों पुत्रों और परिवार की कोई जवाबदारी नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 29.12.2025

**निलोफर बी विधवा स्वर्गीय नूरूउद्दीन पिता बदरूद्दीन**
**निवासी- 202, महाकाल मार्ग, उज्जैन**

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
METROPOLITAN
उज्जैन, मंगलवार 30, दिसम्बर 2025 

## सुंदरसी में युवक का संदिग्ध शव मिलने से सनसनी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**शाजापुर।** जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र में देर रात युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान देवास जिले के ग्राम समसखेड़ी निवासी जयसिंह गुर्जर के रूप में हुई है। इस घटना के बाद परिजनों और गुर्जर समाज के लोगों ने अंदेशा जताया है कि जयसिंह की हत्या कर शव को फेंका गया है। परिजनों के अनुसार जयसिंह गुर्जर 21 दिसंबर को अपने 5-6 साथियों के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। लौटते समय ग्राम सखेड़ी के पास ग्रामीणों ने उन्हें चोरी की शंका में घेर लिया। जयसिंह के साथी वहां से भाग निकलने में सफल रहे, लेकिन जयसिंह ग्रामीणों के हाथ लग गया। इसके बाद से ही वह लापता था। परिजनों ने देवास जिले की बालोन पुलिस चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। समाजजनों का आरोप है कि उन्होंने सुंदरसी थाना प्रभारी को भी सूचित किया था, लेकिन समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मामले में दूसरा पक्ष भी सामने आया है। ग्राम सखेड़ी निवासी विकास ने 26 दिसंबर को सुंदरसी पुलिस को ज्ञापन देकर बताया था कि 21 दिसंबर की रात कुछ लोग ट्रैक्टर चोरी की नीयत से गांव में घुसे थे, जो ग्रामीणों के आने पर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गए। विकास का आरोप है कि इसके बाद 50-60 लोग उसके घर आए और जयसिंह के बारे में पूछताछ करते हुए उसके साथ अभद्रता की। ग्रामीणों ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उज्जैन से एफएसएल की विशेष टीम को बुलाया गया। टीम ने जिला अस्पताल पहुंचकर शव का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## विद्यार्थियों को कॅरियर के प्रति जागरूक कर रहा उच्च शिक्षा विभाग

**शाजापुर।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कॉलेज चलो अभियानश् का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (बीकेएसएन शासकीय अग्रणी महाविद्यालय) शाजापुर द्वारा विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी.पी. मीणा के मार्गदर्शन में जिला नोडल अधिकारी (ई-प्रवेश) डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश निंगवाल ने सोमवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भरड एवं सरस्वती शिशु मंदिर शाजापुर का भ्रमण किया। इस दौरान डॉ. बोड़ाने ने जोर देते हुए कहा कि कॉलेज चलो अभियान का प्राथमिक उद्देश्य विद्यार्थियों में ड्रॉप-आउट दर को कम करना और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में डॉ. दिनेश निंगवाल ने महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं जैसे एनसीसी, एनएसएस और खेलकूद गतिविधियों से छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में कॉलेज में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के प्राचार्य, शैक्षणिक स्टाफ, बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## टोल पर संतों का कब्जाजबिना टैक्स दिए निकाली गाडियां

**भिंड।** भिंड जिले के मालनपुर स्थित बरैठा टोल प्लाजा पर नेशनल हाईवे चौड़ीकरण की मांग को लेकर संत समाज का आंदोलन मंगलवार को प्रशासनिक आश्वासन के बाद टाल दिया गया। करीब डेढ़ से दो घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान भिंड और ग्वालियर के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। आंदोलन स्थगित होने के बाद टोल प्लाजा पर वाहनों से फिर से टोल वसूली शुरू कर दी गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने संत समाज को भरोसा दिलाया कि नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण का पूरा प्रोजेक्ट सरकार को भेजा जा चुका है। आगामी 7 से 8 महीनों के भीतर डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार कर ली जाएगी। इसके बाद भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर आवश्यक नोटिफिकेशन जारी किए जाएंगे।

## कोहरे से थमी ट्रेनों की रफ्तार मालवा एक्सप्रेस 7 घंटे लेट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड ने जनजीवन के साथ-साथ रेल यातायात को भी प्रभावित कर दिया है। कोहरे की वजह से दिल्ली से भोपाल, इंदौर और उज्जैन आने-जाने वाली कई ट्रेनें घंटों लेट चल रही हैं। सोमवार को मालवा एक्सप्रेस 7 घंटे से ज्यादा देरी से चल रही है। भोपाल में इसके पहुंचने का तय समय सुबह 7.25 बजे है, लेकिन यह दोपहर करीब 3 बजे तक पहुंच सकती है। इधर, प्रदेश में रात के तापमान में भी तेज गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार-सोमवार की रात भोपाल में 5.6 डिग्री, इंदौर में 6.4 डिग्री, जबलपुर में 8 डिग्री, ग्वालियर में 9 डिग्री और उज्जैन में 9.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। बड़े शहरों में भोपाल सबसे ठंडा रहा। प्रदेश में राजगढ़ सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं छतरपुर के नौगांव और उमरिया में 5 डिग्री, पचमढ़ी में 5.2 डिग्री, मलाजखंड में 5.3 डिग्री और मंडला में 5.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। कुल मिलाकर प्रदेश के 22 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 899-6 | 136-0 |
| मेन बाजार | 150-6 | 133-7 |
| कल्याण नाइट | 256-3 | 146-1 |
| मिलन डे | 678-1 | 447-5 |
| मिलन नाइट | 130-4 | 446-4 |
| मधुर डे | 477-8 | 270-9 |
| मधुर नाइट | 470-1 | 238-3 |
| शुभांक | 4 65 | 8 |

## भैरवगढ़ में गंदे कपड़े धोने पर हुवा बड़ा विवाद





**उज्जैन।** भैरवगड़ में धोबी का कार्य करने वाला पूरा परिवार अस्पताल की संक्रमित चादर होटल की चादर जगह जगह से लाये गए गंदे कपड़े जो रोजना गली मे धोये जा रहे थे जिसका गंदा पानी और केमिकल रोड दिखाई दे रहा है वहीं के रहने वाले रहवासी के घर से होकर गली के पूरे रोड से होता हुवा जाता है ने सीएम हैल्प लाइन पर शिकायत की 5 से 7 दिन मे नगर निगम की टिम जब मोके पर पहुँची तो शिकायतकर्ता पर जान लेवा हमला अरुण सन्नी, विक्रांत ,सुमन रचना के द्वार किया गया जान बचा कर जब रहवासी परिवार भैरवगड़ थाने पहुँचा तो भैरवगड़ पुलिस ने दोनों पक्ष की एनसीआर कर के हॉस्पिटल भेज दिया बचे हुवे आरोपीयो को पुलिस ने हिरसता मे नहीं लिया जबकि वीडियो साफ़ मारते हुवये दिखाई दे रहे हैं। विडियो दैनिक अवंतिका ब्रह्मास्त्र के पास सुरक्षित हैं।

## निखरा बाबा का नीलकंठेश्वर स्वरूप

**शाजापुर।** नगर के धानमंडी चौराहा स्थित ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में विशेष भक्ति भाव देखा गया। प्रति सोमवार होने वाले विशेष श्रृंगार की श्रृंखला में इस बार महादेव का अत्यंत दिव्य और आकर्षक स्वरूप में श्रृंगार किया गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मंदिर के पुजारी पंडित ओमप्रकाश गोस्वामी ने अपनी कला और भक्ति का परिचय देते हुए भगवान ओंकारेश्वर का भात (चावल) से विशेष श्रृंगार किया। बाबा को नीलकंठेश्वर महादेव के स्वरूप में विराजा गया। चावल के लेपन और फूलों की सजावट के माध्यम से बनाया गया यह स्वरूप इतना जीवंत था कि भक्त उसे निहारते रह गए।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मनोज चौधरी पिता श्री हरिराम जी, उम्र 32 वर्ष, व्यवसाय- कृषिकार्य, निवासी- 440, अटाहेडा, इन्दौर (म.प्र.) के एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखंड/प्लींथ क्रमांक ईडब्लूएस 03 श्री हाटकेश्वर डिजायर ग्राम दाउदखेडी, तहसील व जिला उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 37.14 वर्गमीटर है को क्रय करने का अनुबंध-पत्र मेरे पक्षकार ने उक्त भूखंड/प्लींथ स्वामी से विधिवत कर लिया है तथा विक्रय-पत्र का निष्पादन भी मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में करवा लिया जावेगा। इसलिए हर खास एवं आम तथा संबंधित व्यक्ति को इस जाहिर सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त भूखंड/प्लींथ के संबंध में अगर किसी पक्ष को या संस्था या बैंक आदि को इस विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो एवं भूखंड/प्लींथ कहीं पर रहन, बय, दान, गिरवी, बंधक की हुई हो एवं कोई भी व्यक्ति उक्त भूखंड/प्लींथ पर किसी प्रकार का कोई विधिसम्मत हित रखता हो जो कि भूखंड/प्लींथ के विक्रय से प्रभावित हो रहा हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय द्वितीय मंजिल 442, गीरीराज हेरिटेज, तीन बत्ती, उज्जैन में सुबह 10.30 से शाम 6 बजे तक मय लिखित प्रमाण के प्रस्तुत करें तथा अपनी आपत्ति एवं दस्तावेज का अवलोकन करवाएं अन्यथा बाद अवधि मियाद समाप्त होने पर किसी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति व वाद स्वीकार नहीं की जावेगी एवं आपत्ति करने का कोई अधिकार संबंधित पक्ष को नहीं रहेगा। सो सूचित हो ।

इति दिनांक 30.12.2025

**दीपक प्रजापत ( एडव्होकेट )**
**मो. 9617631819**

### जाहीर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी अमित व्यास पिता श्री पुरूषोत्ताम व्यास निवासी विद्यापति नगर नानाखेडा उज्जैन व विक्रम सिंह पिता भुवानसिंह जी निवासी शंकरपुर व कृषक ग्राम रलायती तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 136/1/2 रकबा 0.65 हेक्टर, कुल किता 01 कुल रकबा 0.65 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम रलायती तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 30-12-2025

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंरड दुकान क्रमांक 07 ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो.नं.8719997462, 9584898788**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमति सोरमबाई पति श्री कैदार जाति मोची ग्राम गुरान तहसील सांवेर जिला इन्दौर से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 2/1 रकबा 2.40 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम रोझाना तहसील बडोद जिला आगर मालवा को तथा विक्रेता श्री कैदार प्रसाद पिता श्री मांगीलाल चौहान जाति मोची निवासी ग्राम भूमि सर्वे नम्बर 2/2 रकबा 0.35 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम रोझाना तहसील बडोद जिला आगर मालवा को क्रय करने का सौदा चिटठी पत्रक किया होकर बयाना राशि जंदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी पकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यबहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझरों मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में वाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक- 29-12-2025

**अश्विन पलोड़ ( सर्विस प्रोवाइंडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन मोबाईल 99265-32350**

### सार्वजनिक सूचना

आम जनसंघटन को सूचना दी जाती है कि हमारे मुवक्किल भूमि सर्वे नंबर 243/1 रकबा 1.01 हे., 243/2 रकबा 1.01 हे., 244 रकबा 0.04 हे 0, 245 रकबा 2.22 हे. स्थित ग्राम अमला, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक 01 गजेंद्रसिंह पिता नरेन्द्रसिंह जाति राजपूत, 02 भूपेन्द्रसिंह पिता नरेन्द्रसिंह जाति राजपूत, 03 बिहारीलाल पिता गणपतलाल जाति माली, 04 लक्ष्मण पिता किशन जाति माली निवासीगण ग्राम अमला, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से लीज पर लेने के इच्छुक है। कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, विशक सम्पत्ति या उसके किसी हिस्से के सम्बंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी / व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी विक्रय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिक्री या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी / व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 07 (सात दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित में नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर सकते है, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विशयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।

**दीपक शर्मा एडव्होकेट**
**बड़नगर मो.नं. 9826562344**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण व सम्बन्धितों को इस विज्ञप्ति के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मनोज कुमार डोडिया पिता खेराजमल डोडिया निवासी उज्जैन से उनके क्रय अनुबंध का भवन जो उन्होने भवन स्वामी खदीजा बानो पति तफ्फजुल हुसैन निवासी 585 एम.जी. रोड, इंदौर से भवन क्रमांक 155 का भाग स्थित तिलक मार्ग, उज्जैन क्षेत्रफल 288 वर्गफीट जिसके पूर्व मे भवन का शेष भाग, पश्चिम मे भवन का शेष भाग, उत्तर मे तिलक मार्ग, फव्वार चौक, दक्षिण मे अन्य का मकान स्थित है के संबंध में किया है को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध किया है तथा बयाने की राशि का भुगतान कर दिया है। अब शेष विक्रय मूल्य की राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करवाना शेष है। अस्तु उक्त भवन संपत्ती के खदीजा बानो पति तफ्फजुल हुसैन के स्वामी होने तथा उन्हे उपरोक्त संपत्ती विक्रय करने का अधिकार प्राप्त होने अथवा उपरोक्त भवन संपत्ती मे अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित अथवा हस्तक्षेप होने या ऋण भार आदि होने के संबंध मे कोई क्लेम अथवा आपत्ति हो तो वह इस विज्ञप्ति प्रकाशन से 5 दिवस में सप्रमाण मुझे प्रस्तुत करे। उक्त अवधि में कोई आपत्ति अथवा क्लेम प्रस्तुत नहीं होने पर मेरे पक्षकार शेष विक्रय मूल्य की राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन की कार्यवाही करवा लेवेंगे। पश्चातवर्ती कोई भी क्लेम अथवा आपत्ती मेरे पक्षकार को मान्य नहीं होगी तथा उनपर बन्धनकारक व प्रभावशील नहीं रहेगी। अस्तु सूचित हो ।

स्थान-उज्जैन

**विवेक सिंहल, अधिवक्ता**
**9, देवास गेट, उज्जैन**
**मो. 98270-40834**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जितेन्द्र पिता स्व. बेनीराम जी, निवासी-चाणक्यपुरी, पशुपतिनाथ मंदिर उज्जैन का निवासी हूं। मेरे पक्षकार के पिता ने अपनी स्वयें पैसे से एक मकान स्थित 42/2 वार्ड नंबर 43/46 स्थित नीलगंगा यंत्रमहल मार्ग पथ क्र. 1 उज्जैन का मेरे पक्षकार की माता श्रीमती लीलाबाई के नाम से दिनांक 08-11-88 को श्रीमती नर्मदाबाई पति भेरूलाल जायसवाल से विधिवत सम्पूर्ण विक्रय मूल्य अदा कर क्रय किया था। उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के मामा योगेश बिरोंदिया पिता स्व. बापूलाल जी निवासी नलियाबाखल उज्जैन मेरे पक्षकार की माताजी लीलाबाई को बहला फुसलाकर भविष्य में उक्त मकान हड़पना चाहते है अन्यथा उसे बेचना चाहते है ऐसी जानकारी मेरे पक्षकार को प्राप्त हुई है। मेरे पक्षकार तीन भाई बहन है जिसमें मेरा पक्षकार व उसकी दो बहने रीना पति सचिन व मीना पति नंदकिशार प्रजापत है उक्त मकान में मेरे पक्षकार व उसकी दोनों बहनों का बराबर का हिस्सा है यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक आदि द्वारा किसी प्रकार का विक्रीत संव्यवहार, क्रय विक्रय, गिरवी या अंतरण आदि कार्यवाही नहीं की जाती है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी उसकी स्वयं की होगी। जिसका जवाबदार मेरे पक्षकार न होकर वह स्वयं होगा। सूचित हो। इति दिनांक 29-12-2025

**प्रताप राव चव्हाण हायकोर्ट एडवोकेट**
**194/7 शास्त्री नगर उज्जैन मो. 9516383919**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01- गंगाराम पिता परवत सिंह 02- बापूसिंह पिता देवजी 03- गुलाबबाई पति स्व. नंदा 04- भेरुलाल पिता स्व. नंदा 05- रेशमबाई पिता स्व. नंदा 06- रामुबाई पिता स्व. नंदा 07 धन्नीबाई पिता स्व. नंदा 08- सजनबाई पिता स्व. नंदा अपने-अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर- 237.236/305/2 256 रकबा 0.85 0.12. 0.64 हैक्टर कूल किता 03 कुल विक्रीत रकबा 1.61 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम मेरखेडी तहसील बडोद जिला आगर मालवा म.प्र. में होकर उक्त भूमि का विक्रय/अनुबध पत्र/सौदा चिटठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हिल अधिकार आधिपत्य विक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहीर सूचना के प्रकाशन के सात 07 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपति प्रस्तुत करे । अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 29 दिसम्बर 2025

**दिनेश वर्मा सर्विस पोवाईडर उप पंजीयक कार्यालय**
**घटिटया जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो. 94240-674570**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री मांगीलाल पिता श्री बोन्दाजी, निवासी-ग्राम मगरिया तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नंबर-246 (एस) रकबा 0.2800 हेक्टर, 249 (एस) रकबा 0.3400 हेक्टर, 283 (एस) रकबा 0.5500 हेक्टर एवं 284/1 (एस) रकबा 0.6300 हेक्टर कुल किता 04 कुल रकबा 1.8000 हेक्टर ग्राम मगरिया, तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने तर्फे मायाबाई पति अंतरसिंह निवासी ग्राम मगरिया तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों।

इति दिनांक-29.12.2025

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो.94259-46659**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी विक्रान्त पिता श्री सुभाषचन्द्र सांकले, पता मंगरोला, तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. के एकल स्वत्व व स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 23/2 रकबा 0. 2600 हेक्टेयर तथा भूमि स्वामी श्रीमती पुष्पा पति श्री राजेन्द्र, पता मंगरोला, तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. के एकल स्वत्व व स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 23/1 रकबा 0.2500 हेक्टेयर भूमि, कुल किता 2-दो कुल रकबा 0.5100 जो कि ग्राम मंगरोल तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। उपरोक्त संपूर्ण कृषि भूमि को मय तल भूमि के हवाई हक सहित मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधित व्यक्ति -श्री चेतन वाघेला पिता श्री बाबूलाल जी वाघेला, निवासी ग्राम हामूखेड़ी, तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. से क्रय करने का तय कर दस्तावेज अनुबंध पत्र का संपादन भी स्वयं के हित में करवा लिया हैं, जल्द ही दस्तावेज विक्रय पत्र का पंजीकरण होना हैं। उक्त संपत्ति के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार एवं राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त संपत्ति कहीं पर विक्रय, रहन, बय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण की हई हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, शासकीय/अर्द्धशासकीय/अशासकीय बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय में उक्त संपत्ति से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन से 07-सात दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त संपत्ति का दस्तावेज विक्रय-पत्र का संपादन एवं निष्पादन कर पंजीकरण करा लिया जायेगा। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त वर्णित संपत्ति को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री, विक्रय पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। इति दिनांक 29/12/2025, स्थान:- उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट सुहाना पैलेस**
**34. शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मो. 87707-18997**

### अंतिम सूचना

समस्त आवंटित भूखण्ड धारकों एवं निवेशकों को सूचित किया जाता है कि, मैरी पक्षकार कम्पनी DEEPA DEVCON PRIVATE LIMITED कार्यालय पता 30, बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा ग्राम उण्डासा तहसील व जिला उज्जैन में विकसीत कालोनी श्री लक्ष्मीपति धाम कालोनी में जिन भूखण्ड धारकों एवं निवेशकों द्वारा भूखण्ड आवंटित कराये हैं उन सभी की समस्त किश्त का भुगतान मेरी पक्षकार कम्पनी के कार्यालय में दिनांक 05.01.2026 तक कर दिया जावें. अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड निरस्त कर दिये जावेगें जिसके होने वाले समस्त परिणाम का उत्तरदायी संबंध भूखण्ड धाकर होगा तथा मेरे पक्षकार उक्त भूखण्ड किसी अन्य को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र हैं। सूचित हो।

इति दिनांक 29-12-2025

**सौरभ जैन, ( चौरडिया ) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन मो. 96177-77776**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमति प्रभूबाई पति श्री राजाराम, निवासी ग्राम आजमपुरा, तहसील घटिया, जिला उज्जैन म.प्र. से उनके मालकी व आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 253/2 रकबा 0.74 हेक्टेयर मेसे 0.20 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम आजमपुरा, तहसील घटिया व जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूमि के विकय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋ ण बकाया हो या भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूमि में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूमि के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि का शेष विकय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 30/12/2025

**सर्विस प्रोवाईडर सुमित बावेजा**
**सी-22/19, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र, नानाखेडा, उज्जैन**
**मोबाईल नं. 8770336766**

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) अनुभाग उज्जैन

**ग्रामीण संयुक्त प्रशासनिक संकुल प्रथम तल द. कक्ष क्रमांक 132 जिला उज्जैन**

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील उज्जैन अंतर्गत ग्राम चंदसेरी स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 237/1, 480, 481, 483, 491 रकबा क्रमशः 4.8200 हे 0 48 है., 1.12 हे., 0.58 हे 3.11 हे. होम्योपैथिक महाविद्यालय नवीन भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन किये जाने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में जिला आयुष अधिकारी जिला उज्जैन द्वारा नजूल निर्वतन नियम 2020 अंतर्गत प्रारूप 1 में भूमि आवटन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/समूह/संस्था को आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षरकार्ता के कार्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशन दिवस से 20 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**( रा. ) अनुभाग उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सीमाबाई पुत्री स्व. श्री चंदरसिंह, निवासी-114, ईडब्ल्यूएस इंदिरा नगर, उज्जैन म.प्र. के पिता स्व. श्री चंदरसिंह पिता स्व. सेवाराम, निवासी-114, ईडब्ल्यूएस इंदिरा नगर, उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य का एक स्वअर्जित भवन क्रं. 114, ईडब्ल्यूएस इंदिरा नगर, उज्जैन म.प्र. में स्थित है। उक्त भवन के स्वत्व संबंधी माननीय न्यायालय के समक्ष एक सांपत्तिक वाद प्रकरण क्रं. आरसीएसए 94/2018 सीमाबाई विरूद्ध राहुल के नाम से प्रथम व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खंड जिला, उज्जैन में प्रस्तुत किया गया था। उक्त वाद प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा निराकरण करते हुए आदेशित किया गया है कि भवन क्रं. 114, ईडब्ल्यूएस इंदिरा नगर, उज्जैन म.प्र. पर मेरी पक्षकारा एकमात्र वैध स्वत्वधारी है। इस प्रकार उक्त भवन की स्वत्वाधिकारी एकमात्र मेरी पक्षकारा है लेकिन मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि उक्त भवन को प्रतिवादी राहुल पिता पदमसिंह आंजना, निवासी ग्राम नाहरखेड़ी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के द्वारा बाले-बाले विक्रय किये जाने हेतु प्रयासरत है। ऐसी स्थिति में मेरे पक्षकार की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति/भवन क्रं. 114, ईडब्ल्यूएस इंदिरा नगर, उज्जैन म.प्र. के क्रय-विक्रय के संबंध में कोई भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय बैंक, पेढ़ी, सहकारी पेढ़ी, संस्था निकाय, आदि किसी भी प्रकार का कोई क्रय-विक्रय आदि के संबंध में कोई संव्यवहार मेरे पक्षकार की सहमति व अनुमति के बगैर ना करें एवं वर्तमान जाहिर सूचना के पश्चात भी उक्त संपत्ति को क्रय-विक्रय या अंतरित किया जाता है तो ऐसी स्थिति में ऐसा संव्यवहार वर्तमान जाहिर सूचना के प्रभाव में शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचित हो। इति दिनांक 29/12/2025

**सुरेन्द्र मेहता, हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय 303, नवकार स्कवेयर तीन बत्ती चौराहा, उज्जैन**
**मो. 9340033069**

### जाहिर - सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार धंना लाल पिता गिरधारी लाल जी, आयु 47 वर्ष, जाति कुम्हार, निवासी 04 ग्राम ढाबला रेहवारी, आगर मार्ग तहसील एवं जिला उज्जैन एवं कृषक ग्राम भूतिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के होकर, मेरे पक्षकार की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य एवं हक हिस्से की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 190/1 रकबा 0.46 हेक्टेयर एवं सर्वे नम्बर 190/2 रकबा 0.22 हैक्टेयर भूमि, कुल किता 02 कुल रकबा 0.68 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम भूतिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर, उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर केतापक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर, सौदा चिट्ठी/अनुबंध पत्र का संपादन करवा लिया गया होकर, अनुबंध कर शेष बकाया राशि धन प्राप्त कर उक्त भूमि का पंजीयन केतापक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित कि हो या किसी भी व्यक्ति की लेनदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (07) दिवस की अवधि में मय लिखीत प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करें, एंव अपना दावा एंव आपत्ति रखे। अन्य दशा में बाद अविध मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केतापक्षकार द्वारा संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिंनाक-29-12-2025

**अरविन्द शर्मा दस्तावेज लेखक**
**पता- दुकान नम्बर 01, न्यू बस स्टेण्ड, तहसील कार्यालय के सामने, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 94240-14405, 7389865498**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी दिव्या कुंवर पति श्री अजय सिंह व ललिता पति लोकेन्द्रर सिंह सोलंकी निवासी महारजगंज खेडा सांवेर जिला इन्दौर व कृषक ग्राम जलवा तहसील घटिया जिला उज्जैन म0प्र0 ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 778/1/1 रकबा 2.12 हेक्टर, सर्वे नम्बर 777 रकबा 0.49 हेक्टर, सर्वे नम्बर 779 रकबा 0.54 हेक्टर, कुल किता 03 कुल रकबा 3.15 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम जलवा तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 30-12-2025

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंरड दुकान क्रमांक 07 ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462, 9584898788**

न्यूज-कॉलम

## यातायात थाना परिसर में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल , अति. पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्री किरण चौहान के निर्देशन में दिनांक 28 दिसम्बर को थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर , मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल के आदेशानुसार नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता मैडम एवं उनकी टीम द्वारा थाना यातायात परिसर में ऑटो चालकों का नेत्र परीक्षण रखा गया जिसमें करीब 100 ऑटो चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया नेत्र परीक्षण के दौरान जिन चालकों के ऑखो में समस्या पाई गई उन्हे जिला अस्पताल जाने की सलाह दी गई एवं नेत्र परीक्षण के दौरान ऑटो चालकों को चालक वर्दी धारण करने , अपने ऑटो के कागजात रखने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया ।

## ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल वार्षिक उत्सव मंच से मनमोहन प्रस्तुति दी

**नीमच।** शहर के ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल में 7वां वार्षिकोत्सव 'आरंभ' 2025-26 हर्षोल्लास के साथ मनाया । स्कूली बच्चों ने इस वार्षिकोत्सव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वार्षिकोत्सव में सनातन भारत की झलक नजर आई।कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों कास्वागत किया गया । इसके पश्चात स्कूल के नन्हें बच्चों द्वारा शिव स्तुति, समूह डांस, पंजाबी डांस की शानदार प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही स्पोर्ट्स डांस, दशावतार, देशभक्ति थीम, योगा, कन्नप्पा, लक्ष्मी आदि मनोरम प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों के जीवंत नृत्य प्रदर्शन से हुई, जिसने शाम का माहौल रंगारग कर दिया। इन प्रदर्शनों में वीरता, परंपरा और समृद्ध सांस्कृतिक गाथाओं की प्रस्तुतियां हुई । विद्यार्थी के मनमोहक नृत्य और भावपूर्ण कहानी कहने के अंदाज ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे ऐतिहासिक और पौराणिक कथाएँ जीवंत हो उठीं।

## किसान भाई 31 दिसंबर तक फसल बीमा कराएं

**रतलाम।** उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्रीमती नीलम चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी 2025-26 हेतु योजना के क्रियान्वयन के लिये शासन द्वारा जिले में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड का चयन किया गया है। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 है। जिस बैंक से किसान का किसान क्रेडिट कार्ड बना है वहां जाकर फसल बुवाई प्रमाण पत्र, एवं पटवारी हल्के की जानकारी, किसान संबंधित बैंक में जाकर अद्यतन कराऐं। अऋणी व डिफाल्टर किसान अंतिम तिथि का इंतजार ना करते हुए अपने पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, राष्ट्रीयकृत बैंक एवं ग्राहक सेवा केन्द्र में फार्म जमा कराऐ ताकि उनकी फसलों का फसल बीमा योजना के तहत हो सके। फसल बीमा कराने के लिये बीमा प्रस्ताव पत्र, भू-अधिकार पुस्तिका की फोटोकॉपी, बोनी का प्रमाण पत्र, संबंधित आधार कार्ड, मोबाईल नंबर व बैंक पासबुक की फोटोकॉपी लेकर जाऐं।

## ग्राम पंचायत इंद्रवाला खुर्द में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न

**रतलाम।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार रतलाम जिले में पंचायतों में सरपंच के रिक्त स्थान पर आज 29 दिसंबर को जनपद पंचायत सैलाना की ग्राम पंचायत इंद्रवाल खुर्द में सरपंच पद के निर्वाचन हेतु तीन मतदान केंद्र इंद्रवाल खुर्द इंद्रवाल कला एवं सोमवारुंडी कला में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। विकासखण्ड मुख्यालय पर 2 जनवरी 2026 को सरपंच पद के मतो की गणना के पश्चात परिणाम की घोषणा की जाएगी। सारणीकरण का कार्य 5 जनवरी 2026 को विकासखंड मुख्यालय पर किया जाएगा।

## भावांतर पोर्टल 30 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तक मेंटनेंस पर

**रतलाम।** सचिव कृषि उपज मण्डी समिति ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 मंगलवार से 1 जनवरी 2026 गुरुवार तक भावांतर पोर्टल में मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण यह पोर्टल तीन दिवस के लिए अस्थाई रूप से बंद रहेगा । मंडी में भावांतर योजना अंतर्गत सोयाबीन विक्रय करने वाले कृषक उक्त अवधि में अपनी कृषि उपज सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत विक्रय हेतु मंडी में नहीं लाए और असुविधा से बचें। अन्य कृषि उपजों एवं अपंजीकृत सोयाबीन का क्रय-विक्रय जारी रहेगा।

# एक वर्ष में चंबल नदी का पानी सीधे खेतों में पहुंचेगा- उपमुख्यमंत्री

## मल्हारगढ़ विस में 32 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपलिया कराड़िया में लगभग 21 करोड़ रुपये व ग्राम राणाखेड़ा में लगभग 11 करोड़ कुल 32 करोड़ की लागत से किए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इस दौरान श्री देवड़ा ने कहा कि आने वाले एक वर्ष में मल्हारगढ़ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के माध्यम से हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचेगा। इससे किसानों को बिजली की समस्या से भी राहत मिलेगी और सीधे चंबल नदी का पानी खेतों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि गांव जब आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, बच्चों एवं अभिभावकों को स्वच्छता अभियान में सहभागी बनाने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

श्री देवड़ा ने 2 करोड़ 78 लाख रु. की लागत से लोध से भूखी बुजुर्ग व्हाया बर्डियाफंटा मार्ग का भूमिपूजन, ६ करोड़ 64 लाख रु. की लागत से लच्छाखेड़ी से ईशाकपुरा बांसखेड़ी फंटा पहुंच मार्ग (व्हाया रठाना) का लोकार्पण तथा 91 लाख 13 हजार रु. की लागत से रूपावली से भटाना मार्ग का लोकार्पण किया गया। साथ ही 65 लाख रु. की लागत से आयुष्मान आरोग्य मंदिर पालड़ी का लोकार्पण, ग्राम कमालपुरा, बिलात्री एवं राणाखेड़ा में आंगनवाड़ी भवनों का लोकार्पण तथा ग्राम पंचायत बिलात्री में मांगलिक भवन का भूमिपूजन किया गया। साथ ही करोड़ ७ लाख रु. की लागत से निर्मित पिपलिया कराड़िया गांव से हाईस्कूल पहुंच मार्ग तथा 1 करोड़ 77 लाख रु. की लागत से निर्मित खण्डेरियामारू से नावनखेड़ी मार्ग का लोकार्पण किया गया। वहीं 7 करोड़ 86 लाख रु. की लागत से लिलदा से नाहरगढ़ पित्याखेड़ी मार्ग का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही 6 करोड़ 90 लाख 97 हजार रु. की लागत से निर्मित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सुरी तथा 1 करोड़ 99 लाख 90 हजार रु. की लागत से निर्मित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पिपलिया कराड़िया का लोकार्पण किया गया। ग्राम पाल्यामारु एवं ग्राम लीलदा में 65-65 लाख रु. की लागत से निर्मित दो आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण भी उपमुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला अधिकारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# नववर्ष को लेकर उज्जैन जोन एडीजीपी उमेश जोगा ने आज रतलाम में की समीक्षा बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



आगामी नववर्ष के दृष्टिगत जिले में कानून-व्यवस्था, आमजन की सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने को लेकर उज्जैन जोन के एडीजीपी उमेश जोगा ने सोमवार को रतलाम पहुंचकर पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में रतलाम रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) निमिष अग्रवाल, एसपी अमित कुमार सहित जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

एडीजीपी श्री जोगा ने वर्ष 2025 के दौरान जिले की कानून-व्यवस्था, गंभीर एवं लंबित अपराधों और की गई पुलिस कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने नववर्ष के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने, भीड़भाड़ वाले आयोजनों की सुरक्षा तथा असामाजिक तत्वों पर सख्त निगरानी रखने के स्पष्ट निर्देश दिए।

कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण को लेकर प्रमुख निर्देश

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश। डायल-112 पर प्राप्त कॉल पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश। साइबर अपराधों पर त्वरित व सख्त कार्रवाई के निर्देश। थानों में दर्ज शिकायतों का संवेदनशीलता व प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश।

लंबित प्रकरणों व चालानों का शीघ्र निराकरण तथा आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु वाहन चेकिंग अभियान तेज करने के निर्देश प्रमुख मार्गों व चौराहों पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर हेलमेट, सीट बेल्ट एवं यातायात नियमों के पालन हेतु जनजागरूकता अभियान क्षेत्र में नियमित भ्रमण एवं जनसंवाद बढ़ाने के निर्देश दिये।

नववर्ष के मद्देनजर विशेष दिशा-निर्देश रात्रि में सघन चेकिंग व गश्त बढ़ाई जाए नशे में वाहन चलाने, तेज रफ्तार व नियम उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई संवेदनशील स्थानों व प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती बाजार, होटल, रिसॉर्ट, मंदिर व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी सूचीबद्ध बदमाशों व अशांति फैलाने वाले तत्वों पर कड़ी निगरानी।



## एमआर यूनियन की वार्षिक बैठक में नई कार्यकारिणी गठित

**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन कि मंदसौर शाखा की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें नई कार्यकारिणी भी सर्वसम्मति से गठित की गई। बैठक में अध्यक्ष दिनेश चंदवानी ने कहा कि सरकार से हमारी मांग है चार श्रमिक कानूनों को निष्क्रिय कर पुराने कानूनों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। सचिव मयंक चुनकर ने कहा कि हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। निजी फार्मा कंपनियों द्वारा सेल्स के नाम पर प्रताड़ित किया जाता है। यूनियन के कोषाध्यक्ष कमलेश कच्छावा ने 2024 का लेखा जोखा पेश किया। चुनाव अधिकारी हरीश मलासिया और प्रोसिडिंग अधिकारी अनिल शर्मा द्वारा सर्वसम्मति से घोषित कार्यकारिणी में अध्यक्ष दिनेश चंदवानी, सचिव उपेन्द्र रॉय, उपाध्यक्ष राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष मयंक चुनेकर, दो सहसचिव लोकेंद्र जैन व संदीप भावसार, कौंसिल कन्वीनर अश्विनी तिवारी सहित कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त हुए। 10 व 11 जनवरी को बैतूल में होने वाले बयालीसवें राज्य सम्मेलन में जाने के लिए प्रतिनिधियों का चयन भी किया गया। इस अवसर सदस्य लखन मीणा, जीत बंजारा, दिलीप प्रजापति, अंकित जाधव, भगवान माली आदि उपस्थित थे।

## भारत में सभी धर्मावलंबी प्रेम व सद्भाव से जीवन यापन करते है-जॉनसन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा क्रिसमस शुभकामना समारोह सर्वधर्म समभाव संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हिन्दू, मुस्लिम, सिख, जैन धर्म के विद्वान वक्ताओं एवं अतिथियों ने कहा कि सभी धर्मों का संदेश मनुष्य को सद्गुण संपन्न बनाना हैं प्रभु यीशु ने भी यही संदेश दिया हैं।

निजी स्कूल के प्रधान फादर जॉनसन ने कहा कि प्रेम, सेवा व करूणा मानव धर्म है जो प्रत्येक मनुष्य को अपनाना है वह चाहे जिस धर्म पंथ का अनुयायी हो। आपने कहा कि भारत में सभी धर्मावलंबी प्रेम व सद्भाव से जीवन यापन करते है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। प्रमुख वक्ता प्रकाश रातड़िया ने कहा कि मैत्री भाव, करूणा भाव, प्रमोद भाव व मध्यस्थ भाव अपनाकर श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण किया जा सकता है। सभी तीर्थंकरों, अवतारों, पेगम्बरों ने यही संदेश दिया हैं।वरिष्ठ साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि धर्म कभी भी आपस में बैर करना नहीं सिखाता है। कतिपय लोग स्वार्थ वश धर्म के आधार पर भेदभाव पैदा करते है किन्तु भारतीय संस्कृति में विद्यमान प्रेम, सद्भाव व एकता की जड़ गहरी है। पं. देवेश्वर जोशी, राजेन्द्र छाजेड़, इस्माइल मंसूरी, त्रिलोचनसिंह छाबड़ा ने हिन्दू, जैन, इस्लाम व सिख धर्म परम्परा के दर्शन का उल्लेख किया। प्रकाश दीक्षित, कृष्णकांत जोशी, प्रकाश कल्याणी, मोहनसिंह चौहान ने सहभागिता की। संचालन रमेश ब्रिजवानी ने व आभार प्रदर्शन विनोद शर्मा ने किया।

## कृति का अरावली पर्वत बचाओ अभियान: 30 दिसंबर को नीमच में शांतिपूर्ण पोस्टर प्रदर्शन

**नीमच।** अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण एवं बचाव के उद्देश्य से क्षेत्र की अग्रणी साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था कृति द्वारा अरावली पर्वत बचाओ अभियान के अंतर्गत दिनांक 30 दिसंबर को दोपहर 4 बजे, 40 भारत माता चौराहा, नीमच पर एक शांतिपूर्ण पोस्टर प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अक्षय राजपुरोहित, सचिव कमलेश कुमार जायसवाल एवं प्रचार सचिव कृष्ण शर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि अरावली पर्वत श्रृंखला केवल एक भौगोलिक संरचना नहीं, बल्कि क्षेत्र के जलवायु संतुलन, भूजल संरक्षण, जैव-विविधता और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जीवनरेखा है।


## पश्चिमी रेलवे इंदौर-मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन के ट्रिप बढ़ाएगी

| ट्रेन नं. | गंतव्य स्टेशन से आगमन तक | दौड़ का दिन | तक विस्तारित |
|---|---|---|---|
| 09086 | इन्दौर-मुम्बई सेन्ट्रल | मंगलवार गुरुवार एवं शनिवार | 31-01-2026 |
| 09085 | मुम्बई सेन्ट्रल-इन्दौर | सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार | 30-01-2026 |

ठहराव और संरचना के समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।


उपरोक्त ट्रेन की विस्तारित यात्रा के लिए बुकिंग 30.12.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू हो जाएगी। यह ट्रेन विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram/WesternRly

सभी आरक्षित टिकटों के लिए कृपया मूल पहचान पत्र साथ रखें।


# दशहरा मैदान में भव्य शौर्य सभा व शौर्य संचलन का आयोजन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा रविवार को नीमच के दशहरा मैदान में भव्य शौर्य सभा व शौर्य संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं रामदरबार के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की भूमिका विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला ने रखी उन्होंने कहा कि बजरंग दल समाज के बीच यह संदेश देता है कि जब तक बजरंगी है, जब तक बजरंग दल है, किसी भी जिहादी या विधर्मी से डरने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई विधर्मी षड्यंत्र करता है, चाहे वह लव जिहाद हो, लैंड जिहाद हो या किसी भी प्रकार का जिहाद, तो बजरंग दल अपने हाथ में दंड लेकर समाज को आश्वस्त करता है कि हम उनकी और हमारी गौ माता की रक्षा के लिए तत्पर हैं।

श्री झाला के उद्बोधन के पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कवि एवं प्रांत विमर्श प्रमुख मुकेश मोलवा ने कहा गुरु तेगबहादुर के बलिदान के 350 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और यह बलिदान आज भी राष्ट्र को प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बजरंग दल राष्ट्र शक्ति के रूप में सेवा, सुरक्षा और संस्कार के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रहा है, उन्होंने इतिहास के महान नायकों का स्मरण करते हुए कहा कि चंद्रगुप्त, स्कंदगुप्त, विक्रमादित्य, यशोधर्मा, बाजीराव, रविदास, रामप्रसाद बिस्मिल, केशव और माधव हमारे आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि जब भी मथुरा में कन्हैया और काशी का आह्वान होगा, देश का युवा संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा। गौ, गंगा, गायत्री और गीता की रक्षा का संकल्प दोहराया। इतिहास से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने पृथ्वीराज चौहान और स्कंदगुप्त के शौर्य का उल्लेख किया और कहा कि इन वीरों का जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। धर्मो रक्षति रक्षितः' और 'सेवा, सुरक्षा, संस्कार' के आदर्शों पर चलने वाला यह बजरंग दल का कार्यकर्ता है। बजरंग दल राष्ट्र की शक्ति है, बजरंग दल राष्ट्र की चेतना है, बजरंग दल हिंदू समाज का सुरक्षा कवच है।

जिस तरह से जिहादी लोग जिहाद करते हैं और वे राष्ट्रीय मूल्यों का सम्मान नहीं करते हैं, लेकिन बजरंग दल हिंदू समाज की रक्षा के लिए, राष्ट्र के मूल्यों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। और इसीलिए भारत माता के लिए अपने प्राण लुटाने को भी तैयार है।

बजरंग दल का कार्यकर्ता इस राष्ट्र के लिए, इस मिट्टी के लिए अपना बलिदान तक करने को तैयार है। और कल जैसा कि वीर बाल दिवस था, गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान, तो यह बजरंग दल का कार्यकर्ता भी उन्हीं के आदर्शों पर चलता है। और बजरंग दल का कार्यकर्ता भारत माता को परम वैभव पर स्थापित करने के लिए कार्य करता है ।

शौर्य सभा के पश्चात विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला मंत्री कैलाश मालवीय, बजरंगदल जिला संयोजक दुर्गेश धनगर के नेतृत्व में शौर्य संचलन निकला, मुख्य ध्वजा जिला सहसंयोजक बृजेश वाल्मीकि ने थामी हुई थी। संयोजक पवन जयसवार और दिलीप ग्वाला ने अग्रिम पंक्ति में ध्वजा थमी हुई थी।



## प्रकृति घाटिया का सिविल जज बनने पर कन्या विद्यालय में किया सम्मान

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री उमाशंकर पांडे के मार्गदर्शन में तथा नगर को गौरवान्वित करने वाली सिविल जज बनी प्रगति घाटिया के मुख्य अतिथि में एवं सरस्वती शिशु मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीमती बंटू भूत के अध्यक्षता में आयोजित विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन विद्यालय की बालिकाओं द्वारा मंच पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान प्रगति घाटिया का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पमाला एवं प्रगतिचिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान बाजार व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष सुनील घाटिया, वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल नागर, अध्यापकगण दशरथ सिंह चंद्रावत, घनश्याम पाटीदार, दिनेश कुमार, वासुदेव सोलंकी, मोहन परमार, कन्हैया लाल पाटीदार, महेंद्र राठौर, श्रीमती निशा पाटीदार, सीमा घाटिया, श्रीमती मोना सेठिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन श्री किरण वर्मा, श्री दिनेश गवारिया ने किया।

## रणजीत सिंह शक्तावत ने गोपाल कृष्ण गौशाला में 11 हजार रु. का दिया दान




**पिपलिया मंडी।** मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव खड़पालिया में गोपाल कृष्ण गौशाला में आयोजित भागवत कथा में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत 29 दिसंबर को उपस्थित हुए जहां पर कुंवर शक्तावत ने भागवताचार्य पंडित अर्जुन भारद्वाज को पुष्माला पहनाते हुए सम्मान किया। तत्पश्चात भागवताचार्य पंडित अर्जुन जी भारद्वाज ने कुंवर शक्तावत को धर्म दुपट्टा पहनाते हुए स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर कुंवर शक्तावत ने गौशाला मैं गौ माता की सेवा एवं गौ उत्थान के लिए ग्यारह हजार रुपए का दान देने के साथ ही साथ इस प्रकार के धार्मिक आयोजन करने पर आयोजन समिति को धन्यवाद व्यापित किया। आपने अपने उद्बोधन में कहा कि यहां उपस्थित समस्त माताओं बहनों एवं बुजुर्ग भाइयों के चरणों में नतमस्तक होते हुए निवेदन किया की जहां पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजन होते हैं वहां हमेशा शांति और समृद्धि रहती है और उस गांव,उस शहर से कभी भी किसी भी बुजुर्ग माताओ,बहनों और वृद्धो को वृद्धा श्रम जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

## महिला कांग्रेस ने उन्नाव कांड के दोषी की जमानत का विरोध किया



**मन्दसौर।** जिले के संजीत ब्लॉक में महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रूपल संचेती के नेतृत्व में उन्नाव में बलात्कार एवं हत्या के दोषी भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर को मिली जमानत के विरोध में महिला कांग्रेस कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना तीव्र आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषी को कठोरतम सजा दिलाने एवं जमानत निरस्त करने की मांग की गई। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुशाल सोलंकी, ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण पाटीदार, पूर्व जनपद सदस्य मोहनलाल राठौर, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रेखा दमामी, जिला उपाध्यक्ष अनीता कोरी, जिला सचिव सुनीता जादौन, कांग्रेस नेत्री मीना चौहान, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सम्यक जैन, गोपाल चंदेल, जितेन्द्र सोलंकी आदि उपस्थित थे।

## पी.जी. कॉलेज में इनोवेशंस एंड स्टार्ट अप विषय पर हुआ सेमीनार का आयोजन



**मंदसौर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,मंदसौर में वाणिज्य विभाग द्वारा ज्इनोवेशंस एंड वन स्टार्टअपज विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सी.ए. सिद्धार्थ अग्रवाल ने बताया कि स्टार्टअप शुरू करने से पहले एक यूनिक आइडिया होना चाहिए, इसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसके अंतर्गत सरकारी अनुदान भी प्रदान किया जाता हैं। डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया गया कि हमें नौकरी लेने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनना चाहिए। प्राचार्य जे.एस. दुबे द्वारा विद्यार्थियों को स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. आरती पडियार द्वारा किया गया। सहायक प्राध्यापक योगेश कुमार पटेल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ आर.के. वर्मा, हीरालाल जाटव, डॉ. यशवंत पवार भी उपस्थित रहे।



## हिन्दू सम्मेलन हेतु सकल हिन्दू समाज द्वारा ध्वज स्थापना एव भूमि पूजन

**ब्यावरा।** आगामी 11 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन के लिए सकल हिन्दू समाज द्वारा श्री अंजनीलाल धाम पर ध्वज स्थापना एव भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के अवसर पर भागवताचार्य पंडित सतीश नागर ने अपने वक्तव्य में कहा कि संगठित समाज ही शक्तिशाली समाज बन सकता है हिन्दू समाज भारत की आत्मा है। जातिगत भेद भाव मिटाकर राष्ट्र एव सनातन धर्म के लिए हिन्दू समाज को एक होकर आगे आना होगा। 11 जनवरी को अधिक से अधिक संख्या हिन्दू समाज हिन्दू सम्मेलन में भाग लेगा। इस अवसर पर कथा प्रवक्ता सतीश नागर, भागवताचार्य अजय तिवारी, द्वय के पावन सानिध्य एव श्रीअंजनीलाल मंदिर पर सकल हिन्दू समाज की उपस्थिति में भूमि पूजन सम्पन्न हुआ।

## श्री चित्रगुप्त मन्दिर में महिला चित्रांश शक्ति द्वारा संध्या सक्सेना को अध्यक्ष चुना



**ब्यावरा।** श्री चित्रगुप्त मन्दिर ब्यावरा जिला राजगढ़ मे गत दिनो समाज अध्यक्ष के दीपक सक्सेना, अखिल भारतीय कायस्थ महापरिषद प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अशोक सक्सेना, भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना मंडी , समाज के मार्गदर्शक संजय सक्सेना झाडला और सामाजिक कार्यकर्ता श्याम भटनागर के सानिध्य में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमे समाज के प्रत्येक परिवार ने महिला शक्ति के साथ अपनी उपस्थिति दर्जकर कड़कड़ाती ठंड के मौसम मे उक्त आयोजन को सफल बनाया. इस अवसर पर महिला शक्ति द्वारा कायस्थ समाज की अध्यक्ष श्रीमती निवेदिता श्रीवास्तव ने अपनी व्यस्तता के कारण पद छोड़ने की पेशकश की जिसे उपस्थित मातृ शक्ति ने स्वीकार करते हुए सर्वसम्मति से नये अध्यक्ष के चुनने का निर्णय लेकर श्रीमती संध्या सक्सेना पति अशोक सक्सेना को नया अध्यक्ष चुना गया जिन्हे मन्दिर परिसर मे हार फूल माला पहनाकर उपस्थित मातृशक्ति ने स्वागत किया और निवृतमान अध्यक्षा श्रीमति निवेदिता श्रीवास्तव के सफल कार्यकाल की सराहना की। आयोजन मे समिति के साथ उपस्थित सभी चित्रांश बंधुओं और महिला शक्ति ने समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक सक्सेना कड़ियाहॉट और महिला अध्यक्षा श्रीमति संध्या सक्सेना की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

## गुरुद्वारा साहब में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम हुआ



**महिदपुर।** सरवंशदानी पिता गुरुगोविंद सिंह महाराज के चारों पुत्र अजीतसिंह, जुझारसिंह, जोरावरसिंह, फतेहसिंह, माता गुजरी की शहीदी के निमित श्री गुरुसिंध सभा गुरुद्वारा महिदपुर में विगत दिवस शाम 7.00 बजे वीर बाल दिवस का कार्यक्रम में सामाजिक संगठन, सिख समाज, पंजाबी समाज, सबकी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गुरुद्वारा के ज्ञानी जी के द्वारा शबद कीर्तन भी किया गया । सरवंशदानी पिता गुरुगोविंद सिंह महाराज के चारों पुत्र अजीतसिंह, जुझारसिंह, जोरावरसिंह, फतेहसिंह, माता गुजरी की शहीदी के निमित आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में उनकी शहादत पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उपस्थित वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किया।

## अखंड सेवा समिति ने किया सम्मान




**शुजालपुर।** पिछले 8 वर्षों से निरंतर मानव सेवा में सक्रिय अखंड सेवा समिति द्वारा रविवार को सिविल हॉस्पिटल शुजालपुर मंडी में मरीजों एवं उनके परिजनों को फ ल वितरण किया गया। सेवा कार्य के पश्चात समिति ने एक सम्मान समारोह आयोजित कर अपने सदस्यों को बार काउंसिल में निर्वाचित होने पर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर बार काउंसिल अध्यक्ष अधिवक्ता कैलाश यादव एवं पुस्तकालय अध्यक्ष अधिवक्ता मांगीलाल परिहार का समिति द्वारा शाल, श्रीफ ल एवं पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि दोनों ही अधिवक्ता अखंड सेवा समिति के संस्थापक सदस्य हैं और लंबे समय से सामाजिक व मानव सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समाज सेवा और विधि क्षेत्र में दोनों अधिवक्ताओं का योगदान प्रेरणादायी है। समिति सदैव सेवाए सहयोग और संवेदना के भाव से कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने सम्मानित अतिथियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# मन की बात जन-जन की आवाज बन देश की पहचान बनी

### 129वें एपिसोड को बूथ अध्यक्ष के नाम किया समर्पित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात के 129वें एपिसोड का श्रवण रविवार प्रातः 11 बजे शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र में सादगी, अनुशासन एवं संगठनात्मक एकजुटता के साथ किया गया। यह आयोजन विधानसभा क्षेत्र के एक बूथ अध्यक्ष गोपीलाल लाखा के विगत दिनों के आकस्मिक निधन के कारण पूर्णतः संयम, संवेदना एवं श्रद्धांजलि भाव के साथ संपन्न हुआ। विधानसभा शुजालपुर के बूथ क्रमांक 1 किठोर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नवनियुक्त बूथ अध्यक्ष विष्णु लाखा की उपस्थिति मन की बात कार्यक्रम के प्रारंभ में दिवंगत बूथ अध्यक्ष की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मंत्री परमार सहित समस्त कार्यकताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकसंतप्त परिवार को धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। परमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होता है और उनका समर्पण ही पार्टी की वास्तविक शक्ति है उन्होंने दिवंगत कार्यकर्ता के संगठन के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सेवा, निष्ठा और कर्तव्य भावना ही किसी कार्यकर्ता की सच्ची पहचान है और यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। परमार ने यह भी कहा कि शुजालपुर विधान सभा के प्रत्येक बूथ पर मन की बात कार्यक्रम को दिवंगत बूथ अध्यक्ष को समर्पित करते हुए बूथों पर यह कार्यक्रम सादगी के साथ देखा व सुना जा रहा है।

भाजपा मीडिया प्रभारी एवं पूर्व पार्षद पं. प्रवीण जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर मंडल के सभी बूथों सहित शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के 263 बूथ पर मन की बात को देखा व सुना गया। शोक की भावना को दृष्टिगत रखते हुए सभी स्थानों पर कार्यक्रम अत्यंत सादगी, अनुशासन एवं मयार्दा के साथ संपन्न किए गए। कार्यक्रम की सहभागिता से संबंधित आवश्यक जानकारी संगठनात्मक निदेशों के अनुरूप संगठन एप पर भी अपलोड की गई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में देश के जांबाज नागरिकों, समाज में हो रहे सकारात्मक नवाचारों तथा सामान्य जन के छोट-छोटे प्रयासों से हो रहे बड़े परिवर्तनों की प्रेरक चर्चा की। उनके शब्दों में निहित सेवा, कर्तव्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव इस अवसर पर और भी अधिक भावनात्मक प्रतीत हुआ, जिसने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को आत्ममंथन और प्रेरणा का संदेश दिया। यह आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण बना कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभावनाओं से जुड़ा राष्ट्रीय संवाद है, जो सुख और दुख दोनों परिस्थितियों में समाज एवं संगठन को एक सूत्र में बांधने की सामर्थ्य रखता है।

# कांग्रेस द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस गौरवमयी आयोजन

### वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141 में स्थापना दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महिदपुर, झारडा गोगापुर एवं शहर कांग्रेस द्वारा संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया।

स्थानीय राजपूत धर्मशाला में विधानसभा स्तर के कार्यकताओं को आमंत्रित कर कांग्रेस जिला अध्यक्ष व विधायक महेश परमार एवं क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं व कार्यकताओं का जिलाध्यक्ष व विधायक द्वारा शाल एवं पुष्प माला से सम्मान अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश परमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का इतिहास गौरव पूर्ण रहा है। देश को आजाद करने से लेकर देश को विकास की राह पर आगे ले जाने में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसको इस देश की जनता कभी भूल नहीं सकती है। आज हम लोग गर्व महसूस करते हैं कि उस गौरवमयी इतिहास रखने वाले संगठन के सदस्य और कार्यकर्ता है।

क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सर्वहारा वर्ग की लड़ाई लड़ते हुए देश को आजाद करने से लेकर विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिसके लिए यह देश और उसकी जनता सदैव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रति कृतज्ञ रहेगी। हम अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं कि हमें ऐसा संगठन मिला है ।

कार्यक्रम को जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष चैन सिंह चौधरी, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव, जिला संगठन मंत्री राजेंद्र व्यास, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र मंडोरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षद्वय कैलाश बगाना, भारत शर्मा, कमलसिंह चौहान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग, कांग्रेस अजा विभाग के प्रदेश सचिव नागुलाल मालवीय, यूंका अध्यक्ष शैलेंद्र डोडिया आदि नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पूरी विधानसभा क्षेत्र से आए नेताओं व सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के पश्चात सभी कांग्रेस कार्यकताओं ने विधायक के साथ में स्नेह भोज किया। आभार विधानसभा यूंका उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह चौहान ने व्यक्त किया।

## अजाक्स संघ के पूरनलाल अहिरवार मकसुदनगढ़ तहसील अध्यक्ष मनोनीत

**गुना।** अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स की तहसील स्तरीय बैठक मकसूदननगढ़ में आयोजित की गई। जिसमें अजाक्स के तत्कालीन मुद्दों को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसमें पदोन्नति आरक्षण के प्रकरण एवं प्रांतीय अध्यक्ष माननीय संतोष वर्मा आई ए एस के प्रकरण पर चर्चा कर निर्णय लिया कि दिनांक 29 दिसंबर को संघ के समस्त पदाधिकारी सी एल लेकर विरोध दर्ज कराएंगे। 6 जनवरी को समस्त अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के अधिकारी कर्मचारी काली पट्टी बांधकर अपना शासकीय कार्य करेंगे वा पदोन्नति के लिए आर्थिक सहयोग करेंगे एवं 18 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में मकसूदानगढ़ तहसील से अधिक से अधिक संख्या में भोपाल अधिकारी कर्मचारी व ओबीसी सामाजिक कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होंगे। अंत में सर्वसम्मति से मकसूदन गढ़ तहसील का तहसील अध्यक्ष पूरनलाल अहिरवार को मनोनीत किया गया। पूरनलाल अहिरवार द्वारा सर्वसम्मति से तहसील कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें कार्यवाहक तहसील अध्यक्ष सौदान सिंह भिलाला, सचिव हल्कूराम अहिरवार, महासचिव रामभरोसा अहिरवार, सक्रिय सदस्य प्रेम सिंह, धर्म सिंह को सक्रिय सदस्य अमर सिंह कंम्मोदीलाल विक्रम सिंह अहिरवार को मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रमेश अहिरवार, उपाध्यक्ष संतोष अहिरवार, कोषाध्यक्ष अमरीश कुश्तवार, जिला महासचिव बसंत लाल अहिरवार, राघोगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष इंदर सिंह बौद्ध एवं हरिनारायण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मुखबीरी की शंका में मारा चाकू शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया

**शुजालपुर।** शहर स्थित बायपास मार्ग पर सिटी निवासी युवक ने प्रेमनगर कॉलोनी के 32 वर्षीय युवक पर मुखबीरी का आरोप लगाते हुए विवाद करते हुए चाकू मारा। पुलिस को फरियादी इरशाद पिता शफीक खां निवासी प्रेमनगर ने बताया कि वह जेठडा जोड से शुजालपुर की और आ रहा था जब वह फ्रीगंज बायपास पर रूका तो लालू उर्फ शकील खां निवासी मलकपुरा सिटी का मिला और बोला कि तुने मेरी मुखबीरी तिलवाद चौकी पर की है, जिस पर मैने मुखबीरी नहीं करने की बात कही। इस दरमियान लालू उर्फ शकील खां ने अपनी जेब में रखा चाकू निकालकर मारा, जिससे सिर में चोट आई। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए जांच में लिया।

### कड़ाके की ठंड, न्यूनतम तापमान छः डिग्रीः

# उत्तरी हवाओं के कारण शीतलहर से और बढ़ेगी ठंड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



सारंगपुर एवं अंचल के ग्रामीण क्षेत्रो में इन दिनों कड़ाके की ठंड की चपेट में है। उत्तरी हवाओं और शीतलहर के कारण शनिवार-रविवार रात का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया। जिसे इस सीजन की सबसे ठंडी रात माना गया। इससे एक दिन पहले शुक्रवार-शनिवार रात को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहा था। कडाके की सर्दी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में पेड-पौधों, खेतों की घास और वाहनों के कांचों पर कोहरे की परत जमी हुई दिखाई दी। सर्द हवाओं के कारण सुबह देर तक शहर की सडकों पर सन्नाटा पसरा रहा।

विशेषज्ञ बोले- अगले एक हफ्ते तक रहेगी कड़ाके की ठंड

ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव और हीटर का सहारा लेते दिखे, लेकिन ठिठुरन से खास राहत नहीं मिली। मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि अगले एक हफ्ते तक इसी तरह का मौसम बना रह सकता है। हालांकि, आने वाले दिनों में रात के न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढोतरी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। इस दौरान आर्द्रता 32 प्रतिशत रही, जबकि उत्तर-पूर्वी दिशा से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलती रहीं।

# राजगढ़ दवा स्टोर अग्निकांड में भारी नुकसान टला

### दवाइयों की सप्लाई रहेगी निर्बाध

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़



स्वास्थ्य विभाग के जिला दवा स्टोर में हुई आगजनी की घटना के बाद रविवार को जांच समिति ने राहत भरी रिपोर्ट पेश की है। मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने स्टोर का सूक्ष्म निरीक्षण किया। जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि अस्पतालों में दवाइयों की सप्लाई पर इस घटना का कोई असर नहीं पड़ेगा।

#### जांच समिति ने किया मौका मुआयना

सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा की अध्यक्षता में गठित इस समिति में डॉ. एलपी भकोरिया, डॉ. राजीव हरिओध, डॉ.अमित कोहली, डॉ.महेंद्रपाल सिंह सहित फार्मासिस्ट लोकेन्द्र शाक्यवार और दिनेश पारिक शामिल थे। टीम ने रविवार को स्टोर की एक-एक रैक और रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की। जांच का सकारात्मक पहलू यह है कि अधिकांश स्टॉक सुरक्षित है। स्टोर में मौजूद कुल 186 रैकों में से केवल कुछ ही रैक का समान आग की चपेट में आया था। विभाग का वर्तमान रिकॉर्ड और महत्वपूर्ण दस्तावेज पूरी तरह सुरक्षित हैं, जिससे ऑडिट और वितरण में कोई समस्या नहीं आएगी। अधिकांश दवाइयां और चिकित्सा उपकरण भी सुरक्षित पाए गए हैं। आगजनी के बावजूद जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में दवाइयों की सप्लाई की कोई बाधा नहीं आएगी। स्वास्थ विभाग प्रशासन ने अब प्राथमिकता के आधार पर स्टोर के प्रभावित हिस्से को दुरुस्त करने की योजना बनाई है। टीम की इस मुस्तैदी और सकारात्मक रिपोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग और आम जनता की चिंता को कम कर दिया है। अब जल्द ही स्टोर को फिर से सुचारू रूप से संचालित करने की कार्यवाही शुरू की जाएगी।




## नौ सूत्रीय मांगों को लेकर भोपाल में धरना प्रदर्शन में शामिल हुए शिक्षक

**सारंगपुर।** राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के तत्वाधान में अम्बेडकर पार्क भोपाल में 9 मांगो को लेकर आयोजित संघ के आंदोलन में सारंगपुर संगठन के शिक्षक एवं पदाधिकारी शामिल हुए। सारंगपुर से ब्लॉक अध्यक्ष हरिनारायण सेन ने बताया कि हमारे मांग है प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता बहाली, ई अटेंडेंस जैसी अव्यावहारिक व्यवस्था समाप्त किए जाने, पुरानी पेंशन बहाल किए जाने, अतिथि शिक्षकों को गुरुजियों की भांति नियमित किया जाए एवं अनुकम्पा नियुक्ति नियमों को शिथिल किए जाने सहित नौ सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर राजगढ़ से जिला अध्यक्ष सुरेश दांगी, सत्यनारायण बैरागी, योगेन्द्र मंडलोई, मुकेश विजयवर्गीय, श्याम वर्मा, साँगपुर से ब्लॉक अध्यक्ष हरिनारायण सेन के साथ संकुल अध्यक्ष नगर अध्यक्ष शामिल रहे।

## मध्यभारत खो खो टीम में सारंगपुर के एक खिलाड़ी का चयन




**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्तरीय खो खो 17 वर्ष बालक बालिका प्रतियोगिता जो बैंगलोर मे आगामी 31 दिसंबर से 4 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भाग लेगा। खो खो संघ राजगढ़ सचिव भारत भेरवे ने बताया कि खिलाडी अभिनव सिंह जादौन का चयन 44 वी जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता बैंगलोर मे आयोजित होंगी। मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, वरिष्ठ नेता भाजपा निर्मल जैन, मध्यभारत खो खो संघ सचिव नितिन कोठरी, जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला, जिला क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र परमार, जिला खेल अधिकारी शमीर्ला डावर ने बधाई दी। इस अवसर पर भारत भेरवे, लाल सिंह लोधा, नीलेश गोड़, रोबिन राजू, नमन गुप्ता, महिमा पाटीदार, अर्चना ठाकुर, प्रियांशु भेरवे, निखिल भैरवे, तोहिद खान, राहुल गौड़ आदि उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र सेनानी शंकरसिंह चंदेल को राजकीय सम्मान के साथ दी विदाई



**सारंगपुर।** क्षेत्र के ग्राम धनोरा निवासी लोकतंत्र सेनानी एवं मीसाबंदी रहे शंकर सिंह चंदेल का शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात निधन हो गया। शनिवार को उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. चंदेल ने देश की आजादी की लडाई में सक्रिय भागीदारी निभाई थी तथा आपातकाल के दौरान मीसाबंदी रहते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उनकी शव यात्रा ग्राम धनोरा में उनके निवास से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होती हुई मुक्तिधाम पहुंची। तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस दल द्वारा उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया तथा राष्ट्रगान के साथ सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस मौके पर राज्यमंत्री डा. गौतम टेटवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा, सरपंच तेजसिंह राजपूत, महेश पुष्पद, किशोर सिंह पाटीदार सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### राजगढ़ में चोरी व लूट की घटनाएं

## फरार आरोपियों पर 1,20,000 रु. का इनाम घोषित

**ब्यावरा।** थाना राजगढ़ क्षेत्र में 25.12.2025 की रात्रि को घटित चोरी, चोरी के प्रयास एवं लूट की गंभीर घटनाओं में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। पुलिस ने अपराध क्र. 808/2025 दुकान का ताला तोड़कर चोरी, अपराध क्र. 806/2025 दुकान का ताला तोड़कर चोरी करना अपराध क्र. 807/2025 दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास, अपराध क्र. 809/2025 मारपीट कर हवाई फायर करते हुए मोटरसाइकिल लूटने की घटना को अंजाम दिया। उपरोक्त सभी प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व में घोषित 10,000 रु प्रति प्रकरण के इनाम को निरस्त करते हुए, पुलिस अधीक्षक राजगढ़ की अनुशंसा पर पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) जोन अभय सिंह द्वारा इनाम राशि में वृद्धि की गई है। चारी के प्रकरणों में कुल 1,20,000 रु का इनाम घोषित, प्रति प्रकरण 30,000 रु. की राशि उस व्यक्ति को दी जाएगी, जिसकी सूचना से आरोपियों की गिरफ्तारी संभव होगी। सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गोपनीय रहेगा। इनाम का अंतिम निर्णय आईजी भोपाल (देहात) जोन द्वारा लिया जाएगा।

शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होता है। इसी को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो में बिना दवा के कोलेस्ट्रॉल कम करने के कुछ सुझाव दिए हैं, जिसके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

## कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए ये बड़े सुझाव

# सिर्फ एक महीने में दूर होगी कोलेस्ट्रॉल की समस्या



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और असंतुलित खान-पान के कारण हाई कोलेस्ट्रॉल एक साइलेंट किलर बन चुका है। विशेष रूप से LDL (बैड कोलेस्ट्रॉल) शरीर के लिए तब घातक हो जाता है जब यह ब्लड वेसेल्स यानी नसों के भीतर जमने लगता है। इससे नसों में रुकावट पैदा होती है और हार्ट अटैक व स्ट्रोक का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है।

मगर राहत की बात यह है कि इसे बिना दवाइयों के भी नियंत्रित किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर बताया है कि कैसे आप अपनी लाइफस्टाइल में छोटे बदलाव करके मात्र एक महीने के भीतर बैड कोलेस्ट्रॉल को 30% से 50% तक कम कर सकते हैं। कोलेस्ट्रॉल का सीधा संबंध हमारे भोजन और शारीरिक सक्रियता से है, जिसे सही दिशा देकर हम हृदय रोगों से सुरक्षित रह सकते हैं।

### रिफाइंड ऑयल को कहें अलविदा, हेल्दी फैट्स अपनाएं

पहला सुझाव रिफाइंड ऑयल का सेवन पूरी तरह बंद करना है। रिफाइंड तेल निर्माण प्रक्रिया के दौरान उच्च तापमान पर संसाधित होता है, जो नसों में सूजन और कोलेस्ट्रॉल बढ़ाता है। इसकी जगह आप कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल या ऑलिव ऑयल का उपयोग करें। ये 'कोल्ड प्रेस्ड' तेल प्राकृतिक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल (HDL) को बढ़ाने में मदद करते हैं।

### फाइबर और मेवों का सेवन करें

कोलेस्ट्रॉल घटाने के लिए हर दिन 2 चम्मच घुलनशील फाइबर जैसे ओट्स, इसबगोल की भूसी, फ्लैक्स सीड्स या चिया सीड्स का सेवन करें। ये फाइबर शरीर में 'स्पंज' की तरह काम करते हैं और बैड कोलेस्ट्रॉल को सोखकर बाहर निकाल देते हैं। इसके साथ ही, रोजाना 20-30 ग्राम बादाम और अखरोट खाएं। ये मेवे न केवल कोलेस्ट्रॉल कम करते हैं बल्कि शरीर की आंतरिक सूजन को भी घटाते हैं।

### रोज चलें 7 से 10 हजार कदम

सिर्फ डाइट ही नहीं, बल्कि फिजिकल एक्टिविटी भी कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए अनिवार्य है। हर दिन 7,000 से 10,000 कदम पैदल चलने का लक्ष्य रखें। पैदल चलने से शरीर का मेटाबॉलिज्म तेज होता है और जमा हुआ फैट ऊर्जा के रूप में जलने लगता है। यह सरल सा अभ्यास आपकी नसों में रक्त के प्रवाह को सुचारू बनाता है और हृदय की मांसपेशियों को मजबूती प्रदान करता है।

### सब्जियों का भरपूर सेवन और संतुलित आहार

भोजन की थाली में सब्जियों की मात्रा बढ़ाना कोलेस्ट्रॉल सुधारने का सबसे आसान तरीका है। अपने लंच और डिनर में एक बड़ा कटोरा उबली या कम तेल में पकी सब्जी जरूर शामिल करें। सब्जियां एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोस्टेरॉल से भरपूर होती हैं, जो कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को रोकती हैं। डॉ. सोलंकी का मानना है कि यदि आप इन पांचों सुझावों को एक महीने तक ईमानदारी से अपनाते हैं, तो आपकी कोलेस्ट्रॉल रिपोर्ट में चमत्कारी सुधार देखने को मिलेगा।

क्या आप भी सुबह उठने के बाद आलस महसूस करते हैं और शरीर में थकान रहती है? इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं जिनमें से एक बड़ा कारण है शरीर में पोषक तत्वों की कमी होना है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

# सुबह उठने पर शरीर में रहता है आलस और थकान? कहीं इन पोषक तत्वों की कमी तो नहीं



अक्सर हम सुबह उठने के बाद भी तरोताजा महसूस करने के बजाय भारीपन और थकान महसूस करते हैं। अगर पर्याप्त नींद लेने के बावजूद आप बिस्तर छोड़ने में असमर्थ महसूस करते हैं और दिन भर कॉफी या चाय के भरोसे रहते हैं, तो यह केवल सामान्य आलस नहीं है। मेडिकल विज्ञान के अनुसार, यह 'क्रॉनिक फटीग' का संकेत हो सकता है, जो अक्सर शरीर में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी के कारण होता है।

जब हमारे शरीर में ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया बाधित होती है, तो इसका सीधा असर हमारे 'मेटाबॉलिज्म' और 'नर्वस सिस्टम' पर पड़ता है। आधुनिक जीवनशैली में असंतुलित आहार और धूप की कमी इन कमियों को और बढ़ा देती है। विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में, जब शारीरिक सक्रियता कम होती है, ये कमियां अधिक उभर कर सामने आती हैं। आइए इस लेख में जानते हैं वे कौन-से प्रमुख पोषक तत्व हैं जिनकी कमी आपको सुबह-सुबह थकान का अनुभव कराती है और इन्हें प्राकृतिक रूप से कैसे ठीक किया जा सकता है।

### आयरन और विटामिन B12

सुबह की थकान का सबसे बड़ा कारण एनीमिया (आयरन की कमी) और विटामिन B12 की कमी हो सकती है। आयरन फेफड़ों से ऑक्सीजन को पूरे शरीर में पहुंचाने का काम करता है, जबकि B12 नसों को स्वस्थ रखता है। अगर इनकी कमी हो, तो मस्तिष्क और मांसपेशियों को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती, जिससे सुबह उठते ही शरीर में भारीपन और कमजोरी महसूस होती है। इसके लिए डाइट में पालक, अनार और डेयरी उत्पाद शामिल करें।

### विटामिन D

सर्दियों में धूप की कमी के कारण विटामिन D का स्तर गिर जाता है, जिसे 'मूड और एनर्जी विटामिन' भी कहा जाता है। इसकी कमी से हड्डियों में हल्का दर्द और मांसपेशियों में खिंचाव रहता है, जिससे नींद पूरी होने पर भी आप खुद को थका हुआ पाते हैं। विटामिन D की कमी को दूर करने के लिए सुबह की 15 मिनट की धूप और अंडे का पीला भाग या फोर्टिफाइड दूध का सेवन अत्यंत लाभकारी है।

### जीवनशैली में बदलाव है जरूरी

सुबह की थकान को दूर करने के लिए केवल पोषक तत्व ही नहीं, बल्कि एक सही दिनचर्या भी जरूरी है। रात को सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें और समय पर भोजन करें। अगर डाइट में सुधार के बाद भी दो सप्ताह से अधिक थकान बनी रहे, तो एक बार कम्प्लीट ब्लड काउंट और विटामिन प्रोफाइल टेस्ट जरूर करवाएं। ध्यान रखें आपका शरीर संकेतों के जरिए आपसे बात करता है; इन संकेतों को नजरअंदाज न करें।

### मैग्नीशियम और हाइड्रेशन का महत्व

मैग्नीशियम शरीर में 300 से अधिक रासायनिक प्रतिक्रियाओं के लिए जिम्मेदार है, जिनमें ऊर्जा का निर्माण प्रमुख है। इसकी कमी से रात में मांसपेशियों में ऐंठन हो सकती है, जो नींद की गुणवत्ता बिगाड़ देती है। इसके अलावा रात भर पानी न पीने से सुबह शरीर 'माइल्ड डिहाइड्रेशन' की स्थिति में होता है। सुबह उठते ही एक गिलास गुनगुना पानी पीना रक्त संचार को सक्रिय करता है और रात भर की सुस्ती को तुरंत दूर भगाता है।

# Sport

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने बताया है कि विराट कोहली विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली टीम के लिए एक और मैच खेलेंगे।

## दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में एक और मैच खेलेंगे कोहली



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली विजय हजारे ट्रॉफी में एक और मैच खेलेंगे। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने सोमवार को बताया कि कोहली रेलवे के खिलाफ छह जनवरी को होने वाले मैच में दिल्ली के लिए खेलेंगे। मालूम हो कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैचों में भाग लेना अनिवार्य किया था।

### शानदार लय में हैं कोहली

कोहली विजय हजारे ट्रॉफी के दो मैचों में हिस्सा ले चुके हैं, लेकिन वह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले दिल्ली के लिए तीसरा मैच भी खेलना चाहते हैं। डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के साथ बातचीत में कहा, 'फिलहाल वह खेल रहे हैं। विराट ने तीन मैचों के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है।' कोहली दिल्ली के लिए शुरूआती दो मैचों में शानदार लय में थे। उन्होंने क्रमशः 131 और 77 रन बनाए।

### 11 जनवरी से होगी वनडे सीरीज

कोहली ने इस दौरान लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 16,000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड भी कायम किया। कोहली ने 330वीं पारी में इस मुकाम को हासिल कर दिग्गज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया था। तेंदुलकर ने 391 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि न्यूजीलैंड सीरीज के लिए भारतीय वनडे टीम आठ जनवरी तक वडोदरा में पहुंचेगी, लेकिन कोहली अभ्यास के लिए एक दिन पहले यहां पहुंच सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज 11 जनवरी को इसी मैदान पर शुरू होगी। इसके लिए फिलहाल टीम घोषित नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि जनवरी के पहले सप्ताह में भारतीय टीम का एलान हो सकता है। कोहली इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में खेले थे।

## इंदौर वनडे में छात्रों और दिव्यांग प्रशंसकों के लिए होगी विशेष टिकट, एमपीसीए ने बनाई खास योजना

**इंदौर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 18 जनवरी को इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा। मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) ने बताया कि इस मैच के टिकट ऑनलाइन मिलेंगे। सीरीज का आखिरी मैच क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक विशेष अवसर होने वाला है क्योंकि एमपीसीए ने छात्रों और दिव्यांग दर्शकों के लिए विशेष टिकट व्यवस्था की है।

### कम कीमत पर मिलेगी टिकटें

भारतीय पुरुष टीम की 2026 में यह पहली सीरीज होगी और इसका अंतिम मैच इंदौर में खेला जाएगा। सीरीज के शुरूआती दो मैच वडोदरा और राजकोट में खेले जाएंगे और फिर होलकर स्टेडियम तीसरे मैच की मेजबानी करेगा। एमपीसीए ने इस मैच के लिए व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट अनुभाग और कोटा निर्धारित किए हैं, विशेष रूप से युवा प्रशंसकों और दिव्यांग दर्शकों के लिए। अपनी पुरानी परंपरा को जारी रखते हुए एमपीसीए ईस्ट स्टैंड (निचली और दूसरी मंजिल) में छात्रों के लिए रियायती टिकट उपलब्ध कराएगा। प्रत्येक छात्र केवल एक टिकट खरीद सकेगा, जिसकी कीमत ईस्ट स्टैंड (निचली मंजिल) के लिए 750 रुपये और ईस्ट स्टैंड (दूसरी मंजिल) के लिए 950 रुपये है। यह व्यवस्था सीमित टिकटों के लिए रहेगी।

## भूटान के सोनम येशे ने बनाया टी20 का विश्व रिकॉर्ड, एक मैच में 8 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी बने



**नई दिल्ली।** भूटान के बाएं हाथ के स्पिनर सोनम येशे ने पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। वह एक ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आठ विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। यह ऐतिहासिक उपलब्धि उन्होंने 26 दिसंबर को गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी (भूटान) में म्यांमार के खिलाफ खेले गए तीसरे टी20 मैच में हासिल की।

22 वर्षीय सोनम येशे ने चार ओवर में महज सात रन देकर आठ विकेट झटके और म्यांमार की पूरी टीम को 45 रन पर समेट दिया। इससे पहले भूटान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 127 रन बनाए थे। भूटान क्रिकेट ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर लिखा, 'युगों तक याद रखी जाने वाली गेंदबाजी! सोनम येशे का 4 ओवर में 8/7 का अविश्वसनीय स्पेल विश्व रिकॉर्ड बन गया।'

इससे पहले किसी भी टी20 मैच चाहे वह अंतरराष्ट्रीय हो या घरेलू में किसी गेंदबाज ने आठ विकेट नहीं लिए थे। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इससे पहले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड मलयेशिया के सैयाजरुल इद्रुस के नाम था, जिन्होंने 2023 में चीन के खिलाफ आठ रन देकर सात विकेट लिए थे। इसके अलावा, बहरीन के अली दाऊद ने इसी साल भूटान के खिलाफ 19 रन देकर सात विकेट (7/19) लिए थे और वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में सात विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं।

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**हेल्पर लडको की आवश्यकता**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर लडको की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार
संपर्क 9827820470

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280



## न्यूज कॉलम

### द्वारकापुरी में युवक को मारे चाकू नशा करने के लिए मांगे थे रुपए

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। दो बदमाशों ने नशा करने के लिए पैसे के लिए एक युवक को रोका और उससे रुपए मांगे। युवक ने इंकार किया तो आरोपियों ने दौड़ाते हुए उसे चाकू मार दिए। युवक रास्ते में गिर गया जिसके बाद उसे पड़ोसी ऑटो ड्रायवर ने देखा तो अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां आईसीयू में युवक का उपचार चल रहा है।

द्वारकापुरी पुलिस ने रविवार रात चेतन पुत्र जयदेव कतोरे के बयान के आधार पर शिवम पुत्र रामगोपाल मौर्य निवासी 60 फीट रोड और हर्ष उर्फ भय्यू पुत्र लोकेन्द्र भंवर के खिलाफ अवैध वसूली और चाकूबाजी के मामले में एफआईआर की है। चेतन का एमवाय के आईसीयू में उपचार चल रहा है।

### विलुप्त प्रजातियों को बचाने के लिए वन विभाग तैयार करेगा विशेष कोर्स

**इंदौर।** विलुप्त प्राय औषधीय व देशी पौधों के संरक्षण को लेकर इंदौर में शुरू हुआ मॉडल अब पौधारोपण तक सीमित नहीं रहा। यह शहरी व्यवस्था, शिक्षा प्रणाली और नीति-निर्माण तक प्रभाव डालने लगा है। इसके तहत स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों और सरकारी परिसरों में आरईटी प्रजातियों का पौधारोपण किया गया। इसका सबसे बड़ा उदाहरण होलकर साइंस कॉलेज में देखने को मिला, जहां पांच हजार आरईटी पौधों का डेमो प्लांटेशन विकसित किया गया। सकारात्मक परिणाम सामने आने के बाद देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय-वन विभाग के बीच एमओयू साइन किया जाना है। इसके तहत छात्रों के लिए 15 घंटे का विशेष अकादमिक कोर्स विभाग तैयार करेगा, जिसमें छात्रों को बताया जाएगा कि किस तरह से खत्म हो रही प्रजातियों का संरक्षण किया जा सकता है।

### कपड़ा कारखाने से पकड़े पश्चिम बंगाल के कारीगर, बांग्लादेशी होने का आरोप

**इंदौर।** इंदौर के कमला नेहरू नगर में एसआईआर सर्वे के दौरान बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने एक कारखाने में काम करने वाले पश्चिम बंगाल के कारीगरों को पकड़ा है। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने इन पर बांग्लादेशी होने का आरोप लगाया है। कार्यकर्ताओं द्वारा सभी को थाने लेकर लाया गया। बीजेपी के चंदन सिंह ने बताया कि पुलिस और प्रशासन की बिना जानकारी के वह यहां रह रहे थे। उन्होंने इन सभी के डॉक्यूमेंट चेक करते हुए कार्रवाई करने की बात कही है। मल्हारगंज थाने में रानी लक्ष्मीबाई मंडल के अध्यक्ष चंदन सिंह बैस अपने कार्यकर्ताओं के साथ कमला नेहरू नगर से करीब 17 बांग्लादेशी मुस्लिमों को लेकर पहुंचे थे। उनका आरोप था कि ये सभी कारखाने में अवैध तरीके से रह रहे हैं। उनके वोटर आईडी कार्ड और आधार कार्ड फर्जी हैं। इसके बाद पुलिस ने उन्हें जांच के लिए थाने में बैठा लिया।

मंडल अध्यक्ष चंदन सिंह बैस का कहना था कि करीब 17 बांग्लादेशी मुस्लिमों में से 4 के आधार कार्ड के ओटीपी ही आए हैं। बाकी के अपडेट भी नहीं हैं। मोबाइल नंबर भी नहीं बदले गए। वह नंबर बंद हो चुके हैं। वहीं उन्होंने बताया कि यहां करीब 5 साल से ये लोग रहकर काम कर रहे हैं। ठेकेदार ने भी इनकी जानकारी थाने पर नहीं दी है।

### बदमाशों से करीब 68 लाख के सोना-चांदी के जेवरात जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के तेजाजी नगर पुलिस ने 3 बदमाशों को पकड़ा है। बदमाशों से करीब 450 ग्राम सोना और ढाई किलो चांदी जब्त की है। आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया गया था। इसके बाद उनकी निशानदेही पर यह जब्ती हुई है। सोमवार को डीसीपी कृष्ण लाल चंदानी ने बताया कि तेजाजी नगर पुलिस ने आकेश पिता अर्जुन बघेल निवासी अलीराजपुर, पंकज पिता भाग निवासी टांडा और शेरू पुत्र हरू वसुनिया निवासी टांडा को पकड़ा था। जब्त सोना और चांदी की कीमत 68 लाख से ज्यादा है।

**डकैती-लूट की वारदातों में थे शामिल:** पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपियों ने बड़गौदा, पीथमपुर के धार में भी वारदातें की हैं। आरोपियों ने तेजाजी नगर और राजेंद्र नगर के साथ अन्य थानों में भी वारदात की थी। जिसमें चोरी ओर लूट का माल उनसे जब्त किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को लेकर करीब 3 माह से लगातार नजर रखी जा रही थी। जिसमें उनकी घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा गया। आकेश के पास से एक देशी कट्टा और 8 जिंदा कारतूस मिले हैं।

**पकड़ाए बदमाशों पर कई अपराध दर्ज:** आकेश पर लूट और डकैती जैसे करीब 7 अपराध कई थानों में दर्ज हैं। वहीं, शेरू पर 6 अपराध दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। आरोपी पकंज को लेकर पुलिस जानकारी निकाल रही है।

बाणगंगा में हुई डकैती कांड के आरोपी सोमला गैंग से भी आरोपियों का संपर्क रह चुका है। तेजाजी नगर पुलिस आकेश पर दो बार पहले भी कार्रवाई कर चुकी है।

### इंदौर शहर की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**इंदौर।** इंदौर शहर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को विजय नगर जोन कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मास्टर प्लान सड़क और मेट्रो का काम एक साथ चलने से परेशानी बढ़ गई है। शहर में गंदा और ड्रैनेज का पानी लोगों के घरों में आ रहा है। पूरा शहर खोद दिया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नगर निगम की अनदेखी के कारण बुनियादी सुविधाएं चरमरा गई हैं। शहर भर में अव्यवस्था का माहौल है। दरअसल, अभी अलग-अलग प्रोजेक्ट के निर्माणाधीन होने से शहर में ट्रैफिक के साथ अन्य समस्याएं भी बढ़ गई है। कई क्षेत्रों की सड़कें बदहाल है। लोगों को निकलने में परेशानी हो रही है।

### करंट से झुलसे मैकेनिक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**इंदौर।** इंदौर के खुडैल इलाके में रहने वाला एक मैकेनिक शोरूम के चेजिंग रूम में कपड़े बदलने के दौरान शॉर्ट सर्किट से जल गया। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। खुडैल पुलिस के मुताबिक राहुल(22) पुत्र सुनिल कुमावत निवासी विराट नगर की मौत के मामले में मर्ग कायम किया है। राहुल बजाज के शोरूम पर देवगुराड़िया में मैकेनिक के पद पर काम करता था। 22 दिसंबर की शाम वह चेंजिंग रूम में कपड़े बदलने गया था। इस दौरान वहां शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई, राहुल इस दौरान जल गया। बाद में शोरूम के अन्य कर्मचारियों ने उसे बाहर निकाला ओर अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई।

# 3 पोकलेन-4 जेसीबी लेकर पहुंचा निगम का अमला

## 40 बाधक मकानों एवं दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई, निगम पहले ही कर चुका था मार्किंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम की टीम ने सोमवार को रिमूवल की कार्रवाई की। बीजलपुर से ट्रेजर टाउन होते हुए क्रिस्टल अपार्टमेंट तक सड़क बनाने में बाधक मकानों-दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम का अमला दलबल के साथ यहां पहुंचा और कार्रवाई की।

कार्रवाई के पहले ही नगर निगम की टीम ने मार्किंग करने के साथ ही मुनादी भी कर दी थी, जिसके चलते कई लोगों ने पहले ही अपने निर्माण को मार्किंग तक तोड़ लिया था। आज नगर निगम का अमला पहुंचा और जेसीबी और पोकलेन मशीनों से बाधक मकान-दुकानों को हटाया। हालांकि इस दौरान कोई विवाद की स्थिति नहीं बनी।



### पहले ही दे दी थी सूचना

नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने बताया कि मास्टर प्लान की ये रोड़ है, ये करीब डेढ़ किमी की रोड़ है। इसमें कुछ अतिक्रमण है कुछ कॉमर्शियल दुकानें हैं, कुछ मकान हैं। पहले ही यहां अनाउंसमेंट चल रहा था। मार्किंग भी कर दी गई थी।

कुछ लोगों ने खुद से ही हटा दिया था, कुछ बचा था उसे हटाने की कार्रवाई की गई है। इसके बाद रोड़ को बनाने का काम शुरू किया जाएगा। निगमायुक्त ने कहा कि मास्टर प्लान की रोड़ हमारी प्रायोरिटी है।

बताया जा रहा है कि बचे हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए कुछ दिन का समय दिया गया है, जिसके बाद यहां पर फिर से कार्रवाई की जाएगी।

### 150 लोग 3 पोकलेन 4 जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे

बाधक मकानों-दुकानों को हटाने के लिए नगर निगम के 150 लोगों की टीम, 3 पोकलेन मशीन, 4 जेसीबी मशीन के साथ ही 50 पुलिसकर्मी सहित नगर निगम के आला अधिकारी भी यहां पहुंचे। इसके बाद कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के चलते टीम ने दोनों तरफ से रास्ता भी बंद कर दिया था। इधर, कोई विवाद की स्थिति ना बने इसलिए पुलिस बल भी तैनात रहा।



# दो कार भिड़ीं, एक की मौत, 7 लोग गंभीर घायल

## ड्राइवर को झपकी लगने से हुआ हादसा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के उमरीखेड़ा में सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां दो कारें आपस में टकरा गईं। हादसे में एक की मौत हो गई और मुंबई के दंपती सहित 7 लोग गंभीर रूप से घायल हैं सभी को एमवायएच भेजा गया है।

तेजाजी नगर टीआई देवेन्द्र मरकाम के मुताबिक, उज्जैन से ओंकारेश्वर जा रही कार और सनावद से इंदौर आ रही कार में टक्कर हो गई। हादसे में मुंबई निवासी निखिल कोठारी, उनकी पत्नी सलोनी, अमन पुत्र, रशीद खान निवासी उज्जैन, ओमप्रकाश पुत्र आलोक चंद निवासी सनावद, चेतराम पुत्र बारेलाल निवासी सनावद, अरबाज निवासी सनावद और पवन निवासी सरसर घायल हैं। वहीं भैयालाल (45 वर्ष) पुत्र लक्ष्मलाल निवासी सनावद की अस्पताल में मौत हो गई।

### मरीज को लेकर आ रहे थे इंदौर

सनावद से इंदौर आ रही कार में एक मरीज था। उसे इलाज के लिए इंदौर लाया जा रहा था। वहीं दूसरी कार उज्जैन से ओंकारेश्वर जा रही थी। यहां उज्जैन की कार के ड्राइवर को झपकी लग गई। वह सामने से आ रही कार से जा टकराया। सूचना के बाद तेजाजी नगर पुलिस मौके पर पहुंची।

परिवार के लोगों ने बताया कि इंदौर आ रही कार में ओमप्रकाश, चेतराम और मरीज भैयालाल सवार थे। भैयालाल को इंदौर इलाज के लिए लाया जा रहा था। हादसे में भैयालाल की मौत हो गई है। वहीं ओमप्रकाश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चेतराम और भैयालाल आपस में रिश्तेदार हैं।

# दुकान से घर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के गांधी नगर में रहने वाले एक युवक की रविवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई। रात को वह दुकान से घर लौट रहा था। उसकी बाइक को सामने से आ रही अन्य वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन रात 3 बजे उसने दम तोड़ दिया।

गांधी नगर पुलिस के अनुसार, जम्मूडी ग्राम के पास राजकुमार (25) पुत्र सुरेश चौधरी को बाइक से घर आते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी। वहां से गुजर रहे राहगीर ने उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया।

राजकुमार के परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह कपड़ा मार्केट में काम करता था। रात करीब 10 बजे वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी हादसे का शिकार हो गया। शुरूआत में वह होश में था और मोबाइल से पिता सुरेश चौधरी को कॉल कर बताया कि सामने से एक वाहन ने टक्कर मार दी और वह डिवाइडर में जा घुसा। इसके बाद उससे संपर्क नहीं हो पाया।

### समय पर इलाज नहीं मिलने पर मौत

बताया जाता है कि रात में काफी देर तक राजकुमार सड़क पर घायल पड़ा रहा। 108 एंबुलेंस को कॉल किया गया, लेकिन 20 मिनट में आने की बात कही गई। इसके बाद राहगीरों ने ही उसे अस्पताल पहुंचाया।

परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंचे थे, तब तक वह बेसुध था। राजकुमार की शादी हो चुकी थी, लेकिन वह अपनी पत्नी से अलग रह रहा था। परिवार में उसका बड़ा भाई और पिता हैं, पिता लोडिंग ऑटो चलाते हैं।

पुलिस अब टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जांच कर रही है।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
पाटन वाले गुरुजी
मैं करुंगा समाधान
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com